

04:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 091 | epaper.rashtriyakhabar.com | चैत्र, शुक्लपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

विनयं राजपुत्रेभ्यः पण्डितेभ्यः सुभाषितम्।

अनृतं द्यूतकारेभ्यः स्त्रीभ्यः शिक्षेत कैतवम्॥

भावार्थ : व्यक्ति सभी स्थानों से कुछ न कुछ सीख सकता है। उसे राजपुत्रों से नम्रता और सुशीलता, विद्वानों से प्रिय वचन बोलना, जुआरियों से मिथ्या भाषण अर्थात् सही स्थिति का पता न लगने देना और स्त्रियों से छल करना सीखना चाहिए।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 33.00 °c | 21.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .05 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .38 बजे

## रूस के कमचत्स्की में 6.9 तीव्रता का भूकंप

**मास्को:** रूस के सुदूर पूर्व में अवाचा खाड़ी में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। इस हादसे में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की अब तक कोई खबर नहीं है। यह जानकारी सोमवार को रूसी एकेडमी ऑफ साइंसेज की भूभौतिकीय सेवा ने दी। भूभौतिकीय सेवा के अनुसार, रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कमचत्स्की से 48 किलोमीटर की दूरी पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। जिसके बाद आज सुबह भूकंप इस तीव्रता को बढ़ाकर 6.9 बताया गया। भूकंप का केंद्र अवाचा खाड़ी में 99.5 किलोमीटर की गहराई में था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भूकंप के कारण पेट्रोपावलोव्स्क-कमचत्स्की में दीवारें और खिड़कियां हिलने लगी थीं। स्थानीय आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक अज्ञात विमान को रोका

**तेल अवीव:** इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोमवार को कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी के ऊपर एक अज्ञात विमान को रोका। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, कुछ समय पहले आईडीएफ एक लड़ाकू विमान ने गाजा पट्टी पर एक अज्ञात विमान को रोका। विमान को अवरोधन तक संयुक्त राज्य वायु यातायात नियंत्रण की एक इकाई द्वारा देखा और निगरानी की गई। बयान के अनुसार विमान ने न तो इजरायल के हवाई क्षेत्र पर आक्रमण किया और न ही किसी भी स्तर पर हमारे नागरिकों के लिए खतरा पैदा किया। इससे पहले आईडीएफ ने रविवार को कहा कि उसकी वायु सेना ने एक अज्ञात विमान को मार गिराया, जो कथित तौर पर सीरिया से इजरायली हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। सीरिया में युद्धरत दलों के सुलह के लिए रूसी केंद्र के उप प्रमुख रियर एडमिरल ओलेग गुरिनोव ने रविवार को कहा कि दो इजरायली एफ -15 लड़ाकू विमानों ने भूमध्य सागर से सीरिया के होम्स प्रांत में संस्थाओं पर हवाई हमला किया, जिसमें चार सैनिक घायल हो गए।

## श्रीलंका में पर्यटन लक्ष्य में बढ़ोत्तरी

**कोलंबो:** श्रीलंका के पर्यटन उद्योग ने 2023 में 20 लाख पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जबकि 2022 में यह लक्ष्य 15 लाख था। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण (एसएलटीडीए) के अध्यक्ष प्रियांता फर्नांडो ने मीडिया से कहा कि एसएलटीडीए ने इस वर्ष की पहली तिमाही में सकारात्मक रुझान को ध्यान में रखते हुए अपने लक्ष्य में संशोधन किया है। श्री फर्नांडो ने कहा कि श्रीलंका पहले ही मार्च 2023 के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है और महीने के पहले 28 दिनों में देश में 1,12,000 से ज्यादा पर्यटक पहुंचे। 2019 के बाद यह पहली बार है जब श्रीलंका ने लगातार तीन महीनों तक 1,00,000 से ज्यादा पर्यटक आए हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका ने इस वर्ष अब तक 3,23,000 से ज्यादा पर्यटकों आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि चीन से हवाई उड़ानों में बढ़ोत्तरी के कारण देश में चीनी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है और वह इजरायल से सीधी उड़ान शुरू करने पर भी विचार कर रहा है। श्रीलंका में पर्यटन विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का प्रमुख माध्यम है लेकिन कोविड-19 महामारी और आर्थिक एवं राजनीतिक संकट के कारण इस क्षेत्र को झटका लगा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**निर्देश** सीबीआई को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में ढील देने की जरूरत नहीं

# इस मुद्दे पर पूर्ण राजनीतिक इच्छाशक्ति है : नरेंद्र मोदी

- विज्ञान भवन में संस्था का हीरक जयंती समारोह
- अब जांच का दायरा पहले से बहुत बढ़ चुका है
- पूर्व की राजनीतिक व्यवस्था की फिर आलोचना की

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लोकतंत्र एवं न्याय का शत्रु तथा गरीबी एवं अपराध का मूल बताते हुए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आज साफ निर्देश दिया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में पूर्ण राजनीतिक इच्छाशक्ति है और सीबीआई को अपने काम में जरा भी हिचकने या ढील देने की जरूरत नहीं है। श्री मोदी ने आज यहां विज्ञान भवन में सीबीआई के हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। समारोह में प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्मिक, प्रशिक्षण एवं जनशिकायत राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल एवं कैबिनेट सचिव राजीव गौबा भी उपस्थित थे। इस मौके पर सीबीआई के मामलों से जुड़े उच्चतम न्यायालय का संग्रह भी जारी किया गया। श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश की प्रीमियम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के रूप में 60 वर्ष का सफर सीबीआई ने पूरा किया है। ये छह दशक निश्चित रूप से अनेक उपलब्धियों के रहे हैं। सीबीआई ने अपने काम से, अपने कौशल से सामान्यजन को एक विश्वास दिया है। उन्होंने कहा, ''आज भी जब किसी को लगता है कि कोई केस असाध्य है तो आवाज उठती है

» पेज 2 भी देखें

### जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलता

उन्होंने कहा, ''जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। भ्रष्टाचार प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है और यहीं से भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बल मिलता है। जब भाई-भतीजावाद और परिवारवाद बढ़ता है, तो समाज का, राष्ट्र का सामर्थ्य कम होता है। जब राष्ट्र का सामर्थ्य कम होता है तो विकास प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि साल 2014 के बाद हमारा पहला दायित्व, व्यवस्था में भरोसे को फिर कायम करने का रहा। इसलिए हमने काले धन को लेकर, बेनामी संपत्ति को लेकर मिशन मोड पर एक्शन शुरु किया। उन्होंने कहा, आज हम इंटरनेट बैंकिंग की बात करते हैं, यूपीआई से रिकॉर्ड ट्रांजेक्शन की बात करते हैं। लेकिन हमने 2014 से पहले बैंकिंग वाला दौर भी देखा है। ये वह दौर था, जब दिल्ली में प्रभावशाली राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के फोन पर हजारों करोड़ रुपए के लोन मिला करते थे। जिसने हमारी अर्थव्यवस्था के आधार हमारे बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया था।

राहुल गांधी का अगली सुनवाई में मौजूद रहना जरूरी नहीं है

# राहुल गांधी को जमानत मिली अगली सुनवाई 13 को



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** सूरत के सेशंस कोर्ट ने राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने जमानत दे दी है। अब 13 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। राहुल गांधी का अगली सुनवाई में मौजूद रहना जरूरी नहीं है। सूरत की अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में प्रतिवादियों से 10 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। राहुल गांधी भी सुनवाई के लिए सूरत कोर्ट पहुंचे थे। राहुल गांधी के साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी सूरत पहुंची। साथ ही कांग्रेस शासित तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी गुजरात पहुंचे। सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की कोर्ट ने मोदी सरनेम को लेकर राहुल गांधी की ओर से की गई एक टिप्पणी के संबंध में दायर आपराधिक मानहानि के मुकदमे में उन्हें 23 मार्च को दोषी करार देते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी। सूरत की अदालत की ओर से दोषी ठहराए जाने के बाद, लोकसभा सचिवालय ने 24 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया था। जिसके बाद यह राजनीतिक मुद्दा बन गया है। दरअसल राहुल की सदस्यता का आनन फानन में खारिज होना ही विपक्ष में नई एकता की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। इस बदलाव से जाहिर तौर पर भाजपा अब परेशानी में है।

एम के स्टालिन के बुलावे पर एक साथ बैठेंगे तमाम विरोधी दल के नेता

# दिल्ली में एक छत के नीचे होगी भाजपा विरोधी बैठक

- पहले के प्रयास सफल नहीं हो पाये थे
- राहुल प्रकरण के बाद बदली राजनीति
- बैठक कितना सफल होगा, यह तय नहीं

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के आमंत्रण पर दिल्ली में विरोधी दलों की बैठक में लगभग सभी ने भाग लेने पर सहमति जतायी है। इससे पहले भी कई प्रयास हुए थे लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पायी थी। अचानक से राहुल गांधी प्रकरण के बाद विपक्षी राजनीति में जो उबाल आया है, इसमें स्टालिन द्वारा बुलायी गयी बैठक पर सभी की नजर है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएसके प्रमुख एमके स्टालिन के निमंत्रण पर, तृणमूल प्रतिनिधि के भी कांग्रेस के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने की उम्मीद है। आप और बीआरएस के प्रतिनिधियों के भी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी सोमवार को गुजरात के सूरत के सेशन कोर्ट में अर्जी देने वाले हैं। गौरतलब है कि बैठक में तृणमूल के प्रतिनिधि भी मौजूद रहने वाले हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि वे स्टालिन के निमंत्रण पर इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा तृणमूल नेता ममता बनर्जी भी अपना प्रतिनिधि भेज सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक डेरेक ओ ब्रायन तृणमूल का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप भी बैठक में प्रतिनिधि भेज सकती है। उनकी तरफ से सांसद संजय सिंह बैठक में शामिल हो सकते हैं। केशव राव तेलंगाना के के चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस के लिए हो सकते हैं। हाल के दिनों में सोमवार के कार्यक्रम को राष्ट्रीय राजनीति में डीएमके की दूसरी कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले स्टालिन के 70वें जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला चेन्नई गए थे। इस बार स्टालिन द्वारा बुलाई गई बैठक में विपक्ष के और नेताओं के मौजूद रहने की उम्मीद है। सांसद पद से राहुल को हटाये जाने के बाद के घटनाक्रमों ने विपक्ष को एकजुट करने में मदद की है। तृणमूल, आप जैसी पार्टियों ने

» पेज 2 भी देखें

नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री फर्जी निकली तो उनकी सदस्यता भी जाएगी

# आप नेता संजय सिंह ने फिर से इस पर सवाल किया

- चुनाव आयोग की गलत देने में सजा का प्रावधान
- प्रमाणित हुआ तो अयोग्य भी घोषित हो जाएंगे
- प्रमाणपत्र में शब्द ही गलत छपे हैं जो जाली ही है

राष्ट्रीय खबर




**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्रियों की सत्यता पर सवाल उठाया और दावा किया कि अगर जांच की जाती है तो वे फर्जी निकलेंगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने इस मुद्दे पर एक नया हमला किया है क्योंकि गुजरात उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के सात साल पुराने आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें गुजरात विश्वविद्यालय को मोदी की डिग्री के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए कहा गया था। केजरीवाल को और आप प्रमुख पर 25,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। आप ने 2016 में भी इस मुद्दे को उठाया था और तत्कालीन भाजपा प्रमुख अमित शाह और तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अपने आरोपों को खारिज करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी की डिग्रियां प्रदर्शित की थीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र को बदनाम करने की कोशिश के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री से माफी की मांग की थी। रविवार को आप के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह ने प्रधानमंत्री से देश के सामने सच्चाई को सामने लाने के लिए कहा, अगर उनकी डिग्री नकली निकली, तो वह अपनी लोकसभा सदस्यता खो देंगे और चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य हो जाएंगे। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री की डिग्री का मामला सामने आने के बाद से पूरी भाजपा परेशान है। भाजपा के सभी मंत्री और प्रवक्ता यह साबित करने में लगे हैं कि प्रधानमंत्री की डिग्री फर्जी नहीं है।

हालांकि, भाजपा ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल प्रधान मंत्री मोदी पर हमला कर रहे हैं क्योंकि जाँच एजेंसियाँ दिल्ली आबकारी नीति घोटाले सहित आप सरकार के भ्रष्टाचार के सबूत का पता लगा रही हैं। श्री सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, चुनाव लड़ने वाले

» पेज 2 भी देखें

### संसद के दोनों सदनों का पुराना जैसा ही हाल

**नयी दिल्ली:** लोकसभा में सोमवार को भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हुआ और पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल को सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पीठासीन अधिकारी ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, काले कपड़े पहने कांग्रेस तथा द्रमुक के सदस्य सदन के बीचों बीच आकर नारेबाजी करने लगे। तृणमूल कांग्रेस के सांसद काले रंग का मास्क पहनकर सदन में आए थे। पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच जरूरी कागजात पटल पर रखवाये। उन्होंने जैसे ही नियम 377 के तहत सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्षी सदस्यों का हंगामा तेज हो गया। हंगामा बढ़ने लगा तो श्री अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन समवेत होते ही 17वीं लोकसभा के सदस्य गिरीश चन्द्र बापट के निधन की सूचना देते हुए सदन को बताया कि श्री बापट पुणे से वर्तमान लोकसभा के सदस्य थे। उनका 29 मार्च को निधन हुआ। उन्होंने पूर्व सदस्य इनोसेंट के निधन की भी सदन को सूचना दी। सदन में दोनों सदस्यों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी और उसके बाद सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी। उधर अदानी मामले को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित कर दी गई।

**अनुसंधान** ज्यूरिख विश्वविद्यालय के शोध दल ने कर दिखाया कमाल

# खून के सुगर से पैदा होगी बिजली

- अतिरिक्त शर्करा को सोखता जाता है
- टी बैग के जैसा दिखता है यह सेल
- चूहों पर इसका परीक्षण सफल हुआ है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** हम सभी इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि टाइप 1 मधुमेह में शरीर इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है। इसका मतलब यह है कि रोगियों को अपने रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए बाहरी रूप से हार्मोन प्राप्त करना पड़ता है। आजकल, यह ज्यादातर इंसुलिन पंपों के माध्यम से किया जाता है जो सीधे शरीर से जुड़े होते हैं। इन उपकरणों के साथ-साथ पेसमेकर जैसे अन्य चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए एक विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति की आवश्यकता होती है, जो वर्तमान में मुख्य रूप से एकल-उपयोग या रिचार्जेबल बैटरी से बिजली द्वारा पूरी की जाती है।

अब, बेसल में ईटीएच ज्यूरिख में बायोसिस्टम्स साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के मार्टिन फुसेनेगर के नेतृत्व में शोधकताओं की एक टीम ने एक प्रत्यारोपण योग्य ईंधन सेल विकसित किया है जो विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए ऊतक से अतिरिक्त रक्त शर्करा (ग्लूकोज) का उपयोग करता है। शोधकताओं ने कई साल पहले उनके समूह द्वारा विकसित कृत्रिम बीटा कोशिकाओं के साथ ईंधन सेल को जोड़ा है। ये एक बटन के स्पर्श में इंसुलिन का उत्पादन करते हैं और अग्न्याशय में उनके प्राकृतिक रोल मॉडल की तरह प्रभावी रूप से रक्त शर्करा के स्तर को कम करते हैं। वह कहते हैं कि बहुत से लोग, विशेष रूप से पश्चिमी औद्योगिक देशों में, रोजमर्रा की जिंदगी में जरूरत से ज्यादा कार्बोहाइड्रेट का सेवन करते हैं। इससे स्वास्थ्य मोटापा, मधुमेह और

» पेज 2 भी देखें

अमृतपाल के सहयोगियों को यहां के जेल में लाये जाने के बाद

# खालिस्तानी संगठन ने दी असम के मुख्यमंत्री को धमकी

- इस मुद्दे पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है: डीजीपी
- ऑडियो मैसेज आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का
- कांग्रेस नेता भूपेन बोरा, सरमा की सुरक्षा को लेकर चिंतित

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** दिल्ली और असम में असमिया पत्रकारों को मिले एक ऑडियो संदेश के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ऑडियो संदेश में खुद को प्रतिबंधित ह्यसिख फॉर जस्टिसह्न का सदस्य बताने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नू नाम के आतंकी ने शर्मा को धमकी दी थी। सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आतंकवादी गुरपतवन सिंह पन्नू ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को धमकी दी है। धमकी भरा कॉल असम के पत्रकारों को किया गया था। पन्नू ने मुख्यमंत्री को धमकी देते हुए कहा , असम में कैद खालिस्तान समर्थकों को प्रताड़ित किया गया है। बहुत ध्यान से सुनो , सी एम सरमा , लड़ाई खालिस्तान समर्थक सिखों और भारतीय शासन के बीच है। धमकी भरे कॉल में एसजेएफ के जनरल का उंसिल ने आगे कहा , सरमा , इस हिंसा का शिकार मत बनो । धमकी में कहा गया - अगर अमृतपाल के सहयोगियों को कुछ कहा तो आप जिम्मेदार होंगे पन्नू ने कहा , हम

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### पूरे राज्य में चलेगा जन जागरण अभियान

**रांची**: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यकारिणी की बैठक अधिवक्ता ए के रसीदी की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्वसम्मति से राज्य में चल रहे सदस्यता, नवीकरण की समीक्षा की गई, बड़े पैमाने पर पूरे राज्य में पार्टी सदस्यों को जोड़ना, किसानों, महिलाओं ,छात्र नौजवानों, को गांव गांव में जन संगठन को मजबूत बनाना, प्रखंडों से लेकर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 29-30 अप्रैल को रांची में राज्य स्तरीय अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सम्मेलन किया जाएगा जिसमें अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान भाग लेंगे, राज्य भर से 500 चुने हुए किसान प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेंगे वही 6 ,7 मई 2023 को रामगढ़ में राज्य स्तरीय अखिल भारतीय महिला समाज के राज्य सम्मेलन आयोजित की जाएगी ।

**परेशानी** हाई कोर्ट ने माइनिंग लीज मामले में राज्य सरकार और ईडी से मांगा जवाब

# सीएम हेमंत की बढ़ सकती हैं मुश्किलें!

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सामने एक नई मुसीबत खड़ी होती दिख रही है। सीएम से जुड़ा माइनिंग लीज और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के नाम से इंडस्ट्रियल एरिया में आवंटित जमीन विवाद का मामला एक नये रूप में फिर से सामने आ गया है। आरटीआई एक्टिविस्ट सह अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार और ईडी से एफिडेविट देने को कहा है। 1 मई को मामले की अगली सुनवाई होगी। इस याचिका पर सुनवाई के क्रम में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार की ओर से पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। उन्होंने दलील दी कि इसी तरह की याचिका शिव शंकर शर्मा ने दाखिल की थी, जिस पर हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट को बताया गया कि यह मामला शिव शंकर शर्मा से अलग है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में शिव शंकर शर्मा की विश्वसनीयता पर सवाल था। लेकिन यह मामला अलग है। इसमें प्रार्थी की विश्वसनीयता पर कोई सवाल नहीं है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और ईडी से जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता की दलील है कि चान्हो प्रखंड के बरहे इंडस्ट्रियल एरिया में सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन की सोहराय लाइव स्टॉक प्रा। लिमिटेड नामक कंपनी के नाम उद्योग विभाग की ओर से जमीन आवंटित की गई थी। यही नहीं सीएम के करीबियों के नाम से भी साहिबगंज में माइनिंग लीज दी गई थी। याचिकाकर्ता ने इसे गंभीर मामला बताते हुए न्यायिक आयोग या सीबीआई/ईडी से जांच कराने की मांग की है।

## न्यूज फटाफट

### आलोक कुमार दूबे ने महावीर जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**रांची**: प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने महावीर जयंती पर जैन धर्म के अनुयायियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा जैन धर्म के मानने वाले भगवान महावीर का जन्मोत्सव बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं। भगवान महावीर स्वामी 30 वर्ष की आयु में ही राजपाठ एवं महलों का सुख त्याग कर,परिवार छोड़कर 12 वर्षों तक तपस्वी के रूप में समय व्यतीत किया,बाद में वनवास तोड़कर महावीर स्वामी ने दुनिया को सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और क्षमा के बारे में बताया जिसे जैन धर्म और पूरी दुनिया पंचशील के सिद्धांत के तौर पर जानती है। अपने इंद्रियों पर नियंत्रण पाने की उनके असाधारण कौशल के कारण वह अपने अनुयायियों के बीच महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए।आज के भौतिकवादी युग में भगवान महावीर के सिद्धांतों को आत्मसात करने की जरूरत है।

इसके पूर्व पूर्वाहन 9 :00 बजे डोरंडा स्थित जैन मंदिर से जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा एवं पालकी यात्रा का प्रदेश कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने स्वागत किया एवं शोभायात्रा में शामिल भी हुए। शोभायात्रा का नेतृत्व जैन श्वेताम्बर संघ के संपत लाल रामपुरिया,सुरेश बोथरा,विजय नाहटा,विनायक मेहता, सुभाष बोथरा,देवर सेन नाहटा,अजय कोठारी,अमित कोठारी, महेन्द्र बरनेचा, सुरेश नाहटा,बलबीर जैन,चंपा लाल रामपुरिया,दिनेश सेठ, राजकुमार रामपुरिया, विनोद बेगानी,प्रकाश पालक, कोलकाता से पधारे समल सावन सुखा,मुकेश गुलचा कर रहे थे।

## पेज एक का शेष

### इस मुद्दे पर पूर्ण .. ..

कि मामला सीबीआई को दे देना चाहिए। लोग आंदोलन करते हैं कि केस उनसे लेकर सीबीआई को दे दो। यहां तक कि पंचातय स्तर पर भी कोई मामला आता है तो लोग कहते हैं कि इसे सीबीआई को दे देना चाहिए।श्री मोदी ने कहा कि न्याय के, इंसाफ के एक ब्रांड के रूप में सीबीआई हर जुबान पर है। अपनी कार्यप्रणाली, कार्यकुशलता और क्षमताओं से सीबीआई ने लोगों में अपने प्रति गहरी आस्था का भाव जगाया है। सीबीआई सत्य, न्याय के ब्रांड के रूप में उभरी है। आम लोगों से इस हद तक आस्था और विश्वास जीतना कोई साधारण बात नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले छह दशक में सीबीआई ने बहुआयामी और बहुक्षेत्रीय जांच एजेंसी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है, आज सीबीआई का दायरा बहुत बड़ा हो चुका है। महानगर से लेकर जंगल तक सीबीआई को दौड़ना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिसमें एफआईआर होने के 10 साल बाद भी, सजा की धाराओं पर चर्चा चलती रहती है। आज भी जिन मामलों पर एक्शन हो रहे हैं, वो कई-कई साल पुराने हैं। उन्होंने कहा कि जांच में देरी दो तरीके से समस्या को जन्म देती है।

### दिल्ली में एक छत के .. ..

कांग्रेस से दूरी भूलकर करीब आने के संकेत दिए हैं। ऐसे में कई विपक्षी नेता विपक्षी एकता को मजबूत कर अगली लोकसभा की शुरूआत करना चाहते हैं। हालाँकि, उस गठबंधन के आकार के बारे में असहमति है। ऐसे में मोदी विरोधी एकता स्थापित करने का स्टालिन का प्रयास कितना सफल होगा, यह तो भविष्य ही बताएगा।

### आप नेता संजय सिंह ने .. ..

उम्मीदवारों को अपनी संपत्ति और संपत्ति के साथ-साथ शैक्षणिक योग्यता के बारे में विवरण जमा करना होता है। चुनाव आयोग के नियम कहते हैं कि अगर आप अपनी डिग्री या संपत्ति के बारे में गलत जानकारी देते हैं तो आपकी सदस्यता रद्द की जा सकती है। संवाददाता सम्मेलन में, आप नेता ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई मोदी की डिग्री की एक कथित प्रति दिखाई और अपने दावे को साबित करने के लिए दस्तावेज में विश्वविद्यालय शब्द की कथित गलत वर्तनी को उजागर किया कि यह नकली है। आप नेता ने कथित दस्तावेज की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यहां यूनिवर्सिटी शब्द की स्पेलिंग को यूनिबेरसिटी लिखा गया है। यह वह डिग्री है जिसे गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया था और कहा था कि मोदी ने गुजरात यूनिवर्सिटी से एमए किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी डिग्री में मास्टर ऑफ आर्ट्स को प्रिंट करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला फॉन्ट 1992 में पेश किया गया था, जबकि प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने 1983 में यूनिवर्सिटी से एमए किया था।

### खून के सुगर से...

हृदय रोग की ओर जाता है। इससे शोध दल को बायोमेडिकल उपकरणों को बिजली देने के लिए इस अतिरिक्त चयापचय ऊर्जा का उपयोग करने का विचार मिला। इसी सोच के आधार पर उन्होंने जो ईंधन सेल बनाया है वह देखने में एक टी बैग के जैसा है। ईंधन सेल के केंद्र में कॉपर-आधारित नैनोकणों से बना एक एनोड (इलेक्ट्रोड) है, जिसे फुसेनेगर की टीम ने विशेष रूप से इस एप्लिकेशन के लिए बनाया है। इसमें कॉपर-आधारित नैनोकण होते हैं और बिजली उत्पन्न करने के लिए ग्लूकोज को ग्लूकोनिक एसिड और एक प्रोटॉन में विभाजित करते हैं, जो एक विद्युत सर्किट को गति में सेट करता है। एक गैर बुने हुए कपड़े में लपेटा गया और एल्गिनेट के साथ लेपित, चिकित्सा उपयोग के लिए अनुमोदित एक शैवाल उत्पाद, ईंधन सेल एक छोटे से चाय बैग जैसा दिखता है जिसे त्वचा के नीचे लगाया जा सकता है।

मौजूदा प्रणाली केवल एक प्रोटोटाइप है। हालांकि शोधकताओं ने चूहों में इसका सफल परीक्षण किया है, लेकिन वे इसे एक विपणन योग्य उत्पाद के रूप में विकसित करने में असमर्थ हैं। फुसेनेगर कहते हैं, इस तरह के उपकरण को बाजार में लाना हमारे वित्तीय और मानव संसाधनों से बहुत परे है। इसके लिए उचित संसाधनों और जानकारियों के साथ एक उद्योग भागीदार की आवश्यकता होगी।

### खालिस्तानी संगठन ने दी .. .. ..

खालिस्तान जनमत संग्रह की एक शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से भारतीय कब्जे से पंजाब की मुक्ति की मांग कर रहे हैं। यदि आपकी सरकार छह (डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद अमृतपाल के सहयोगियों ) को प्रताड़ित और परेशान कर रही है,है तो आपको जवाबदेह ठहराया जाएगा । अमृतपाल सिंह और उनके संगठन वारिस पंजाब दे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई 18 मार्च को शुरू हुई थी, उसके कुछ हफ्ते बाद उन्होंने और उनके समर्थकों ने एक गिरफ्तार व्यक्ति की रिहाई के लिए अमृतसर के पास अजनाला पुलिस स्टेशन पर धावा बोल दिया था। अमृतपाल सिंह के गिरफ्तार सहयोगियों को असम की जेल में रखा गया है अमृतपाल सिंह जालंधर में कार्रवाई को चकमा देने में कामयाब रहा और पुलिस के अनुसार, कईबार अपना रूप बदलकर अलग-अलग वाहनों में भाग निकला ।पंजाब पुलिस अभी भी अमृतपाल की तलाश में जुटी है। पंजाब पुलिस ने उसके कई साथियों को वैमनस्य फैलाने, हत्या के प्रयास और हमले, पुलिस कर्मियों और लोक सेवकों द्वारा वैध कर्तव्य निर्वहन में बाधा उत्पन्न करने से संबंधित आपराधि कमामलों में गिरफ्तार या हिरासत में लिया है। उन्होंने उनमें से कुछ के खिलाफ सख्तराष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया है।इस बीच, असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को कहा कि खालिस्तान समर्थक समूह द्वारा मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा को दी गई धमकी को बहुत गंभीरता से लिया गया है।कुछ पत्रकारों को भेजे गए एक कथित ऑडियो क्लिप में ह्यसिख फॉर जस्टिसह्नके संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू को शर्मा को धमकी देते हुए सुना गया। पन्नू सरकार द्वारा घोषित आतंकवादी है।

जन अधिकार पाटी ने

## नियोजन नीति पर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिहार के दिग्गज नेता पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) के प्रदेश अध्यक्ष पी नैयर राजभवन पहुंचे। पी नैयर ने प्रतिनिधिमंडल के पांच सदस्यों के साथ राज्यपाल मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि नियोजन नीति पर उन्होंने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। कहा कि इससे संबंधित ज्ञापन ही राज्यपाल को सौंपा है। उन्होंने बताया कि इस वक्त राज्य में बेरोजगारी बड़ा मुद्दा हुआ है और इसे जल्द दूर करने की जरूरत है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा नियुक्ति परीक्षाएं सरकार ले और बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति दें। कहा कि इसलिए उन्होंने 75और25 वाली नियोजन नीति की मांग ज्ञापन के जरिए राज्यपाल के समक्ष रखा है।प्रदेश अध्यक्ष पी नैयर ने बताया कि बोकारो में 19 ऐसे गांव हैं, जहां मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। इस 19 गांवों में सुविधा बहाल करने को लेकर भी राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया है। ताकि लोगों को बिजली,पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

### आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया समर्थन

**रांची**: पूर्व सांसद एवं आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा कि झारखंड सरकार अविलंब संविधान सम्मत नियोजन नीति लागू करे या प्रखंडवार नियोजन नीति लागू हो। उन्होंने कहा कि टालमटोल का रवैया और झुनझुना थमाने वाली कार्रवाई बंद हो। नियोजन नीति को सालखन ने गंभीर मुद्दा बताया। कहा कि 10 अप्रैल के दिन युवाओं ने झारखंड बंद की घोषणा की है। जो झारखंड के युवाओं के हित में है। सालखन ने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान इस बंद का समर्थन करेगा। साथ ही तमाम आदिवासी मूलवासी संगठनों से अपील करते हुए कहा कि इस बंद को जनबंदी का स्वरूप देते हुए खुलकर समर्थन करें। अन्यथा झारखंड प्रदेश निर्माण और हेमंत सरकार के चलने का कोई औचित्य नहीं है।यहां बता दें कि आदिवासी सेंगेल अभियान, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा और झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने 20 मार्च को बोकारो बिरसा आश्रम में आदिवासी बचाओ अभियान के बैनर तले जनसभा की थी। जिसमें 10 अप्रैल 2023 को सभी प्रखंडों में प्रखंडवार नियोजन नीति लागू करो की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का फैसला लिया गया था।

कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह आंदोलन

## गांधी की कांग्रेस कार्यकताओं में काफी आक्रोश



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राहुल गांधी को पहले सजा और फिर उनकी सदस्यता खत्म होने को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में काफी आक्रोश है। देश भर में पार्टी द्वारा इसका विरोध हो रहा है। जगह-जगह आंदोलन किए जा रहे हैं। झारखंड में भी इसे लेकर आक्रोश चरम पर है। राहुल गांधी के समर्थन में आज से प्रदेश में कांग्रेस जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाएगी।जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के जरिए कांग्रे कार्यकर्ता हर गांव और पंचायत तक पहुंचेंगे। वो लोगों को राहुल गांधी के साथ हुए अन्याय के बारे में बताएंगे। साथ ही बताएंगे की केंद्र सरकार किस तरह से देश में लोकतंत्र की आवाज को दबाने में लगी हुई है। पार्टी कार्यकर्ता लोगों को बताएंगे कि आज के दिन में केंद्र सरकार से सवाल पूछने पर किस तरह का व्यवहार किया जाता है। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता लोगों के बीच जा कर अपनी बात रखेंगे।कांग्रेस नेता लोगों को बताएंगे कि किस तरह केंद्र सरकार ने साजिश के तहत राहुल गांधी को फंसाया। झूठे आरोप लगाकर साजिश के तहत उनकी सदस्यता रद्द की गई। पार्टी नेताओं का साफ कहना है कि वे लोग चुप नहीं बैठेंगे। सरकार की साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की पोल खोली जाएगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि सरकार राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से डर गई थी। इसलिए ऐसा उन्होंने साजिश के तहत किया।कांग्रेस नेता लोगों के बीच जा कर बताएगी कि किस तरह केंद्र सरकार नियमों को ताक पर रखकर काम कर रही है। पार्टी नेता पीएम मोदी और अडानी की मित्रता के बारे में लोगों को बताएंगे। साथ ही बताएंगे की किस तरह पीएम मोदी अपने मित्र उद्योगपति को फायदा पहुंचाने के लिए देश की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आपको बता दें कि यह सत्याग्रह आंदोलन 7 दिनों तक चलेगा।

रांची में निकाला मशाल जुलूस

## युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नीतियों का किया विरोध



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के उठाये गए सवाल को कांग्रेस हर दिन उठा रही है। रविवार (2 अप्रैल) को युवा कांग्रेस ने के बैनर तले बड़ी संख्या में मशाल जुलूस निकाला गया। यूथ कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय से परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक तक जुलूस निकाला। जुलूस आगे जाकर अल्बर्ट एक्का चौक पर सभा मे तब्दील हो गयी।इस दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार का पुतला भी फूंका। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अडानी प्रकरण पर 04 अप्रैल से 06 अप्रैल तक यूथ कांग्रेस ने कार्यक्रम की की घोषणा भी रविवार (2 अप्रैल) को की। यूथ कांग्रेस ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और राहुल गांधी के देश हित में उठाये गए सवाल को युवा कांग्रेस तब तक समाप्त नहीं होने देगा जबतक उसका जवाब नहीं मिल जाता।मशाल जुलूस का नेतृत्व कर रहे झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर लगातार हमले हो रहे हैं। यह चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस हर परिस्थिति में संघर्ष करने को तैयार है। मुख्य अतिथि के रूप में मशाल जुलूस में शामिल हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पहले भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए कुर्बानियां दी जाती रही हैं। राजेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि नैतिक मूल्यों को ताक पर रख पीएम मोदी अपने मित्र गौतम अडानी की मदद कर रहे हैं। वह भी देश की परिसंपत्तियों, अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र को दांव पर लगा करके।

## विधायक पूर्णिमा की पहल पर रैयतों के बीच हुआ जमीन क्रय समझौता पत्र का वितरण

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** लंबे अरसे के बाद झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की पहल पर रैयतों और बंदोवस्त धारकों की मांग पूरी हुई। झरिया अंचल के धनसार थाना अंतर्गत चांदमारी मांझी बस्ती के रैयत एवं बंदोबस्त धारकों के बीच बीसीसीएल द्वारा निर्गत पर्चा और जमीन क्रय समझौता पत्र वितरण किया गया। जनता मजदूर संघ बस्तकोला क्षेत्र संख्या क के बैनर तले एक समारोह का आयोजन कर रैयतों और बंदोवस्त धारियों के बीच पर्चा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि चांदमारी मांझी बस्ती के लोगों की यह लम्बे समय से मांग थी। जनता मजदुर संघ और वह खुद इसको लेकर लगातार बीसीसीएल प्रबंधन से बात कर रही थी। आज इसका सुखद परिणाम सामने आया है।इस दौरान महाप्रबंधक बीसीसीएल जे सी रॉय, अंचलाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, परियोजना पदाधिकारी एके शर्मा और पदाधिकारियों की उपस्थिति में 14 रैयतो को विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के द्वारा जमीन का पर्चा उपलब्ध कराया गया। जमीन का पर्चा प्राप्त करनेवालों में शंभू मांझी, फागू मांझी, गोपाल सोरेन, प्रह्लाद सोरेन, शिबू हांसदा, धना हेंब्रम, जोबा हेंब्रम, मंगल किस्कू, रामेश्वर हांसदा, मोतीलाल बेसरा, छूटू बेसरा, प्रभु हेंब्रम, प्राण हेंब्रम, शुकुरमुनी सोरेन समेत अन्य शामिल थे।

**राजनीति** कांग्रेस ने राष्ट्रपति से पूछे सवाल!

# अडाणी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये हैं किसके?

राष्ट्रीय खबर




**रांची:**सोमवार का जिले के रणधीर वर्मा चौक पर कांग्रेस की ओर से राष्ट्रपति के नाम त्राहिमाम संदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टकार्ड के माध्यम से राष्ट्रपति को संदेश भेजा जा रहा है। साथ ही कांग्रेस इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडाणी के संबंध के बारे में प्रश्न पूछ रही है। साथ ही गौतम अडाणी के बैंक में कथित 20 हजार करोड़ रुपये कहां से आए इस बारे में सवाल राष्ट्रपति से किया गया है। जिलाध्यक्ष संताष सिंह ने कहा कि मोदी सरकार तो जवाब नहीं दे रही है। इस कारण राष्ट्रपति से जवाब मांगा जा रहा है।कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि सवाल पूछने पर हमारे नेता राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी गई। साजिश के तहत राहुल गांधी को सदन में बोलने से रोका गया। कहा कि बीजेपी वाले पूछते है कि 70 वर्षों में कांग्रेस ने क्या किया? कांग्रेस ने विपक्ष के नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक को सदन में सम्मान दिया। कांग्रेस की सराकर में अटल बिहारी वाजपेयी को विदेश दौरे में भारत का प्रतिनिधि बनाकर भेजा गया। कांग्रेस ने कभी विपक्ष मुक्त भारत के बारे में बात नहीं की।कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश में जनता मंहगाई और बेरोजगारी की समस्या से परेशान है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का नारा देने वाले नरेंद्र मोदी अडाणी मामले में चुप्पी साधे हुए है। उनके मौन की आखिर वजह क्या है? अडाणी को लेकर नरेंद्र मोदी विदेश जाते हैं। आखिर उनका अडाणी से क्या संबंध है? वर्तमान में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। हर काम संविधान से हटकर किया जा रहा है। मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले की आवाज को दबाया जा रहा है। सीबीआई, ईडी और आईटी का डर दिखाया जा रहा है।

# विप चुनाव हार जीत का गणित बिगाड़ सकते हैं निर्दलीय उम्मीदवार

## गया कॉलेज में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना कल

राष्ट्रीय खबर



**गया :** निर्दलीय उम्मीदवार ऐसे प्रत्याशी होते हैं, जो किसी भी दल से जुड़े नहीं होते। यह अपनी ही साख पर चुनाव लड़ते है। हर चुनाव में बड़ी संख्या में ऐसे उम्मीदवार भाग्य आजमाते हैं लेकिन बहुत कम ही जीत का स्वाद चख पाते हैं। बीते दिनों संपन्न हुए बिहार विधान परिषद के गया शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में क्रमशः 12 और 08 प्रत्याशी मैदान में थे। चुनावों में जीत-हार तो लगी ही रहती है। लेकिन प्रतिद्वंदी जितने ज्यादा होते हैं उतने वोट बट जाते हैं।प्रत्याशियों की यही कोशिश रहती है कि सबसे पहले तो उनके विरोधियों की संख्या कम रहे। निर्दलीय प्रत्याशियों के जीत की संभावना भले ही कम हो,लेकिन उनके द्वारा काटे गए वोट की जीत हार का गणित बिगाड़ सकते हैं। पिछले चुनाव की बात करें तो बिहार विधान परिषद के गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में रालोसपा के संजीव श्याम सिंह को 5676 मत मिले थे।वहीं दूसरे नंबर पर रहे कांग्रेस के हृदय नारायण सिंह को 1953 वोट मिले। संजीव ने 3723 मतों से हृदय नारायण सिंह को हराया था। जबकि तीसरे नंबर पर लोजपा के प्रो डीएन सिन्हा को 1468 मत मिले थे।पिछले चुनाव में शिक्षक के लिए 10 और स्नातक के लिए 17 उम्मीदवार मैदान में थे। लेकिन इस बार शिक्षक के लिए 12 एवं स्नातक के लिए 8 उम्मीदवार चुनावी दंगल में रहे। 2017 में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अवधेश नारायण सिंह से दूसरे नंबर पर राजद के डॉ पुनीत कुमार सिंह थे। पहली वरीयता में बढ़त लेने के बाद भी अवधेश नारायण सिंह को जीत मुश्किल से मिली थी। दूसरी वरीयता के सभी मतों को जोड़ने के बाद भी अवधेश नारायण सिंह जीत के लिए जरूरी 32469 वोट नहीं ला पाए। दूसरी वरीयता के सभी मतों को जोड़ने के बाद उन्हें कुल 31182 वोट प्राप्त हुए, जो जीत के लिए जरूरी अंक से 1775 कम थे। कुल वैध मतों के आधे से एक ज्यादा का आंकड़ा नहीं पहुंचने पर पूरे मामले की जानकारी राज्य चुनाव आयोग को दी गई थी। विधान परिषद के शिक्षक निर्वाचन के लिए भाजपा ने जीवन कुमार को प्रत्याशी बनाया था तो वही जदयू ने निवर्तमान विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह को बनाया था वही त्रिकोणीय बनाने में निर्दलीय प्रत्याशी देववंश सिंह रहे। मतदान का 86.94 प्रतिशत रहा तो वही स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 52.49 प्रतिशत रहा।सबसे ज्यादा शिक्षक मतदाताओं ने वोट दिया है। इससे ज्ञात होता है कि शिक्षकों ने अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गया स्नातक क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 23215 है इसमें 18155 पुरुष 5159 महिला और दो अन्य शामिल हैं। वहीं शिक्षक निर्वाचन में मतदाताओं की संख्या 4092 है। इनमें 3289 पुरुष एवं 803 महिलाएं हैं। वोटों के प्रतिशत से अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्दलीय उम्मीदवार का वोट भाजपा और जदयू प्रत्याशियों के जीत हार के लिए भी निर्णायक होंगे। कल गया कॉलेज में 8 जिलों की मतगणना होगी। वहरहाल जो भी हो कल चुनावी परिणाम के बाद सभी तस्वीरें साफ हो जाएगी। किसके सिर पर शिक्षक और स्नातक निर्वाचन का सजेगा ताज, कौन करेगा शिक्षकों का नेतृत्व, कौन उठाएंगे मुद्दे यह तो वोटों की गिनती के बाद ही पता चल पाएगा।लेकिन विधान परिषद चुनाव कई मायने में रोचक रहा। इसमें दोनों दलों की प्रतिष्ठा भी जुड़ी हुई है। कहीं परिणाम चौकानेवाले तो नहीं आएंगे यह भी देखना जरूरी है।

# बिहार संग्रहालय का दीदार कर बच्चों के चेहरे पर आई खुशी की लहर

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** समाजसेवी संस्था मिश्रा सोशल स्किल्स क्लब पटना के निःशुल्क शिक्षा केंद्र हरताली मोड़ पर निःशुल्क पढ़ाई कर रहे बच्चों को बिहार म्यूजियम का दीदार कराया गया। एमएसएससी की संस्थापिका निशी मिश्रा के नेतृत्व में 50 छात्र एवम छात्राओं को बिहार संग्रहालय घुमाया गया तथा बच्चों को बिहार की संस्कृति, सभ्यता तथा इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त कराया गया। वहीं संस्थापिका निशी मिश्रा ने बच्चों को बिहार संग्रहालय की शैर कराते हुए बताया की पटना इतिहास की अनगिनत कहानियों से समृद्ध लगभग 3000 वर्ष पुराना शहर है। इस शहर ने कई शानदार सभ्यताओं का स्वागत किया है। भारत के कई महान शासकों के उत्थान और पतन का साक्षी यह नगर एक समय में पूरे भारतवर्ष मे घटित महान ऐतहासिक घटनाओं का केंद्र रह चुका है । इस नगर की महानता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की महान सम्राट अशोक के प्रतीक चिन्ह अशोक स्तम्भ को भारत के प्रतीक चिन्ह के रूप में मान्य है। इसी इतिहास को दुनिया के सामने रखने के लिए एक महान विचार का जन्म हुआ जो आज बिहार म्यूजियम के रूप में हमारे सामने है। वहीं मिश्रा सोशल स्किल्स क्लब के आदित्य कृष्णा ने कहा की आज गरीब बच्चों ने बिहार संग्रहालय की झलक देखकर उनके चेहरे पर जो खुशी आई है उससे अच्छी सेवा और कुछ नही है।

# सैफ अली खान और करीना कपूर खान को बनाया अपने ब्राण्ड अम्बेसडर

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** भारत में जॉय ई-बाईक के नाम से इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाले भारत के अग्रणी निमार्ताओं में से एक वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने जाने-माने बॉलीवुड अभिनेताओं की जोड़ी सैफ अली खान और करीना कपूर को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। इस साझेदारी के दौरान इस जोड़े की ग्लैमरस और पावरफुल इमेज जॉय ई-बाईक के जीवनशैली एवं जीवंत प्रोडक्ट्स के प्रोमोशन के लिए कारगर साबित होगी। इससे ब्राण्ड की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और अधिक से अधिक उपभोक्ता ब्राण्ड के प्रोडक्ट्स की तरफ आकर्षित करेगी। यतिन गुप्ते, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वार्डविजर्ड इनोवेषन्स मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, हमें खुशी है कि हमें अपने प्रोडक्ट्स की सशक्त, स्टाइलिश एवं क्लासिक रेंज को प्रोमोट करने के लिए मि. सैफ अली खानी और मिसेज करीना कपूर खान के साथ जुड़ने का मौका मिला है, जिनकी पर्सनेलिटी हमारे प्रोडक्ट्स से पूरी तरह मेल खाती है। उनकी मौजूदगी निश्चित रूप से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को हमारे प्रोडक्ट्स की ओर लुभाएगी, जो उनकी बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार हैं। वार्डविजर्ड में हम आज के स्टाइल प्रेमी उपभोक्ताओं को आधुनिक प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। यह साझेदारी उपभोक्ताओं को स्टाइलिश प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने और उनके साथ मजबूत रिश्ते बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# निया शर्मा तेरे इश्क में घायल में लेकर आई एक नया ट्विस्ट

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** कलर्स पर प्रसारित हो रहा मशहूर टेलीविजन शो तेरे इश्क में घायल अपनी दिलचस्प कहानी और जाने-माने सितारों के साथ लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। हर गुजरते एपिसोड के साथ दर्शक इसके अगले एपिसोड्स और इसमें आगे आने वाले ट्विस्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों के रोमांच को बढ़ाते हुये, इस शो में जल्द ही बेहद टैलेंटेड ऐक्टर और डांसर निया शर्मा एंट्री करने जा रही हैं। वह शो में एक स्पेशल कैमियो करेंगी। उनका करिश्मा और एनर्जी निश्चित रूप से इसके ड्रामा को और भी बढ़ा देगा और प्रशंसक उनके अपीयरेंस का दिल थाम कर इंतजार कर रहे हैं।

मशहूर टेलीविजन शो तेरे इश्क में घायल में अपनी आगामी मौजूदगी को लेकर बेहद उत्साहित निया शर्मा ने कहा इस शो के जरिये दर्शकों को अपना काम दिखाने का यह मौका मिलने के लिये मैं आभारी हूं। इस शो के ढेरों प्रशंसक हैं। अपने दोस्तों गशमीर और रीम के साथ शूटिंग करके बेहद खुशी हुई। इस दौरान मुझे अपने नये म्यूजिक वीडियो ह्यदैय्या दैय्याह्न के बारे में लोगों को बताने का भी मौका मिला। यह एक अपबीट और मजेदार गाना है और मुझे भरोसा है कि दर्शकों को यह अच्छा लगेगा। शो के आगामी एपिसोड्स में मैं लैंड्सडेल शहर के सबसे हॉट इंसान का चुनाव करने वाली एक प्रतियोगिता को जज करती नजर आऊंगी। मैं दर्शकों को दो वेयरवूल्व्स के बीच का जबरदस्त मुकाबला दिखाने और यह देखने के लिये उत्सुक हूं कि इस रोमांचक कहानी में मैं अपना अनूठा ट्विस्ट किस तरह से लाती हूं।

निया शर्मा तेरे इश्क में घायल के एक आगामी एपिसोड में एक स्पेशल कॉम्पीटिशन को जज करने वाली हैं जो चमक-धमक और ग्लैमर से भरपूर रात होगी। उनका काम होगा शहर के सबसे आकर्षक पुरूष को चुनना जो मिस्टर लैंड्सडेल का प्रतिष्ठित खिताब जीतेगा यह कॉम्पीटिशन अरमान एवं वीर के बीच होने वाला है जिसे पर्दे पर मशहूर अभिनेताओं गशमीर महाजनी और करण कुन्द्रा ने साकार किया है। बहरहाल यह देखना बाकी है कि निया शर्मा कैसे इस दिलकश कहानी में अपना अनूठा ट्विस्ट और अंदाज डालेंगी। प्रशंसक इस रोमांचक एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। और अधिक जानने के लिये देखते रहिये तेरे इश्क में घायल हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:00 बजे सिर्फ कलर्स पर।

# सांसद खेल महोत्सव के फाइनल में दिखा खिलाड़ियों का जोश

**सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम**

राष्ट्रीय खबर





**पटना :** पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा पाटलिपुत्र खेल परिवार में चार दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में प्रतिभागी शामिल हो रहे है। इस सासंद खेल महोत्सव का समापन 4 अप्रैल को होगा जिसमें सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

सांसद खेल महोत्सव के तीसरे दिन कबड्डी प्रतियोगिता में बहुत ही जोश और उत्साह के साथ कबड्डी में भाग लिया। सांसद खेल महोत्सव (पटना साहिब) के तीसरे दिन पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेमीफाइनल मुकाबले में पुरुष एवं महिला वर्ग के कबड्डी खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा के अनुरूप बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। शतरंज प्रतियोगिता में शहर के कई स्कूलों के छात्र व छात्राओं ने भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंचे दिखे। पहले सेमीफाइनल मैच में शुक्ला फुटबॉल अकैडमी ने बाबू फुटबॉल क्लब को 3 - 0 से एवं दूसरे मैच में सिटी फुटबॉल अकैडमी ने जूनियर नेशनल स्पोटिंग क्लब को 2-0 से पराजित किया पहले सेमीफाइनल में शुक्ला फुटबॉल एकेडमी नेट बाबू फुटबॉल क्लब को 30 से पराजित किया शुक्ला फुटबॉल एकेडमी की ओर से खेल के 13 मिनट में वीरू कुमार ने खेल के 31 मिनट में धीरज कुमार और अंतिम 72 में मिनट में वीरू कुमार ने गोल कर टीम को 3-0 से विजय दिलाया जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिटी फुटबॉल अकैडमी ने जूनियर नेशनल स्पोर्ट्स क्लब बख्तियारपुर को 2- 0 से पराजित किया सिटी फुटबॉल अकैडमी की ओर से खेल के 28 मिनट में आदर्श शिवम एवं खेल के 45 मिनट में सोनू कुमार ने गोल किया।

फुटबॉल प्रतियोगिता का शाम में फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन शुक्ला फुटबॉल एकेडमी बनाम सिटी एथलेटिक क्लब के बीच मुकाबला हुआ जिसमें शुक्ला फुटबॉल एकेडमी की ओर से अनिकेत ने एक गोल दागा वही सिटी एथलेटिक क्लब की ओर से अमित कुमार और आयुष राज ने एक एक गोल दाग अपनी टीम को विजयी बनाया।

# इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

## भाजपा की सरकार ही बदलेगी बिहार की तकदीर : इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार

राष्ट्रीय खबर



पटना : देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी अद्भुत कार्यों एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्र वादी विचारधारा से प्रेरित होकर आज खगड़िया जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। उन्हें और उनके सैकड़ों साथियों को आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान पार्टी के नवनिर्वाचित बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार, विधायक लखेन्द्र पासवान आदि सम्मानित भाजपा नेतागण मौजूद रहे।

इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार, खगड़िया जिले में गरीब, वंचित और आम लोगों की आवाज को मुखरता से उठाते रहे हैं। जिले में उनकी पहचान अनशन गुरू के रूप में भी है। वे वर्ष 2005, 2010 और 2020 के चुनावों में खगड़िया विधान-सभा क्षेत्र से निर्दलिय प्रत्याशी के तौर पर अपना भाग्य आजमा चुके हैं। हालांकि बाद के दिनों में वे राजनीतिक मंचों से दूर हो गए, मगर उनकी सामाजिक कार्यों में गतिविधियां जारी रही। यही वजह है खगड़िया और प्रदेश में बदलाव लाने के लिए उन्होंने भाजपा में अपनी आस्था जाहिर की और आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी से दल की सदस्यता ग्रहण किया।

इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा का दामन थामते हुए दावा किया कि आने वाला समय भारतीय जनता पार्टी का है और वो दिन दूर नहीं, जब बिहार में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में रही, तब तक यहाँ विकास और उन्नति के कार्य हुए, लेकिन जब से जंगलराज वाली सरकार बनी है, विकास की बात दूर की कौड़ी है, यहाँ फिर से जंगल राज पार्ट 2 की वापसी हो गई, जिसके बाद हम जैसे सामाजिक कार्यकताओं के सामने प्रदेश और अपने जिले को जंगलराज की आग में जल जाने से बचाने के लिए आज एक बार फिर से राजनीति में आना पड़ा है। अपने सैकड़ों साथियों के साथ मंत्रणा करने के बाद हमने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इसकी वजह साफ है कि भाजपा में अद्भूत विकास की संभावनाएं हैं। श्रद्धेय स्मृतिशेष भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी से लेकर हमारे प्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी की सरकार में देश और प्रदेश का विकास तेजी से हुआ है। केंद्र के गृह मंत्री आदरणीय अमित शाह जी और पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जगत प्रकाश नड्डा जी के नेतृत्व में आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

ऐसे में हम इस खास क्षण में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ बिहार प्रदेश भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्राट चौधरी जी नित्यानंद राय जी, विजय सिन्हा जी, डॉ संजय जायसवाल जी, खगड़िया भाजपा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत जी और पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार जी समेत अन्य वरीय नेताओं का आभार प्रकट करते हुए विश्वास दिलाते हैं, हम अपने सैकड़ों साथियों के साथ मिलकर संगठन द्वारा मिली जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी मजबूती और ईमानदारी के साथ एक कार्यकर्ता के रूप में करेंगे।

## अपस्टॉक्स ने लॉन्च किया कैम्पेन ह्यइन्वेस्ट राइट, निवेश यात्रा में मदद करने का इरादा

**पटना :** देश के अग्रणी डिजिटल निवेश प्लेटफार्मों में से एक अपस्टॉक्स ने एक नया अभियान ह्यइन्वेस्ट राइटह्न लॉन्च किया है। इस अभियान के तहत लोगों को यह जानकारी दी जाती है कि उन्हें कहाँ निवेश करना है, कब निवेश करना है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्यों निवेश करना है। यह अभियान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सत्र की शुरूआत के साथ शुरू होगा। अपस्टॉक्स टाटा आईपीएल का एक आधिकारिक भागीदार है। इस अभियान के साथ, अपस्टॉक्स लोगों के निवेश के तौर-तरीकों को बदलना चाहता है - इसे सरल, सहज और आकर्षक बनाना चाहता है, ठीक उसी तरह जैसे आईपीएल ने पिछले एक दशक में भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी है। अपस्टॉक्स का पिछला आईपीएल अभियान ह्यस्टार्ट करके देखोह्न भी काफी सफल रहा था, जिसके तहत लोगों को निवेश की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए इस साल के अभियान का फोकस सही निवेश पर है। आज लोग निवेश तो करना चाहते हैं लेकिन बहुत सारे विकल्प होने के कारण अक्सर भ्रमित हो जाते हैं। इसलिए उनकी मदद करने के लिए, अपस्टॉक्स ने निवेश प्रक्रिया को बेहद सरल अंदाज में लोगों को समझाने का प्रयास किया है। इस दृढ़ विश्वास के साथ कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और इक्विटी भागीदारी के माध्यम से कोई भी देश की विकास कहानी से लाभान्वित हो सकता है, अपस्टॉक्स का मुख्य अभियान इस बात पर केंद्रित है कि कोई भारत में कैसे निवेश कर सकता है। उन्हें इंडेक्स फंड्स से परिचित कराकर अपस्टॉक्स मुद्रास्फीति को मात देने और उनके धन को बढ़ाने के लिए लागत प्रभावी, आसान और दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करता है। इंडेक्स फंड्स दरअसल बाजार के प्रदर्शन को ट्रैक करने का एक तरीका है। लेकिन म्यूच्यूअल फण्ड में भी बहुत सारे विकल्प होते हैं। इसलिए इसे और सरल बनाने के लिए, अपस्टॉक्स ने जोखिम और रिवार्ड रेशियो के आधार पर सैकड़ों म्यूचुअल फंड योजनाओं का मूल्यांकन करने का एक व्यापक कार्य किया है और इसमें से प्रत्येक श्रेणी में कुछ शीर्ष योजनाएँ बनाई हैं। फंड की इस क्यूरेटेड सूची और विशेषज्ञ विश्लेषण के साथ अपस्टॉक्स का मकसद है कि निवेशकों को म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ इन-ऐप अनुभव प्रदान किया जाए। ब्रांड जानकारी और शोध की पेशकश भी कर रहा है, जिससे निवेशक अच्छी तरह से सोच-समझकर निर्णय लेने में सक्षम हो जाता है।

## अफ्रीकी ब्वायलर फटने से हताहत मजदूर का पार्थिव शरीर सेनुअरिया लाया गया

**बेतिया :** विगत 24 मार्च को बेतिया विधानसभा क्षेत्र के सेनुअरिया गांव के निवासी पप्पु दास, पिता का नाम भुट्टू दास, जो कि अफ्रीकी देश कैमरून में प्रवासी मजदूर के तौर पर एक कंपनी में कार्यरत थे। ब्वायलर फटने से उनकी दुखद मृत्यु हो गयी। घटना के पश्चात विदेश मंत्रालय को मेल ट्वीट और अन्य संचार माध्यमों से पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी जी के द्वारा शव को भारत लाने और मृतक को उचित मुआवजा देने के संबंध में प्रयास किया गया। इस संबंध में स्थानीय जिला प्रशासन को भी घटना से अवगत कराया गया था। अथक प्रयास के फलस्वरूप आज शव को बेतिया, सेनुअरिया लाया गया है। मृतक के परिजनों को दुख की घड़ी में पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने अपनी संवेदना प्रकट की। शव को भारत लाने में विदेश मंत्रालय और कैमरून में भारतीय दूतावास के द्वारा मिले सहयोग के लिए उन्होंने श्री एस जयशंकर जी का आभार प्रकट किया है।

## बाइक दुर्घटना में 5 घायल

**साठी :** नरकटियागंज- बेतिया मुख्य मार्ग में हिच्छोपाल गाव के पास दो बाईक की सीधी टक्कर मे 5 व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलो को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चनपटिया मे भर्ती किया गया है, जहां सभी घायलों की चिकित्सा की जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि होंडा की लिओ व बजाज की प्लेटिना बाइक दोनों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर गस्ती दल को भेजा गया, जहां से घायलो की चिकित्सा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चनपटिया भेजा गया है। दोनों क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस ने जप्त कर लिया है। घायलो की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के हरसरी गाव निवासी चंद्रभूषण दुबे 60 वर्ष एवं शिम्पू दुबे 20 वर्ष तथा साठी थाना क्षेत्र के हरनहिया निवासी मुकेश कुमार 18 वर्ष, लालबाबू कुमार 19 वर्ष, बड़ी ठाकुर 18 वर्ष के रुप में हुई है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गयी है। हिच्छोपाल के लोगो के अनुसार हरनहिया निवासी तीनो अपनी बाइक से साठी बाजार से अपने गाव हरनहिया जाने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक चनपटिया की तरफ जाने के क्रम दोनों की भिड़ंत हो गयी। उधर चनपटिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उत्कृष्ट चिकित्सा के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया गया है।

## नव सत्रारंभ पर आचार्यों ने टीएमएल व अन्य तकनीक का संकल्प लिया

**नरकटियागंज :** सोमवार चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तद्नानुसार 3 अप्रैल 2023 को विद्या भारती विद्यालय अंतर्गत संचालित गोदावरी देवी रामचंद्र प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर पुरानी बाजार नरकटियागंज के नये सत्र 2023 -2024 का शुभारंभ हवन पूजा व सुन्दरकांड का पाठ कर आध्यात्मिक वातावरण में हर्षोल्लास पूर्वक किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति अध्यक्ष वर्मा प्रसाद एवं सचिव सुरेन्द्र जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर अध्यक्ष ने विद्यालय परिवार को शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिये उपलब्धि भरा सर्वांगीण विकासयुक्त सत्र हो। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य विनोद दुबे ,अभय तिवारी, सुरेश यादव, संजीत कुमार सिह, नीतिन रवि, नितेश कुमार वर्मा, कलाधर पाठक, सोनी, विनीता, शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# डीएम ने स्टेट टॉपर्स भवानी एवं प्रिया को सम्मानित किया

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया :** बिहार माध्यमिक परीक्षा मैट्रिक परीक्षा 2023 में राज्य स्तरीय सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वालों की सूची सर्वश्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों में उत्क्रमित हाई स्कूल दोनवार योगापट्टी की छात्रा भवानी कुमारी (माता- निरु देवी एवं पिता राकेश झा) ने 484 अंक प्राप्त करते हुए समूचे बिहार में तीसरा स्थान एवं एसएस हाईस्कूल हरनाटांड़, बगहा-02 की छात्रा प्रिया जायसवाल (माता रीमा देवी एवं पिता संतोष जायसवाल) ने 478 अंक प्राप्त कर संपूर्ण बिहार में आठवाँ स्थान प्राप्त किया।

जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने कार्यालय कक्ष में दोनो सर्वश्रेष्ठ बेटियों को सम्मानित किया। उन्होंने दोनो को उपहार स्वरुप, स्मार्ट वॉच तथा पुस्तकें भी प्रदान किया। विदित हो कि प्रिया जायसवाल की अनुपस्थिति में यह सम्मान उनकी माता एवं बहन को समर्पित किया। बातचीत के क्रम में भावना ने बताया कि वह गांव के ही स्कूल में पढ़ाई कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। भविष्य की पढ़ाई साइंस के माध्यम से करना चाहती है। उसने बताया कि बीएचयू में नामांकन के लिए आवेदन किया है। भावना ने बताया कि वह आइएएस बनना चाहती है। उसने जिलाधिकारी से आगे की तैयारी किस तरह की जाय, इसके बारे में पूछा। जिलाधिकारी द्वारा उसे विस्तृत जानकारी दी गयी तथा उसकी हौसलाआफजाई की गयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनील कुमार, एसडीएम बेतिया सदर विनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण, डीपीओ योगेश कुमार, एल कुणाल गौरव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लोजपा के संगठनात्मक ढांचा को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

## कई लोगों ने थामा लोजपा का दामन

राष्ट्रीय खबर

**गया :** सोमवार को लोजपा (रामविलास)के गया स्थित पार्टी प्रधान कार्यालय पुलिस लाईन सिंगरा मे जिला अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में पार्टी का जिला संगठनात्मक एवं समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक मे पार्टी के गया जिला के लगभग सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मेन विंग के सभी प्रखंड अध्यक्ष पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के पदाधिकारी के साथ जिला पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में सभी पदाधिकारियों के द्वारा मंथन किया गया की पार्टी का संगठन तो हमारा मजबूत है।लेकिन जहां-जहां पार्टी का



संगठन कमजोर है उसे कैसे मजबूत किया जाए। वही हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान का विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट से प्रभावित होकर मोहनपुर प्रखंड के निवासी जिला परिषद गीता देवी के पति दिनेश दास ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। बाराचट्टी विधानसभा में लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए उन्हें जिला उपाध्यक्ष सह बाराचट्टी विधानसभा का प्रभारी और राजू सिंह को जिला उपाध्यक्ष अतरी विधानसभा का प्रभारी मनोनीत किया गया। एसी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ बी एन चौधरी ने संगठन विस्तार करते हुए कई लोगों को पदभार देने का काम किया। इस मौके पर पार्टी के गया जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह,राष्ट्रीय महासचिव अति पिछड़ा मनोज कुमार एवं प्रदेश पदाधिकारियों में कमलेश शर्मा, केदार पासवान,चिंटू शर्मा, जितेंद्र पासवान,इंदरजीत सिंह, मुंद्रिका पासवान,पार्टी के प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों में सुबोध सिंह अमित शर्मा, नीतिश शर्मा, डॉ बी एन चौधरी,राधा स्वामी, सोहन प्रजापति और प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।

**शहर >> अपडेट**

### कलवार समाज को अलग कोड निर्धारित करें : जयसवाल

**मोतिहारी :** बिहार मे हो रहे जातीय जनगणना की सूचि मे कलवार समाज को अलग कोड निर्धारित कर गणना कराई जाए। इसके लिए आज विधानसभा के सदन में विधान पार्षद दिलीप जायसवाल,ढाका क विधायक पवन जायसवाल, तरुण चौधरी एवं विनोद जायसवाल के संयुक्त नेतृत्व में कलवार समाज को बिहार में जातीय जनगणना हेतु अलग से कोड निर्धारित कराने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर एक ज्ञापन दिया गया। जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए अलग से कोड निर्धारित करने के लिए आश्वस्त किए।

### समाजसेवी ने सुनी गरीब व निसहाय लोगों की समस्या



**फेनहारा :** राष्ट्रीय युवा कल्याण मोर्चा के बैनर तले संस्थापक अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह के द्वारा एक मुहिम चलाया जा रहा है। इसमें गांव-गांव घर घर जाकर युवा मोर्चा के सदस्य गलत बिजली बिल से परेशान व्यक्तियों की समस्याओं को सुनकर उसकी शिकायत दर्ज कर रहें हैं। ग्रामीणो ने बताया कि वो एक या दो बल्ब भी जलाते हैं तो उसका बिजली बिल पांच हजार से बीस हजार तक आ रहा है। और विभाग के कर्मचारी आकर बोलते हैं कि आधे पैसे में सेटल मेन्ट करवा दूंगा। पैसे भी लेकर चले जाते हैं। तक्षण बिल अमाउंट भी खत्म बता देते हैं। और अगले महीने जब बिल आता है तो राशि पहले से ज्यादा हीं रहती है। ऊपरी अधिकारियों से बात करने पर बिल पोस्टिंग नहीं होने की बात कही जाती है। संस्थापक अध्यक्ष राणा रंजीत ने बताया कि ये नीचे से ऊपर तक अधिकारियों कमी हो या मिलीभगत है। इसकी शिकायत मैं बरिय पदाधिकारी से करूंगा यदि फिर भी सुधार नहीं होता है तो एक बड़ा आंदोलन होगा। मौके पर मनीष कुमार विद्वान, बिपिन कुमार, अमित कुमार, रंजीत कुमार सहित सैकड़ो लोगो ने अपनी फरियाद सुनाई।

### चोरी की दो बाइक के साथ दो गिरफ्तार



**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत ठकराहा थाना के पुलिस कर्मियों की टीम ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है तथा दो बाइक भी जप्त किया है। बगहा पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव द्वारा जानकारी दी गई कि रविवार के दिन सभी थाना द्वारा विधि-व्यवस्था के मद्देनजर विशेष वाहन जाँच अभियान चलाया रहा था। इसी क्रम में ठकराहा थाना के द्वारा वाहन जॉच के दौरान एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाईकिल बजाज प्लेटीना लेकर आ रहा था। जिसपर बदला हुया नम्बर प्लेट लगा था। जाँच के क्रम में पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते हुए बाइक को जप्त कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर एक सुपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल सहित एक और बाइक चोरी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान ठकराहा थाना क्षेत्र के ढबिया भवानीपुर निवासी लालबाबु कुवर व बेतिया के श्री नगर पुजहाँ थाना के मलाही टोला निवासी संदिप कुमार के रूप में की गयी है। जाँच टीम में दरोगा सन्टु कुमार, सिपाही चन्दन कुमार, मुकेश कुमार तथा सतीश कुमार शामिल थे।

# जातिवादी करने वाले लोग आतंकवादी से भी खतरनाक : डॉ. पंकज भारती

राष्ट्रीय खबर



**सारण :** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ इकाई तरैया,सारण के सचिव तथा प्रखर लेखक और उत्कृष्ट विचारक डॉ. पंकज भारती ने शिक्षा-शिक्षक-शिक्षार्थी संवाद कार्यक्रम के दौरान अपने एक संबोधन में कहा कि जातिवादी लोग आतंकवादी से भी खतरनाक है। जातिवाद और धार्मिक उन्माद जहर के समान है, आए दिन देखने और सुनने को मिलते रहता है कि कुछ लोगों द्वारा जाति, क्षेत्र के नाम पर लोगों को लड़ाने संप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का षड्यंत्र रचा जाता है। जाति के नाम पर राजनीति करने वालों और वोट मांगने वालों के ऊपर मुकदमा दर्ज होनी चाहिए, ये लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहें है। वर्तमान में समाज में नफरत फैलाने वाले तत्वों से सतर्क और सावधान रहने की बेहद जरूरत है। जो लोग जातिवाद फैला रहे है समझियें कि वे लोग आतंकवाद फैला रहें है। जातियता के दुष्परिणाम स्वरूप समाज मे योग्य तथा कुशल व्यक्तियों को आगे बढ़ने का अवसर नही मिल पाता है। अतः योग्य व्यक्तियों मे बेकारी, बेरोजगारी तथा असंतोष फैलता है। जातिवाद के कारण समाज विभिन्न भागों मे विभाजित हो जाता है, हर जाती अपनी ही जाति के सदस्यों का भला चाहती है। इससे राष्ट्रीय विकास कार्य मे बाधा पड़ती है। उन्होंने तमाम लोगों से आग्रह और अपील किया कि समस्त प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को जात-पात और धर्म की भावना से ऊपर उठकर देश के उत्थान के लिए आगे आना चाहिए, और आगे आने वाले नये पीढ़ी को इस सामाजिक कोढ़ के बारे में व इसके दुष्परिणाम के बारे में आवश्य बताने की जरूरत है। ताकि समाज से सामुदायिक भावना का ह्रास, सामाजिक असुरक्षा, सामाजिक अलगाव, निजी स्वार्थ, एकाकीपन, अनियमितताएं, भ्रष्टाचार, इत्यादि को समाप्त करनें की दिशा में कारगर व सार्थक प्रयास किया जा सके। आगे उन्होंने यह कहा कि हमें अपनी चट्टानी एकता को सदैव बनाए रखने की जरूरत है, और जो लोग जाति-पाती करते हैं उन्हें एकदम बहिष्कार करने की जरूरत है, ताकि समाज सुरक्षित रह सके। मौके पर क्षेत्र के अनेकों गणमान्य शिक्षक एवं कई शिक्षा प्रेमी लोग उपस्थित थे।

## निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें कार्य : कार्यपालक अभियंता

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत सभी लंबित पथों का निर्माण कार्य विभागीय निदेशानुसार जून 23 तक किसी परिस्थिति में गुणवत्तायुक्त पूर्ण करें संवेदक। उपर्युक्त विचार रंजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बेतिया ने कार्यालय मे मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (जेईएन, एससी और एसटी) अंतर्गत सभी पथों के प्रगति समीक्षात्मक बैठक के दौरान व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित अभियंताओं एवं संवेदको को संबोधित करते हुए कार्यपालक अभियंता ने कहा कि सभी पथों का गुणवत्तायुक्त निर्माण असमय अवश्य पूर्ण करें। श्री कुमार ने कहा कि 15 जून 23 से मानसून आगमन सम्भावित रहता है। इसलिए इस उद्देश्य की पूर्ति एकरारित सभी पथों का कार्य 15 जून 23 तक से पहले पूर्ण करना आवश्यक है। सभी संवेदक को निर्देशित किया गया कि 15 जून 23 तक पूर्ण करने संबंधी शपथ पत्र एवं कार्य योजना 5 दिनों में समर्पित करना सुनिश्चित करें। जिस संवेदको का 5 दिनों के अंदर शपथ पत्र एवं कार्य योजना समर्पित नहीं किया जाता है। वैसे संवेदक के विरुद्ध दी बार, काली सुची में दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि नए वित्तीय वर्ष में विभाग में आवंटन राशि की कोई कमी नहीं है, काम करें भुगतान प्राप्त करें।

### चरस के साथ युपी पुलिस के हत्थे चढ़ा बगहा का तस्कर



**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत नदी थाना क्षेत्र निवासी एक चरस तस्कर को युपी पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने मीडिया कर्मियों को दी। कुशीनगर एसपी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर उमेश चन्द्र भट्ट के नेतृत्व में अपराध, अपराधियों तथा अवैध मादक/द्रव्य पदार्थों की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्वाट प्रभारी सुशील कुमार शुक्ला, मय स्वाट टीम व प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, थाना कोतवाली पडरौना की पुलिस द्वारा पडरौना थाना क्षेत्र के मिश्रौली बाजार नहर रोड़ के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसके कब्जे से 09 पैकेट पन्नी में कुल 4.836 किग्रा चरस बरामदगी की गयी। जिसका अनुमानित कीमत लगभग 26 लाख 59 हजार रुपये आंकी गई है। तस्कर की पहचान बिहार, प0 चम्पारण जिले के नदी थाना अंतर्गत मदरहवा मौजा टोला निवासी रामनरेश यादव के पुत्र लाल रतन यादव के रूप में की गयी है। मामले में पडरौना थाना कांड संख्या 279/2023 एनडीपीएस एक्ट दर्ज करते हुए कुशीनगर पुलिस अग्रिम कार्यवाही मे जुटी हुई है।

## वेस्ट चम्पारण केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का चुनाव आमसभा में संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** वेस्ट चम्पारण केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की आम सभा सह चुनाव बेतिया के केमिस्ट भवन में तीन लालटेन के समीप रविवार को संपन्न हुआ। इस सभा की अध्यक्षता अनील दास एवं संचालन सचिव नरेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। कोषाध्यक्ष ज्ञान चंद्र प्रसाद ने जिला संगठन के आय-व्यय का ब्यौरा आमसभा में प्रस्तुत किया। सभा में जिला संगठन के नए सत्र आगामी 2023 से 2026 के लिए पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया। जिसमें क्रमशः अध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष विजय प्रसाद, सचिव नरेश कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव ज्ञानचंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र चटर्जी, संगठन सचिव मोहम्मद टीपू सुल्तान निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गए। सभा में संरक्षक अनील दास उर्फ लोकमान दास, जनसंपर्क पदाधिकारी मलय कुमार तिवारी, प्रशासनिक सचिव राकेश कुमार बरनवाल, प्रवक्ता पंकज कुमार गुप्ता, अंकेक्षक नारायण प्रसाद जयसवाल को मनोनीत किए गये। इस आमसभा में जिला संगठन के अध्यक्ष एवं सचिव ने राज्य संगठन के पदाधिकारियों को पुष्प माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस आमसभा में सबसे बड़ी बात यह कि हमारे आमसभा में बिहार केमिस्ट एवं ड्रजिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिंह, महासचिव प्रदीप चौरसिया, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह संगठन सचिव प्रभाकर कुमार एवं प्रशासनिक सचिव तरुण कुमार की गरिमामई उपस्थिति रही। इस सभा में मुख्यालय बेतिया सहित विभिन्न प्रखंड स्तर के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। इस बैठक में मुजफ्फरपुर, सिवान, गोपालगंज, संगठन के पदाधिकारी की गरिमामय उपस्थिति भी रही। बगहा एक,बगहां दो, बाल्मीकि नगर हरनाटांड, सेमरा बाजार, नरकटियागंज, इनरवा, रामनगर, चनपटिया, मझौलिया, नौतन, बैरिया, सिकटा, योगापट्टी एवं इनरवा के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## उपलब्धि : पिस्तौल व दो कारतूस के साथ अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/मधुबनी :** पुलिस जिला अंतर्गत धनहा थाना क्षेत्र के युपी-बिहार की सीमा पर तैनात धनहा थाना के पुलिस कर्मियों की टीम ने रविवार की शाम संदेह के आधार पर एक अपराधी को दौड़ा कर पकड़ लिया। जाँच के क्रम में उसके पास से एक पिस्टल व दो कारतूस बरामद किया गया।

मामले में बगहा पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ने बताया कि मेरे द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में सभी थाना द्वारा विधि-व्यवस्था के मद्देनजर विशेष वाहन जॉच अभियान चलाया रहा था। इसी क्रम में धनहा थाना के द्वारा दहवा-बासी पुल पर वाहन जाँच किया जा रहा था। जाँच के क्रम में उतर प्रदेश कि ओर से आ रहे दो व्यक्ति जिसका चाल ढाल संदिग्ध लगा तो जाँच कर रहे पुलिस कर्मी द्वारा रुकने को कहा गया। पुलिस के द्वारा रूकने का निर्देश सुनकर दोनो अचानक भागने लगे। उनका भागना पुलिस के शक को यकीन मे बदल दिया और पुलिसकर्मियों ने दौडा कर एक को पकड़ लिया। हालांकि दूसरा उत्तर प्रदेश के सीमा घुसकर भागने में सफल रहा जिसकी शिनाख्त की जा रही है। पुलिस गिरफ्त में आये व्यक्ति की जॉच की गई तो उसके पास से एक 9एमएम की देशी पिस्टल व 32 एमएम की दो जिंदा गोली बरामद किया। तथा एक उतर प्रदेश की ओर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान तैयब अंसारी, पे०- मुख्तार अंसारी, सा०-अमवाँ फॉम खिडकिया, थाना - पडरौना, जिला-कुशीनगर उत्तर प्रदेश के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी में धनहा थाना के पु०अ०नि० अनिष कुमार, हवलदार कैलाश कुमार, सिपाही अनुज कुमार, सिपाही राकेश कुमार तथा होमगार्ड के सिपाही रामेश्वर साव व छोटेलाल यादव द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। मामले में धनहा थाना काण्ड सं0-66/23 आर्म्स एक्ट अंकित कर अग्रत्तर कार्रवाई की जारी हैं।

### नाला निर्माण में हरा वृक्ष काटने का मामला थाना तक पहुंचा



**लौरिया :** प्रखंड के बेलवा लखनपुर पंचायत के लखनपुर गांव के बाहर हरा पेड काटकर बन रहे नाला का मामला एससी एसटी थाना से लौरिया थाना तक पहुंच गया है। बता दे कि लखनपुर पुरब टोला से पश्चिम टोला आने वाले पीच रोड के किनारे पंचायत समिति गायत्री देवी पति लालु राम के द्वारा पन्द्रहवे वित्त से नाला का निर्माण कराया जा रहा है। इस नाला निर्माण के क्रम में रास्ते मे पडने वाले करीब आधा दर्जन मोटे मोटे हरा पेड और पक्की सडक के किनारे ईट सोलींग उखाड़ दिया गया। जिसे देखकर ग्रामीणो ने विरोध किया। ग्रामीणो ने एक सामुहिक आवेदन जिला पदाधिकारी बेतिया, उप विकास आयुक्त बेतिया, अनुमण्डल पदाधिकारी नरकटियागंज, सीओ लौरिया, बीडीओ लौरिया और थानाध्यक्ष लौरिया को दिया बदले मे समिति पति लालु राम भी एससी एसटी थाना लौरिया मे आवेदन लेकर पहुंच गये। अभी तो फिलहाल काम बंद है, इस सम्बंध मे बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षीत ने बताया कि जिस जगह नाला निर्माण हो रहा है उस जगह को परिवर्तित कर दिया गया है।

## बन रहा बिहार का माडल कचरा प्रबंधन भवन

राष्ट्रीय खबर



**लौरिया :** सिसवनिया पंचायत के वार्ड संख्या 12 में बिहार का माडल कचरा प्रबंधन का भवन निर्माण हो रहा है। जिसका निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है। ऐसा कचरा प्रबंधन भवन अपने यहा दोनों चम्पारण क्षेत्र में देखने को नहीं मिलेगा, ऐसा कचरा प्रबंधन भवन केवल मिथिलांचल के तरफ देखने को मिलेगा। समस्तीपुर के रोसड़ा प्रखंड क्षेत्र के एक पंचायत क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सिसवनिया मुखिया ने कचरा प्रबंधन भवन को देखा। उसी तर्ज पर कचरा प्रबंधन भवन अपने पंचायत क्षेत्र में बनाने का विचार किया। वैसा ही कचरा प्रबंधन भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है। निर्माण होने के बाद देखने योग्य होगा हमारे पंचायत का माडल कचरा प्रबंधन भवन जिसके चारों तरफ बाउंड्री षष्ठम वित्त आयोग से बन रहा है। कचरा प्रबंधन भवन मनरेगा योजना अंतर्गत बन रहा है। जिसमें पार्क का निर्माण भी होगा। जिसे रंग बिरंगे फूल पौधों से सजाया जाएगा। कचरा भी हमारे व्यवहारिक जीवन का सामग्री हैं। बन रहे बिहार का माडल कचरा प्रबंधन भवन में तीन टैग का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिसमे एक टैग में गिला कचरा जमा किया जाएगा तथा दुसरे टैग में सुखा कचरा जमा किया जाएगा। कांच,सीसा तथा प्लास्टिक को रखने के लिए अलग अलग टैग का निर्माण होगा। सिसवनिया पंचायत क्षेत्र के किसानों को खाद लेने के लिए अन्यत्र जाना नहीं पड़ेगा। यही से किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

उपर्युक्त जानकारी पंचायत के मुखिया कन्हैया कुशवाहा ने मीडिया को दी। बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित व कार्यक्रम पदाधिकारी रंजीत कुमार ने उपर्युक्त निमार्णाधीन कचरा प्रबंधन भवन का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सिसवनिया पंचायत में बन रहा प्रखंड का पहला माडल कचरा प्रबंधन भवन होगा, जो हमारे लिए गर्व की बात है। जिसे देखकर मन प्रफुल्लित है।

## बहाली में विलंब अक्रोशित अभ्यर्थियों का आमरण अनशन जारी

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** बिहार राज्य गृह रक्षा वाहिनी के सैकड़ों जवानों ने विज्ञापन संख्या 02/2011 के हवाला देते हुए। बहाली में 12 वर्ष की विलंब पर चिंता व्यक्त किया। बीएचजी अभ्यर्थियों ने विभागीय उदासीनता पर चिंता वयक्त किया, शहर में पैदल मार्च निकालकर समाहरणालय पहुंचे और अक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। उन्होंने समाहरणालय के समक्ष दरी पर आमरण अनशन पर प्रारम्भ कर दिया है। उनका कहना यह कि 27 फरवरी 2023 को एसडीएम तथा बगहा समादेष्ठा ने लिखित रुप में उन्हें 15 मार्च से 25 मार्च के बीच जांच परीक्षा के लिए तिथि प्रकाशन की सूची प्रकाशित करने का आश्वासन दिया। लेकिन पूरा मार्च का महीना बीत जाने के बाद भी जांच परीक्षा की तिथि का निर्धारण नहीं किया गया। इस दिशा में कोई पहल भी विभागीय पदाधिकारियों ने नही किया। उन्हें सिर्फ आश्वासन दर आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि राज्य के अन्य जिलों में भर्ती की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली गई है। इन जवानों का नेतृत्व कर रहे मनोज कुमार तथा मृत्युंजय गोंड ने बताया कि हम जवानों के सामने करो और मरो की स्थिति है। उनकी आयु सीमा भी धीरे-धीरे खत्म होने के कगार पर है, अपने घर और बाल बच्चों पर बोझ बनकर दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, लेकिन चम्पारण के पदाधिकारी टस से मस होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में आमरण अनशन के सिवा उनके लिए कोई और रास्ता नहीं बचा है। इस अवसर पर सोनेलाल चौधरी, प्रमोद प्रसाद, रवि कुमार राय, अवधेश कुमार, खूबलाल राम, शंभू बैठा, हीरालाल राम, दिनेश कुमार, मनोज कुशवाहा, जाकिर अंसारी, योगेंद्र प्रसाद के साथ सैकड़ों की संख्या में उनके साथी उपस्थित रहे।

### एबीवीपी राम लखन सिंह यादव कॉलेज ईकाई गठित



**बेतिया :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेतिया ने राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय इकाई को भंग कर, नई इकाई की घोषणा किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन जिला संयोजक अभिजीत राय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल झा, किशन श्रीवास्तव, मोहित गुप्ता एवं नगर विस्तारक आदित्य सिंह ने स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती की चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला संयोजक अभिजीत राय ने बताया कि अभाविप आज कार्य पद्धति के कारण ही विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह संगठन गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए, विद्यार्थीहित, राष्ट्रहित में लगातार काम कर रही है। प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य विशाल झा, मोहित गुप्ता, किशन श्रीवास्तव व मोहित गुप्ता ने बताया कि इकाई पुनर्गठन के बाद परिषद के कार्यकताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। कॉलेज में नई इकाई सशक्त होकर काम करेगी, विद्यार्थी परिषद प्रारम्भ से विद्यार्थियों के अधिकार के लिए आवाज उठाती आई है। नई इकाई गठन उपरांत कई अन्य समस्याओं पर भी आवाज बुलंद नई इकाई करेगी। इस अवसर पर जिला संयोजक अभिजीत राय व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहित गुप्ता ने पुरानी इकाई को भंग कर, नई इकाई की घोषणा किया। जिसके अनुसार कॉलेज अध्यक्ष अमित यादव, कॉलेज उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय, आशीष गुप्ता, अभिषेक शर्मा बनाए गए, मिथलेश कुमार कॉलेज मंत्री, अभिषेक कुमार व आर्यन कुमार को कॉलेज सह मंत्री, मंकेश्वर कुमार व राजा कुमार को क्रमशः एसएफडी तथा एसएफएस, अंकित तिवारी, अंकित कुंवर कॉलेज कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस क्रम में शीतांशु मिश्र, सूरज पाण्डेय, श्याम बाबू कुमार, रामबाबू कुमार उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### 63केवी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**तेनुघाट** : तेनुघाट मुख्यालय स्थित तेनुघाट पंचायत के न्यू मार्केट मे गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो व पंचायत की मुख्य नीलम श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से 63केवी के ट्रांसफार्मर का फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया गया। वंही बताता चालू की न्यू मार्केट मे बसें सौ घर लगभग पांच दिनों से अँधेरे मे था जो आज गोमिया विधायक डॉ महतो के प्रयास से फिर एक बार जगमग हो गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 'गोवा सरकार ने की पत्रकारों पर सुविधाओं की बौछार

**बेरमो** : अपने बजट भाषण में सीएम सावंत ने पणजी के पट्टो में प्रस्तावित प्रशासनिक भवन में 'पत्रकार भवन' के लिए जगह आवंटित करने की घोषणा की।सावंत ने मौजूदा पत्रकारों की मासिक पेंशन बढ़ाने का भी प्रस्ताव पास किया, 8,500 से 1,500 रु संशोधन के बाद मासिक पेंशन राशि 10,000 रुपये प्रति माह हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के लिए ई-बाइक की भी घोषणा की है। पत्रकार संगठन ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगों में गोवा में स्वतंत्र 'पत्रकार भवन', पत्रकारों की मासिक पेंशन राशि में वृद्धि, पूर्णकालिक पत्रकारों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन, पूर्णकालिक पत्रकारों के लिए आवास और पूर्ण-कालिक पत्रकारों के लिए राज्य भर में मुफ्त यात्रा सुविधा शामिल है।

### भगवान महावीर जयंती के मौके पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**पेटरवार** : पेटरवार में दिगंबर जैन समाज की ओर से भगवान महावीर जयंती के मौके पर सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा पेटरवार बाजार टांड स्थित दिगंबर जैन मंदिर से बाजे- गाजे के साथ निकाली गई जो बाजार टांड, थाना रोड़, तेनुचौक होते हुए चक्षु चिकित्सालय परिसर में पहुंचे जहां यह शोभायात्रा एक धर्म सभा में तब्दील हो गयी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी शैक्षणिक सत्र 23-24 शुरू

**बेरमो** : फुसरो नगर परिषद अंतगर्त जीम कॉलोनी स्थित कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में नये शैक्षणिक सत्र 2023-2024 का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर आचार्य राजेंद्र पाण्डेय द्वारा विद्यालय परिसर में हवन -पूजन, यज्ञ, एवं पंच देवता का आह्वान किया। प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा ने नव नामांकित भैया बहनों को आशीर्वचन द्वारा नई कक्षा में प्रवेश कराया. इस अवसर पर विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे जी ने भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आचार्य /आचार्या कुमार गौरव, शैलबाला कुमारी, संजू ठाकुर, प्रियंका कुमारी, अनुपमा झा, विभा सिंह, ललिता कुमारी,बंधन कुमारी, पूजा दुबे, उज्जवल कुमार, ऋषिकेश तिवारी, शिवपूजन सोनी एवं वीणा कुमारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों का होगा नि:शुल्क इलाज : प्रकाश

**बेरमो** : बेरमो विधानसभा क्षेत्र के जरुरतमंदों का निशुल्क उपचार होगा। जो लोग अपना या अपने परिजन का इलाज कराने में सक्षम नहीं है,वह मुझसे संपर्क करें। उनका इलाज नि:शुल्क एम्स सहित देश के सभी बड़े सरकारी चिकित्सा संस्थानों में कराया जाएगा। यह कहना है सिरम इंस्टीट्यूट इंडिया के निर्देशक प्रकाश कुमार सिंह का। वह लोगों का इलाज शांति श्याम फाउंडेशन के माध्यम से कराएंगे, जिसके वह राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि वह काफी अरसे से दिल्ली में रह रहे हैं। फिर भी उनका लगाव बेरमो से अभी भी है और सदैव रहेगा। क्योंकि उनके जीवन का बचपन से लेकर युवावस्था तक का अधिकतर समय बेरमो में ही व्यतीत हुआ है। वह बेरमो क्षेत्र और यहां के लोगों के हित के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं।

**अपराध** रजरप्पा के जनियामारा जंगल में नाबालिग युवती से दुष्कर्म, एक आरोपी गिरफ्तार

# आरोपियों पर होनी चाहिए कठोर कार्रवाई : कुंटू बाबू



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा(रामगढ़)**: रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत जनियामारा जंगल में एक नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार गोला थाना अंतर्गत खोखा बयांग की एक नाबालिग युवती अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए माँ छिन्नमस्ता मंदिर जा रही थी। रास्ते मे जनियामारा जंगल के समीप दो लोगों ने मोटरसाइकिल रोककर युवती के दोनों दोस्तों के साथ मारपीट कर उन्हें भगा दिया। वही युवती को घसीटते हुए जंगल में ले जाकर दोनो आरोपियों ने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद दोनों ने पीड़िता को धमकी देते हुए कहा कि किसी को बताओगी तो जान से मार देंगे। जिसके बाद युवती किसी तरह भागकर पुलिस के पास पहुँची। जहाँ उन्होंने अपनी दास्ताँ को पुलिस को बताया। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए जंगल से ही एक आरोपी भुचुंगडीह निवासी रहीम अंसारी( 40 वर्ष) को गिरफ्तार कर थाना ले आई। वहीं युवती को मेडिकल चेकअप के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया।

**आरोपियों पर हो कठोर कार्रवाई : कुंटू बाबू**

इस शर्मनाक घटना पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा कि यह घटना काफी शर्मनाक एवं समाज को कलंकित करनेवाला है। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों को कठोर कार्रवाई करने की माँग की ताकि कोई अन्य ऐसा दुस्साहस करने की कोशिश ना करे। उन्होंने प्रशासन से पिड़िता को यथोचित न्याय दिलाने की माँग की है। इस प्रकार की शर्मनाक घटना की जितनी भी निंदा की जाय कम है।

**पिड़िता को मिले न्याय : मुन्ना पासवान**

इस शर्मनाक घटना पर काँग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि इस तरह की घटना से समाज घृणित होता है। आरोपियों को कठोर दण्ड मिलनी चाहिए। अनेक नेताओं और समाजसेवियों ने घटना की भर्त्सना की जिले के नेताओं एवं समाजसेवियों ने घटना की घोर निन्दा की है। झामुमो के जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो घटना की तीव्र भर्त्सना की है। काँग्रेस नेता चन्द्रशेखर पटवा ने समाज के दुश्मनों को फाँसी की सजा की माँग की है। चितरपुर प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ काँग्रेसी लक्ष्मण महतो ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों को कठोर सजा की माँग की है।

**दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई, मामले की हो रही जाँच : एसडीपीओ**

रामगढ़ एसडीपीओ किशोर रजक ने कहा कि लड़कीं के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया हैं। पीड़ित परिजनों ने आवेदन दिया हैं। जिसपर पुलिस कार्रवाई कर रही हैं। दुष्कर्म मामले में एक व्यक्ति ( रहीम अंसारी 45 वर्ष ) को गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

## ब्रम्हाकुमारी संस्था के संचालन समिति की बैठक

राष्ट्रीय खबर

**पतरातू**: पतरातू पी टी पी एस पथ संख्या 5 स्थित किशोर कुमार महतो के आवासीय कार्यालय परिषर में ब्रह्मकुमारी संस्था के संचालन समिति का आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो एवं संचालन प्रियनाथ मुखर्जी के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति कई सारे अहम फैसलों पर निर्णय लिया गया। एवं आगामी 9 अप्रैल 2023 के होने वाले समिति के द्वारा एकदिवसीय कार्यक्रम को सफल संचालन हेतु समिति के सदस्यों को विभिन्न कार्य संचालन हेतु भार दिया गया। होने वाले कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे और कार्यक्रम का लाभ ले सके इसके लिए समिति द्वारा प्रचार-प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया । समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल श्रम कल्याण केंद्र में प्रातः 10:00 से 1:00 तक संस्था द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम होना तय किया गया है। संस्था द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस भाग दौड़ भरी जीवन में मेडिटेशन से आम लोगों को लाभ किस प्रकार से मिल सके इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी।संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी संस्था की ओर से बीके शिखा, डीके रोशनी , बीके मुन्नी , बीके रामदेव एवं बीके सेवाराम उपस्थित रहे। ब्रह्मकुमारी संचालन समिति की ओर से मुखिया किशोर कुमार महतो, संजय कुमार सिन्हा, प्रिय नाथ मुखर्जी, बैजनाथ राय, चंदन कुमार, रणधीर कपूर , गणेश करमाली इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

## समुदायिक केंद्र पर कब्जा कर खोला गया महिला सिलाई सेंटर



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र अंतर्गत कथारा रेलवे कॉलोनी मे मजदूरो की सुविधा के लिए सीसीएल द्वारा समुदायिक भवन का निर्माण करवा गया था। मगर यह समुदायिक भवन आय दिन षड्यंत्र का शिकार होता रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल द्वारा निर्मित इस समुदायिक भवन में किसी व्यक्ति द्वारा स्कूल खोला गया था मगर पंचायत के मुखिया द्वारा इसे खाली करवाया गया ताकि जिस उद्देश्य के लिए यह भवन बना है वह पुरा हो सके। मगर कुछ तथाकथित समाजसेवियों की गिद्ध दृष्टि इस शानदार भवन पर गड़ी थी और मौका मिलते ही उक्त तथाकथित समाजसेवी ने इस भवन पर कब्जा करते हुए इसमे महिला सिलाई केंद्र खोल दिया। कहा गया कि महिलाएं यहां सिलाई व गढ़ाई सीखकर सशक्त बनेगी। काफी तामझाम के साथ इस केंद्र का उद्घाटन किया गया मगर आज यह भवन समुदायिक होने के बाद भी किसी की खास मिल्कियत बनती दिख रही है। ऐसे तो कथारा रेलवे कॉलोनी मे दर्जनों ऐसे भवन है जिसका निर्माण सीसीएल द्वारा मजदूरो को सहुलियत पहुचाने है के लिए बनवाया गया मगर फिलवक्त सभी जर्जर और उपयोगिता विहिन होकर धंसने के कागार पर खड़ी है यही समुदायिक केंद्र ही मात्र एक ऐसा भवन यहां बचा है जो आज भी यहां रहने वालो के लिए उपयोगी और लोगो विभिन्न उत्सवो और कार्यक्रमों में ला सकते है मगर दुर्भाग्य देखिए कि आज यह भवन किसी खास व्यक्ति के अधिन है जो कि किसी भी किमत पर नियम संगत नही दिखता।

## जिला प्रशासन महिला सुरक्षा के मामले में चेते,यह है हमारी चेतावनी : संतोष महतो



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़** : जिले में रोज कहीं न कहीं महिलाओं के साथ हिंसा और प्रताड़ना की घटनायें हो रही हैं, जो गम्भीर चिंता का विषय है। इस सम्बन्ध में झापा के पूर्व प्रत्याशी संतोष महतो ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि रजरप्पा थाना क्षेत्र के जनियामारा गाँव में एक नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना हुई है। इस घटना ने ज़िले के मयार्दा को और ज़िले की पुलिस प्रशासन व्यवस्था को शर्मसार कर दिया है। इस घटना में शामिल आरोपियों को अविलम्ब गिरफ़्तार कर कड़ी करवाई हो नहीं तो सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। रामगढ़ पुलिस प्रशासन उद्योगपतियों के चमचागिरी करने और उनको कोयला बालू आपूर्ति कराने में व्यस्त है। पूरा जिला प्रशासन दिन रात कोयला तस्करों से वसूली करने में लगा हुआ है।साथ ही साथ दूसरी घटना के बारे में उन्होंने कहा कि बड़की कोइया में विकास महतो पिता दशरथ महतो ने अपने गाँव की ही गरीब परिवार की लड़की के साथ मारपीट की और जबरन माँग में सिंदूर डाल दिया और किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी भी दी। कहा गया कि परिवार को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने गोला थाना प्रभारी सिद्धांत कुमार और रामगढ़ एसडीपीओ किशोर रजक से भी बात की और इस मामले को गम्भीरता से लेने का आग्रह किया है। हर हाल में दोषियों पर कारवाई होगी, इसके लिए दोनो ने उन्हें आश्वस्त भी किया है। लेकिन पुलिस प्रशासन की जरूरत है कि वो और मुस्तैद होकर अपनी जिम्मेदारी निभाए ताकि इस तरह की घटनायें बंद हो।

## आंगनबाड़ी केंद्र में डर के साए में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं नौनिहाल



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : प्रदेश सरकार छोटे-छोटे बच्चों के विकास, पोषण व आरंभिक शिक्षा के लिए विशेष जोर दे रही है। कई आंगनबाड़ी को मॉडल बनाकर उसमें आधुनिक स्तर की सुविधाएं भी दी गई है, परंतु अब भी कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनकी स्थिति अत्यंत दयनीय एवं खस्ता हाल हैं। वहीं मांडू प्रखंड के लईयो दक्षिणी पंचायत अवस्थित गोसी गांव का आंगनबाड़ी केंद्र भी उन्हीं में से एक है, जो अव्यवस्थाओं का दंश झेल रहा है। आंगनबाड़ी भवन की दीवार जर्जर हो गया है। यहां पेयजल की समस्याएं तो है ही, साथ ही शौचालय कि स्थिति भी बदहाल है। बच्चों को शुद्ध पेयजल के लिए भी मशक्कत करनी पड़ती है। आंगनबाड़ी सेविका कुंती देवी के अनुसार बच्चों को मानक के अनुसार अन्य सुविधाएं तो मिलती है। परंतु, बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। वहीं आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत को लेकर विभाग को कुछ महीने पहले आवेदन तो दिया गया है पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**पैड वितरण** डिजिटल दीदियों को मिला स्मार्ट सैनिटरी पैड

# ग्रामीण महिलाएं एवम किशोरियां करेंगी स्मार्ट पैड का उपयोग

- किफायती तरीके के लिए डिजाइन किया गया एक कपड़े का पैड है
- स्मार्ट पैड डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन कि एक पहल है



राष्ट्रीय खबर

**गोला** : डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन के तत्वाधान में गोला डीबीसी चौक स्थित फैक्ट कम्प्यूटर के समीप डिजिटल दीदियों के बीच स्मार्ट सैनिटरी पैड के वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान गोला, चितरपुर , दुलमी व रामगढ़ प्रखंड के 18 डिजिटल दीदीयों के बीच स्मार्ट सैनिटरी पैड का वितरण किया गया । गौरतलब है कि इन महिलाओं के द्वारा अपने आसपास के क्षेत्रों से 100-100 महिलाओं को चिन्हित करते हुए उन्हें मासिक धर्म चक्र से संबंधित प्रशिक्षण देते हुए उनके बीच स्मार्ट सैनिटरी पैड वितरण कर उनकी उपयोगिता एवं पर्यावरण की सुरक्षा संबंधित कई जानकारी प्रदान की गई। इस बाबत उपस्थित सभी प्रतिभागियों के बीच स्मार्ट सैनिटरी पैड की खूबियों की जानकारी देते हुए डीईएफ के जिला समन्वयक अंजर रजा ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता के प्रबंधन के लिए टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल, स्वस्थ और किफायती तरीके के लिए डिजाइन किया गया एक कपड़े का पैड है। जो कि बार बार धो कर इस्तेमाल किया जा सकता है। स्मार्ट पैड डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन कि एक पहल है जो डिजिकरघा के कारीगरों द्वारा बनाया और मार्केटिंग किया जा रहा है। स्मार्टपैड का उद्देश्य वर्जित विषय पर चुप्पी तोड़ने के साथ-साथ मासिक धर्म और स्वच्छता के महत्व को उजागर करना है। एक महिला अपने जीवन में लगभग 400 पीरियड्स का अनुभव करती है। हालांकि खराब मासिक धर्म प्रबंधन के कारण किफायती और टिकाऊ मासिक धर्म विकल्पों की कमी आम है। रूढ़िवादी विश्वास, और अंधविश्वास के कारण खराब मासिक धर्म, स्वच्छता, और प्रजनन पथ के संक्रमण में 70% की वृद्धि देखी गई है। इस मुद्दे को विशेष रूप से कम आय वाले वर्गों के संदर्भ में संबोधित किया जाना चाहिए।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में हुआ नए सत्र का शुभारंभ

**बेरमो** : सोमवार को स्थानीय विद्यालय अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में नए सत्र का प्रारंभ हवन पूजन के साथ प्रारंभ हुआ।प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा एवं सचिव अमित कुमार सिंह के अगुवाई में समस्त आचार्य एवं दीदी जी की उपस्थिति में साथ ही विद्यालय के सभी भैया बहनों ने सम्मिलित होकर हवन पूजन एवं रामायण के सुंदरकांड के पाठ के साथ सत्र की शुरूआत की।आचार्य दिवाकर पाण्डेय जी के द्वारा हवन पूजन के बाद रामायण की सुंदरकांड के पाठ से पूरा विद्यालय में आनंदमय एवम भक्तिमय वातावरण बन गया इस अवसर में सभी दीदी जी आचार्य जी एवं सभी भैया बहन काफी उत्सुक नजर आ रहे थे।पाठ के मंत्रोच्चार से विद्यालय में काफी मनोरम एवं आध्यात्मिक वातावरण का परिदृश्य नजर आ रहा था। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधुओं के साथ सभी कर्मचारी बंधु भगिनी एवं समस्त भैया बहन उपस्थित थे।

### एक इंजीनियर की मौत

**बेरमो** : गोमिया-गोमिया प्रखंड के गैरमजरूआ बस्ती निवासी एक इंजीनियर की रहस्यमय परिस्थिति में मौत गुजरात के अहमदाबाद में हो गई। वे जिस घर में रह रहे थे उसी घर में फंदे से शव लटक रहा था। अहमदाबाद पुलिस उनके तीन रूम मेट को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक का नाम विनीत प्रजापति (27) है। उनके पिता अशोक प्रजापति का भी निधन हो चुका है। विनीत प्रजापति अहमदाबाद में निजी कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। 2 अप्रैल की सुबह अहमदाबाद पुलिस ने मृतक की मां छवि बाला को उनके निधन की सूचना फोन पर दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अहमदाबाद जाने की तैयारी में जुट गए। मृतक का शव अहमदाबाद में मर्चरी में रखा है। परिजनों के पहुंचने के बाद ही अगली प्रक्रिया शुरू होगी। इंजीनियर की मौत से परिजनों पर संकट का पहाड़ टूट पड़ा है। मां समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की मासिक बैठक

**गोला** : झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की मासिक बैठक एसएस प्लस टू हाई स्कूल के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष दु:ख हरण चंद्र पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि पेंशनर समाज के सदस्य इन दिनों मासिक बैठक में कम उपस्थिति दर्ज कराते हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि आगामी मासिक बैठक में सदस्यों की संख्या अधिक हो, इसके लिए सदस्यों से संपर्क किया जाएगा। बैठक के अंत में शोक सभा आयोजित कर पेंशनर समाज के सदस्य स्वर्गीय लक्ष्मी चंद्र महथा को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में घनश्याम प्रजापति, पारसनाथ वेदिया, बलराम करमाली, नरेश चंद्र पोद्दार, नेली सोरेन, महेश्वर महतो, भगतु नाया, गोपी प्रसाद, बच्चन प्रजापति, रामस्वरूप लाल खन्ना मौजूद थे।

### सीसीएल गोविंदपुर परियोजना में इफ्तार पार्टी का आयोजन



**बेरमो** : सीसीएल गोविंदपुर फेस टू स्वांग कोलियरी स्थित कैंटीन में भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से स्वांग परियोजना पदाधिकारी डीके गुप्ता उपस्थित हुए ।मौके पर समाजसेवी विकास सिंह, कृष्णा मंडल, लालबाबू भाई आदि लोग इस इफ्तार पार्टी मे शामिल हुए। बताया गया कि यहां इफ्तार पार्टी पिछले कई वर्षों से सिलसिलेवार जारी है। बताया गया कि रमजान के 10वें रोजे के दिन यह आयोजन होता है जिसमे सैकड़ों रोजेदार और आमजन इफ्तार करते हैं।आयोजनकर्ता ने बताया कि यह आयोजन उन्होंने अपने निजी मद से किया है और हर वर्ष करते हैं। कहा कि इफ्तार पार्टी का आयोजन कर समाज में यह संदेश देने का प्रयास रहता है कि समाज में इसी तरह भाईचारा बना रहे और हम सब मिलकर भाई भाई की तरह रहे।मौके पर कोलियरी मैनेजर मनोज कुमार व आउटसोर्सिंग कंपनी के इंचार्ज विजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। ज्ञात हो कि यह आयोजन सीसीएल कर्मी हरि प्रजापति नामक व्यक्ति द्वारा किया गया था।

### डीसी ने निमार्णाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**रामगढ़** : उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नावाडीह पंचायत में निमार्णाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में अब तक हो चुके कार्यों एवं अंतिम चरण के कार्यों का जायजा लेने के क्रम में जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने एवं मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, अंचल अधिकारी गोला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब हो कि बच्चों को जीवन की शुरूआत से ही विकास की दिशा में आगे बढ़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य अंतिम चरण में है एवं जल्द ही महिलाओं व बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र उपलब्ध होगा। मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में वर्तमान समय की जरूरतों के हिसाब से तमाम सुविधाएं होंगी।

### मुखिया ने सीसीएल प्रबंधन को सौंपा मांग पत्र

**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : मांडू प्रखंड क्षेत्र के बसंतपुर पंचायत मुखिया सरिता देवी ने सोमवार को केदला वाशरी परियोजना प्रबंधन को मांगपत्र सौंपा। पत्र में ग्रामीणों के आने जाने के रास्ते में लोड एवं खाली गाड़ियों का पार्किंग न करने, कोयला परिवहन की गाडियां डंफर, हाईवा एवं ट्रकों की पार्किंग का व्यवस्था करने, केदला वाशरी चेक पोस्ट से लेकर शिव मंदिर प्रांगण तक स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करने सहित अन्य मांगे शामिल है। मुखिया ने कहा कि केदला वाशरी के रास्ता में कोयला परिवहन की डंफर, हाईवा एवं रोड सेल की ट्रकें सड़क के किनारे खड़ी होने के कारण ग्रामीणों को आवाजाही में कठिनाई होती है। वहीं चेक पोस्ट के पास लाईट नहीं होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा की केदला वाशरी परियोजना लगभग 40 वर्ष बीत चुका है। इसके बावजूद सड़क, पानी, बिजली सहित अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। जबकि प्रत्येक वर्ष केदला वाशरी परियोजना करोड़ों का मुनाफा कर रही है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत

**पेटरवार** : पेटरवार एन एच 23 पेटरवार- रामगढ पथ पर थाना क्षेत्र के चरगी मुख्य चौक पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गयी। यह घटना सोमवार को अपराह्न करीब दो बजे की है। घटना के बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पेटरवार पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया है। जहां पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के पहल पर शव का पोस्टमार्टम किया गया।

संपादकीय

# केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट बुधवार को कांग्रेस की अगुवाई में 14 पार्टियों द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है और भविष्य के लिए दिशानिर्देश मांगे गए हैं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड व्यवसायों की सूची के अनुसार, विपक्षी दलों की याचिका पर 5 अप्रैल को भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनवाई की जाएगी। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जे बी पारदीवाला भी पीठ का हिस्सा हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी द्वारा 24 मार्च को तत्काल सुनवाई के लिए संयुक्त याचिका का उल्लेख किया गया था। जिसमें कहा गया है कि वे सभी भविष्य के लिए दिशानिर्देश मांग रहे हैं। यह सीबीआई और ईडी दोनों एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ 14 दलों का एक उल्लेखनीय शिकायत है। वरिष्ठ वकील ने 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद सीबीआई और ईडी द्वारा दायर मामलों की संख्या में वृद्धि का उल्लेख किया। दूसरे आंकड़े, 2014 से पहले और 2014 के बादः मामलों में भारी उछाल आया है। सजा की दर चार से पांच प्रतिशत है। हम पूर्व-गिरफ्तारी दिशानिर्देश और गिरफ्तारी के बाद की जमानत के दिशा-निर्देश मांग रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि विपक्षी राजनीतिक नेताओं और असहमति के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग करने वाले अन्य नागरिकों के खिलाफ जबरदस्ती आपराधिक प्रक्रियाओं के उपयोग में खतरनाक वृद्धि हुई है। एक याचिकाकर्ता की ओर से जारी एक बयान में आरोप लगाया गया है, राजनीतिक असंतोष को पूरी तरह से कुचलने और प्रतिनिधि लोकतंत्र के मौलिक परिसर को खत्म करने के उद्देश्य से सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों को एक चुनिंदा और लक्षित तरीके से तैनात किया जा रहा है। उन्होंने वकील शादान फरासत के माध्यम से दायर याचिका में कुछ आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि उन्होंने ह्लचौंकाने वाली और असंवैधानिक स्थितिह्न का प्रदर्शन किया। कांग्रेस के अलावा, जो दल संयुक्त कदम का हिस्सा हैं, वे हैं डीएमके, आरजेडी, बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस, आप, एनसीपी, शिवसेना (उद्धव गुट) जेएमएम, जेडीयू, भाकपा और माकपा के अलावा समाजवादी पार्टी , और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस। हाल के दिनों में तेजी से बदलती भारतीय राजनीति में राहुल गांधी के खिलाफ आया फैसला और लोकसभा सचिवालय द्वारा की गयी त्वरित कार्रवाई ने भी इस याचिका पर सभी का ध्यान केंद्रित कर दिया है। इसके पहले भी कई अवसरों पर सुप्रीम कोर्ट का नजरिया केंद्र सरकार से भिन्न होने की पुष्टि हो चुकी है। पेगासूस के मामले में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला दिया था लेकिन शीर्ष अदालत ने निजता के संवैधानिक अधिकार की बात कही और उसके द्वारा गठित जांच कमेटी में पेगासूस के इस्तेमाल की प्रारंभिक पुष्टि हो गयी है। उसके बाद स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओँ के शीर्ष पदों पर नियुक्ति का सवाल भी शीर्ष अदालत के समक्ष आया और अदालत की प्रारंभिक टिप्पणी केंद्र सरकार की दलीलों से मेल नहीं खाती नजर आयी। ईडी के निदेशक का कार्यकाल बढ़ाये जाने के मुद्दे पर भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल पूछा है। इस कड़ी में दिल्ली के उप राज्यपाल को नोटिस जारी किया जाना भी एक उदाहरण है जो यह बताता है कि केंद्र सरकार जैसा चाहती है, वैसा ही आचरण सुप्रीम कोर्ट नहीं कर रहा है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिल्ली नगर निगम में दस पार्षदों के मनोनयन पर राज्य सरकार की सिफारिशों पर ध्यान दिये बिना ही कार्रवाई की। यह शीर्ष अदालत की ध्यान में लाया गया है। इसलिए अब केंद्रीय एजेंसियों का राजनीतिक मकसद से दुरुपयोग का मामला चर्चा में है। इसके बीच ही ममता बनर्जी ने प्रतीकात्मक तौर पर अपने धरना मंच से भाजपा वाशिंग मशीन का प्रदर्शन कर स्थिति साफ कर दी है। इसमें उन्होंने वाशिंग मशीन में काला कपड़ा डालकर सफेद कपड़ा निकालने का प्रदर्शन किया था। ऐसे में केंद्रीय एजेंसियों के अलावा भी कई घटनाक्रम ऐसे हैं, जो याचिका के समर्थन में नजर आते हैं। मसलन झारखंड, बिहार के कुछ घोटालों की राज्य पुलिस की जांच प्रारंभ होते ही उनमें केंद्रीय एजेंसियों का दखल, तेलंगना में विधायकों की खरीद के मामले में केंद्रीय एजेंसी का दखल और अब साइबराबाद में करब सत्तर करोड़ लोगों का डेटा चोरी का जांच प्रारंभ होते ही ईडी का हस्तक्षेप विरोधियों के आरोपों की पुष्टि करता है। ऐसे में यह देखना रोचक होगा कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में इन मुद्दों पर अपनी तरफ से क्या राय देती है। दरअसल केंद्र सरकार की एक परेशानी यह भी है कि केंद्रीय कानून मंत्री किरेण रिजिजू लगातार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पर तो पहले से ही बयानबाजी कर रहे थे। अब हाल में उन्होंने कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को भी राष्ट्र विरोधी बताकर बड़ी परेशानी मोल ली है। यह सभी बयान सुप्रीम कोर्ट में बैठे लोगों को पसंद आ रहे होंगे, इसका उम्मीद बेमानी है।



# क्या है हिन्दू फोबिया का कारण



आज जहां एक तरफ देश में हिन्दू राष्ट्र चर्चा का विषय बना हुआ है। तो दूसरी तरफ देश के कई हिस्सों में रामनवमी के जुलूस के दौरान भारी हिंसक उत्पात की खबरें आती हैं। एक तरफ हमारे देश में देश में धार्मिक असहिष्णुता या फिर हिन्दुफोबिया का माहौल बनाने की कोशिशें की जाती हैं तो दूसरी तरफ अमेरिका की जॉर्जिया असेंबली में 'हिंदूफोबिया' (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया जाता है। इस प्रस्ताव में कहा जाता है कि हिंदू धर्म दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना धर्म है और दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान और शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं और आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है। हिन्दू धर्म के योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला जैसे प्राचीन ज्ञान को अमेरिकी समाज के लाखों लोगों ने व्यापक रूप से अपना कर अपने जीवन को सुधारा है। एक रिपोर्ट के अनुसार 3.6 करोड़ अमरीकी योग करते हैं और 1.8 करोड़ ध्यान लगाते हैं।



डॉ नीलम महेंद्र
स्तम्भकार

इन परिस्थितियों में प्रश्न यह उठता है कि क्या हिन्दू धर्म जिसे हम सनातन धर्म भी कहते हैं और सनातन संस्कृति भी कहते हैं इसमें ऐसा क्या है कि हिन्दुफोबिया जैसी भावना या फिर ये शब्द ही आस्तिव में आया?

क्या है ये सनातन संस्कृति जिसका साक्षी भारत रहा है? क्या ये वाकई में अनादि और अनन्त है? वर्तमान में इस प्रकार के प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो गए हैं। लेकिन समस्या ये है कि इन प्रश्नों के उत्तर किसी पुस्तक में तो कतई नहीं मिलेंगे। क्योंकि ये प्रश्न जितने जटिल प्रतीत होते हैं इनके उत्तर उससे कहीं अधिक सरल हैं। हमारे मन में यह विचार आ सकता है कि यदि हम वेद पुराण आदि पढ़ लें तो हमें इन सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे। शायद ऐसा सोचने वाले लोगों के लिए ही कबीर ये पंक्तियां लिख कर गए थे कि पोथी पढ़ पढ़ जग मुआ पंडित बना न कोय ढाई आखर प्रेम का पढ़े तो पंडित होय। देखा जाए तो इन सरल सी पंक्तियों में कितनी गहरी बात छिपी है।

वाकई में अगर हम इन प्रश्नों के उत्तर खोजना चाहते हैं तो हमें किसी वेद पुराण या किसी किताब को नहीं बल्कि भारतीय समाज को,उसकी समाजिक व्यवस्था को बारीकी से समझना होगा। वो संस्कृति जो संस्कारों से बनती है। वो संस्कार जो पीढ़ी दर पीढ़ी मां से बेटी में और पिता से बेटे में स्वतः ही बेहद साधारण तरीके से चले जाते हैं। इस प्रकार एक परिवार से समाज में और समाज से राष्ट्र में ये संस्कार कुछ इन सहजता से जाते हैं कि वो उस राष्ट्र की आत्मा बन जाते हैं। लेकिन खास बात यह है कि संस्कार देने वाला जान नहीं पाता और लेने वाला समझ भी नहीं पाता कि कब एक साधारण सा व्यवहार संस्कार बनते जाते हैं और कब ये संस्कार संस्कृति का रूप ले लेते हैं। ये भारत में ही हो सकता है कि कहीं किसी गली या मोहल्ले में अगर कोई गाय ब्याहती है (बछड़े को जन्म देती है) तो आस पास के घरों से महिलाएं मिल जुल उसके लिए दलिया बनाकर उसे खिलाती हैं, उसके बछड़े के लिए घर से किसी पुराने कपड़े का बिछावन बनाती हैं।

कहीं किसी नुक्कड़ पर यदि किसी कुक्कुरी ( मादा श्वान) ने पिल्ले दिए हैं तो आस पास के घरों से बच्चे उसके और उसके पिल्लों के लिए दूध और खाने का विभिन्न सामान लेकर आते हैं और माता पिता भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। ये भारत में ही होता है कि लोग सुबह की सैर के लिए निकलते हैं तो चींटियों और मछलियों के लिए घर से आटा लेकर निकलते हैं। ये भारत में ही होता है कि लोग अपने घरों की छत पर पानी से भरा मिट्टी का सकोरा और दाना पक्षियों के लिए रखते हैं। ये भारत में ही होता है कि हर घर की रसोई में पहली रोटी गाय के लिए और आखरी रोटी कुत्ते के लिए बनती है। ये छोटी छोटी बातें भारत के हर व्यक्ति का साधारण व्यवहार है जिससे कि इस सृष्टि के प्रति उसके दायित्वों का निर्वाहन अनजाने ही सहजता से हो जाता है। इस व्यवहार को करने वाले व्यक्ति ने भले ही वेदों का औपचारिक रूप से अध्ययन न किया हो लेकिन फिर भी ये सभी कार्य वो अपनी दिनचर्या में सामान्य रूप से करता है। लेकिन अब अगर आपको बताया जाए कि वेदों में पांच प्रकार के यज्ञ बताए गए हैं जिनमें से एक है वैश्वदेवयज्ञः सभी प्राणियों तथा वृक्षों के प्रति करुणा और कर्त्तव्य समझना उन्हें अन्न-जल देना ,जो कुछ भी भोजन पकाया गया हो उसका कुछ अंश गाय, कुत्ते और पक्षी को देना ही वैश्वदेव यज्ञ कहलाता है तो आप क्या कहेंगे।

ये है हिन्दू धर्म या सनातन संस्कृति जिसकी जड़ें संस्कारों के रूप में परम्पराओं के रूप में भारत की आत्मा में अनादि काल से बसी हुई हैं। ये भारत में ही होता है जहांएक अनपढ़ व्यक्ति भी परम्परा रूप से नदियों को माता मानता आया है और पेड़ों की पूजा करता आया है। हिन्दुफोबिया से ग्रसित लोग जिसे अंधविश्वास और पिछड़ापन कहते रहे आज आधुनिक वैज्ञानिक उसे विज्ञान मानने के लिए विवश हैं। उनकी भी गलती नहीं है क्योंकि वो बेचारे तो आज यह खोज पाए हैं कि पेड़ भी जीवित होते हैं। वे आज जान पाए हैं कि पेड़ 40 किलो हट्र्ज से 80 किलो हट्र्ज की फ्रीक्वेंसी की आवाजें भी निकालते हैं। लेकिन चूंकि मनुष्य केवल 20 हट्र्ज से 20 किलो हट्र्ज तक की फ्रीक्वेंसी की आवाजें ही सुन सकता है इसलिए हमें वो आवाजें सुनाई नहीं देतीं। भले ही आधुनिक वैज्ञानिक आज जान पाए हों कि हर पौधा खुश भी होता है दुखी भी होता है, उसे डर भी लगता है, उसे पीड़ा भी होती है। लेकिन भारत के लोग तो सनातन काल से पेड़ों को चेतन मानते आए हैं। इसीलिए संध्या के बाद उन्हें जल तक नहीं देते कि वो विश्राम कर रहे हैं। और अगर औषधीय उपयोग के लिए भी यदि उनके किसी अंग को लेते हैं जैसे पत्ते, फूल,छाल अथवा बीज या फिर जड़ तो पहले उस वृक्ष से अनुमति मांगते हैं, क्षमा मांगते है। यहां लोग पत्थर को भी पूजते हैं और कंकड़ में भी शंकर को ढूंढते हैं।भारत के लोग ऐसे जी जीवन जीते हैं, सदियों से जीते आए हैं और आगे भी जीते रहेंगे। क्योंकि भारत की आत्मा इन्हीं संस्कारों में बसती है।

ये ही है भारत, यही है हिन्दू धर्म यही है सनातन संस्कृति। अब इस सनातन धर्म से किसी को हिन्दुफोबिया हो रहा है तो आगे आप खुद समझदार हैं।

4 अप्रैल माखनलाल चतुर्वेदी जयंती पर विशेष

# प्रखर राष्ट्रवादी कवि शिरोमणी: पंडित माखनलाल चतुवेर्दी



सुरेश सिंह बैस शाश्वत
स्तंभकार

एक लेखक या कवि, बड़ा या महान कैसे होता है? इसके साथ ही अहम सवाल यह है कि उसने अपने समय और आसपास के साथ कितना न्याय किया है? देशकाल और परिस्थिति के भीतर बाहर आदमी को देखने का उसका नजरिया क्या है? यह चीजों को पदार्थों की तरह छूता है या उनमें उन तत्वों को पकड़ता है, जो मनुष्य और उसकी दुनिया को आगे बढ़ाते हुए सुंदर बनाने में सहायक होते हैं। नदियां, पहाड़, खेत, मैदान उसके लिए मात्र प्राकृतिक उपादान है या ये कविता के जन्म के समय सोहर गाने वाले स्वर हैं, जो कविता को दीर्घजीवी मूल्य प्रदान करते हैं। भाषा उसके लिए मात्र अभिव्यक्ति होती है या उसके जरिए वह युग के गलत को बदलने का मौसम तलाशता है? ऐसे अनेक प्रश्न कालजयी कवि माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य में उत्तर बटोरते हुए नजर आते हैं। उनके सभी उत्तर प्रकृति के बीच बड़े होकर अपना बयान देते हैं। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीयवादी कविता के प्रमुख कवि माने जाते हैं। उनकी पत्रकारिता स्वाधीनता आंदोलन की प्रखर उद्घोषक रही हैं। इन दो पक्षों ने आम जनता की दृष्टि से उनके नाटक, निबंध, संस्मरण और लघु कथात्मक स्मरणों को ओझल ही रखा, रचनाधर्मी साहित्यकार का संपूर्ण रचना संसार उसके साहित्य व्यक्तित्व को उद्घाटित करता है। उसे खंडों में बांटने से मूल चेतना का स्वर दबा-दबा सा लगने लगता है। रचना संसार के चहचहाते पक्षी, कल कल का नाद करती प्रवाहित प्रेम सरिता, जीवन को सार्थक करती उसकी कर्म चिंता, उसके घर परिवार के बच्चों को जीवंत स्वर घने हरेभरे जंगल की पगडंडी सी उसकी कामनारेखा का अनुभव तब तक नहीं होता ,जब तक यह न जान ले कि चेतना किस रुप और किस नाम से उसके मानस केंद्र में अचल स्थापित है। केंद्रीय चेतना की अचलता या चलता जीवन की दिशा और महत्व को निश्चित करती है। माखनलाल चतुर्वेदी का संपूर्ण साहित्य लगभग पांच हजार किताबी पृष्ठों में प्रकाशित हो सका, उनके अग्रलेखों और सम्पादकीय टिप्पणियों के अलावा उनकी प्रखर राष्ट्रीय दृष्टि भविष्य का संकेत देती वर्तमान को सहेजती राष्ट्र को अपनी ललकार से जगाती कर्मवीर की सामग्री, ज्वालापुंज सी अनुभव होती है। एक भारतीय आत्मा. के जीवन की माखनलाल चतुर्वेदी चक्र परिधि न केवल भारत बल्कि संपूर्ण मानवता ही रही है। उस चक्र के केंद्रीय स्थान से अनेक कालखंड निकलकर वक्र के संपूर्ण व्यास को अपनी जकड़ में ले लेते हैं। ऐसा ही कुछ माखनलाला चतुर्वेदी के साथ था, देश की स्वतंत्रता, स्वाधीनता और स्वराज सुराज उनके जीवन चक्र का केंद्र था, पत्रकारिता, निबंध, संस्मरण, कहानी, तो उसके कालखंड थे। यदि माखनलाल चतुर्वेदी के उद्देश्य केंद्र को समझा जा सके संकेतों में उनके संपूर्ण साहित्य को हमारी मनः स्थिति के रंग बदल सकती है।

> **राष्ट्रीयता वा राष्ट्रवाद विवादों के घेरे में रहा है और अभी हैं। राष्ट्रवाद की जो संकुचित मानवता विरोधी, बीभत्स कवि, भारतीयों ने अंग्रेजी शासन काल में देखा अनुभव की, उसने चतुर्वेदी जी को विवश किया कि राष्ट्रीयता को हम वैसे परिभाषित न करें जैसे अंग्रेज अपनी राष्ट्रीयता को करते रहे और सिखाने का प्रयत्न करते रहे।**

कर्म है अपना जीवन प्राण
कर्म में बसते हैं भगवान।
कर्म है मातृ भूमि का मान
कर्म पर आओ हो बलिदान।।

राष्ट्रीयता वा राष्ट्रवाद विवादों के घेरे में रहा है और अभी हैं। राष्ट्रवाद की जो संकुचित मानवता विरोधी, बीभत्स कवि, भारतीयों ने अंग्रेजी शासन काल में देखा अनुभव की, उसने चतुर्वेदी जी को विवश किया कि राष्ट्रीयता को हम वैसे परिभाषित न करें जैसे अंग्रेज अपनी राष्ट्रीयता को करते रहे और सिखाने का प्रयत्न करते रहे। माखनलाल जी ने तिलक और गांधी जैसे उत्रृणतुल्य देशभक्त, मनीषियों के संपर्क में भारतीय संस्कृति के मर्म को छू लिया। तिलक, गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आदि क्रांतिदृष्टा महान व्यक्तियों के संस्मरण चतुर्वेदी जी ने उस आत्मीयता से लिखे जो उन आत्माओं में अपनी आत्मा की एक रुपता महसूस करने के बाद ही लेखनी में उतरते हैं । माखनलाल जी ने स्वयं भी अंग्रेजों की जेल का मजा चखा था उस जेल की यातनाओं का चित्रण उनकी बहुचर्चित कविता कैदी और किल में देखा जा सकता है।

# सुंदरता

प्रेरक प्रसंग




माएक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीनभावना भरने लगी और वह दुखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा, तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला, दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला झ तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे ? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। और बोला झ शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते।

**शिक्षा :-**
दूसरों से तूलना करके दु:खी होना बुद्धिमानी नहीं है। असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

जानकारी

# हर की पौड़ी.



हरिद्वार में घूमने की प्रमुख जगह ,हर की पौड़ी, हरिद्वार के पांच मुख्य पवित्र स्थलों में से एक है। एक पौराणिक कथा के अनुसार, यह माना जाता है कि इस स्थान पर भगवान शिव और भगवान विष्णु प्रकट हुए। तब से यह स्थान पवित्र माना जाता है।

हर की पौड़ी, जिसे ब्रह्म कुंड के नाम से जाना जाता है, का निर्माण राजा विक्रमादित्य ने अपने भाई, ब्रिथरी की याद में करवाया था। प्रत्येक बारह वर्षों के बाद, हिंदुओं का शुभ मेला, कुंभ मेला, इस स्थान पर आयोजित किया जाता है। हर की पौड़ी गंगा आरती के लिए प्रसिद्ध है। हर की पौड़ी उसी स्थान पर है जहां दिव्य अमृत आकाशीय कुंभ से गिरा था। इस घाट पर स्थित दो प्रसिद्ध मंदिर गंगा मंदिर और हरिचरण मंदिर आकर्षण का केंद्र हैं।

# नया रियलमी स्मार्टफोन लॉन्च

साइबर दुनिया



नई दिल्ली : चीनी स्मार्टफोन ब्रैंड रियलमी (Realme) ³fZ Realme GT Neo 5 SE (रियलमी जीटी निओ एसई) के नाम से एक नया स्मार्टफोन अपनी होम मार्केट में लॉन्च किया है। इसे Realme GT Neo 5 का टोन्ड-डाउन वर्जन कहा जा रहा है। गौरतलब है कि GT Neo 5 को इस साल फरवरी में पेश किया गया था और दावा था कि वह 240ह चार्जिंग के साथ आने वाला दुनिया का पहला स्मार्टफोन है। उसके मुकाबले Realme GT Neo 5 SE की बैटरी 100ह चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है। फीचर्स में कुछ और बदलाव भी शामिल हैं, आइए विस्तार से जानते हैं Realme GT Neo 5 SE के बारे में।

**Realme GT Neo 5 SE के प्राइस**

जानकारी के अनुसार, इस स्मार्टफोन को कई रैम और स्टोरेज ऑप्शन में लॉन्च किया गया है। Realme GT Neo 5 SE के 8 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज वैरिएंट के दाम 2,099 युआन (लगभग 25,097 रुपये) हैं। 12 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज को 2,299 युआन (लगभग 27,484 रुपये) में खरीदा जा सकता है। 12 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज की कीमत 2,399 युआन (लगभग 28,680 रुपये) रखी गई है। कंपनी 16 जीबी रैम + 1 टीबी स्टोरेज मॉडल भी लाई है, जो 2,799 (लगभग 33,473 रुपये) युआन का है।

Realme GT Neo 5 SE को फाइनल फैंटेसी और ब्लैक शेड्स में खरीदा जा सकता है। चीन में इसके प्री-ऑर्डर आज से शुरू हो जाएंगे। सेल 10 अप्रैल से होगी। बाकी मार्केट्स में यह डिवाइस कबतक आएगी, अभी जानकारी नहीं है।

**Realme GT Neo 5 SE के स्पेसिफिकेशंस**

Realme GT Neo 5 SE में 6.74 इंच का फ्लैट ओएलईडी पैनल दिया गया है। इसके टॉप में बीच में पंच-होल है, जिसमें सेल्फी कैमरा फिट है।

टॉप ट्वीट



"कई बार हमें अहंकार हो जाता है कि हमें जो कुछ जिंदगी में मिला वह केवल हमारी मेहनत का नतीजा है, पर ऐसा नहीं है। हमारी तरक्की में हमारे बुजुर्गों का आशीर्वाद होता है। बिना उनके आशीर्वाद के कोई व्यक्ति, कोई समाज या कोई देश तरक्की कर ही नहीं सकता।"

अरविंद केजरीवाल
दिल्ली के मुख्यमंत्री



"नई फिल्म सफल हो यह तो हम चाहते ही हैं, लेकिन आज बाबा महाकाल से कामना किए कि सब खुशहाल रहें। और सभी का भला हो।"

रवीना टंडन
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

**शार्ट फिल्म 'बेटी आरोही' की ग्रैंड सक्सेस पार्टी सम्पन्न**

वी एस नेशन चैनल और ताल म्यूजिक एंड फिल्म्स के संयुक्त तत्वाधान में निर्मित शार्ट फिल्म 'बेटी आरोही' की ग्रैंड सक्सेस पार्टी केदौरान फिल्म के लेखक निमार्ता निर्देशक देवेंद्र खन्ना ने अपनी तीन नई फिल्म क्रमशः 'तलाक क्यूं', 'आज की मेनका' और 'आरोही 2' की घोषणा कर दी है। इन सभी फिल्मों की शूटिंग बहुत जल्द ही मुम्बई के निकटवर्ती इलाकों में शुरू की जाएगी। मुम्बई में आयोजित ग्रैंड सक्सेस पार्टी में कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए संगीत का तड़का भी लगाया गया। जिसमें निकिता नागर, कल्पना दास, बॉस्को डिसोजा, नरेश कांबले, सतीश शेट्टी, अन्वेषा भट्टाचार्य और सुमोहन ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन सभी कलाकारों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। माँ बेटी के जज्बातों और संवेदनाओं की एक अनकही कहानी को बयां करती लघु फिल्म 'बेटी आरोही' के ग्रैंड सक्सेस के बाद लेखक निमार्ता निर्देशक देवेंद्र खन्ना इन दिनों काफी उत्साहित हैं। विदित हो कि दिल को छू लेने वाली लघु फिल्म 'बेटी आरोही' को दर्शकों ने अच्छा खासा प्यार दिया है, यूं तो सोशल फिल्मों को लोग जायदा नहीं देखते, फिर भी 'बेटी आरोही' को अच्छे व्यू मिले हैं, पहले ही महीने 50 हजार से जायदा लोगों ने ये फिल्म देख ली । अभी 75 हजार से जायदा व्यू हो चुके हैं। उम्मीद की जारही है कि बहुत जल्द ये आंकड़ा 1 लाख तक पहुँच जाएगा।

काली दास पाण्डेय

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### संस्कृत की परीक्षा के साथ मैट्रिक परीक्षा संपन्न

**सतगावां :** प्रखंड में विभिन्न परीक्षा केंद्रों में सोमवार को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 का आज अंतिम दीन संस्कृत विषय के साथ परीक्षा कदाचार मुक्त तरीके से संपन्न हुआ। प्रखंड में कुल परीक्षार्थी की संख्या लगभग 1518 जिसमें परीक्षा केंद्रों की संख्या 4 थे। राज्य संपोषित 10+ 2 उच्च विद्यालय बासोडीह, मध्य विद्यालय बासोडीह, प्राथमिक विद्यालय मकतब शिवपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलीडीह में प्रखंड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## सिटी अपडेट्स >>

### भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय ने डीआरएम का किया स्वागत

**बेरमो :** धनबाद रेलवे मण्डल के नव-नियुक्त डीआरएम कमल किशोर सिन्हा से उनके कार्यालय में भाजपा जिला मंत्री सह टुंडी विघानसभा प्रत्याशी विक्रम पाण्डेय?? ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान गोमो,तेतुलमारी,पारसनाथ,चन्द्रपुरा, दुग्धा,फूसरो , बोकारो थर्मल,गोमिया आदि रेलवे स्टेशन के रेलवे यात्रियों के समस्याओं से अवगत कराया। डीआरएम श्री सिन्हा ने समाघान करने का आश्वासन दिया है। मौके पर एडीआरएम आशीष झा आदि उपस्थित थे।

### हजारीबाग में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती

**हजारीबाग :** हजारीबाग जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान 1008 महावीर की 2622 वी जयंती हजारीबाग में बड़े धूम धाम से मनाई गई। जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती महोत्सव पर सोमवार को कई कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रातः 5 बजे प्रभातफेरी से कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। बाड़म बाजार दिगंबर जैन मंदिर से प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान दिगंबर जैन समाज के महिला पुरुष भगवान महावीर के उपदेश को जयघोष चल रहे थे। उसके बाद बड़ा बाजार दिगंबर जैन मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक व शांति धारा किए गए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शांतिपूर्वक हुई संस्कृत की परीक्षा

**मरकच्चो :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की मैट्रिक परीक्षा 14 मार्च से प्रारम्भ हुई थी। 3 अप्रैल को अंतिम दिन मरकच्चो प्रखण्ड के दोनों केंद्रों पर संस्कृत विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में सम्पन्न हुई। इस सम्बंध में सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय के केन्द्राधीक्षक धर्मचंद मंडल ने बताया कि संस्कृत विषय की परीक्षा में 625 परीक्षार्थियों में 608 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 35 वीक्षक लगाए गए थे। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के केन्द्राधीक्षक न्यूटन कुमार ने बताया कि संस्कृत विषय की परीक्षा में 312 परीक्षार्थियों में 306 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, 15 वीक्षक लगाए गए थे।

### अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक

**मरकच्चो :** प्रखंड कार्यालय परिसर मरकच्चो स्थित सभागार में सोमवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में अस्पताल परिसर में वेपर लाइट लगवाने, मरीजों के लिए अस्पताल में वाटर कुलर की व्यवस्था करने, अस्पताल परिसर में 3 सीटर 5 चेयर लगवाने, अस्पताल में मरीजों के लिए पंखा लगवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही वैसे गरीब मरीज जो रेफर करने के बाद एम्बुलेंस डीजल खर्चा भी वहन नहीं कर पायंगे उनके लिए अस्पताल प्रबंधन डीजल का खर्च वहन करेगी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो पप्पू रजक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रदीप बैठा, बीस सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, पंसस तेलोडीह दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

प्रदर्शन

ईडी और सीबीआई के दुरूपयोग का आरोप

# झुमरीतिलैया में संयुक्त विपक्षी मोर्चा का प्रतिवाद मार्च

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया :** संयुक्त विपक्षी मोर्चा कोडरमा के नेतृत्व में राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने, ईडी एवं सीबीआई का दुरुपयोग बंद करने लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के सवाल को लेकर सोमवार को झुमरीतिलैया में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। स्थानीय झंडा चौक पहुंचकर यह सभा में तब्दील हुआ। सभा की अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं जिप सदस्य चंदवारा महादेव राम ने किया। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है संविधान को समाप्त किया जा रहा है, देश में अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला किया जा रहा है। ईडी




एवं सीबीआई छापामारी कर विरोधियों को भैया दोहन किया जा रहा है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता श्यामदेव यादव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से के बाद आनन-फानन में उनकी सांसदी समाप्त कर दी गई। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि आप पार्टी दिल्ली में स्वास्थ्य एवं शिक्षा को सुधारने का काम किया, प्राइवेट स्कूल चल रहे थे सारे स्कूलों को सरकारी करण कर दिया गया, सभी अस्पतालों को सुधार दिया गया इससे घबराकर मनीष सिसोदिया को जेल भेज दिया। सीपीएम नेता रमेश प्रजापति ने कहा कि मोदी शासनकाल में अडानी मोटा हो रहा है हिंदुस्तान में कोई ऐसा अदालत नहीं है जो 1 महीने में सजा सुनाता हूं यह देश का दुर्भाग्य है राहुल गांधी को एक महीना में सजा सुनाया गया। सभा को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दामोदर यादव, उदय द्विवेदी, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने भी सम्बोधित किया। मौके पर सीपीआई नेता महेश प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम यादव, पूर्व उप प्रमुख विरेंदर यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, दशरथ पासवान, झारखंड मुक्ति मोर्चा से रफीक अंसारी, वीरेंद्र यादव, राम प्रसाद यादव, कामेश्वर भारती, सुरेंद्र यादव, रवि शंकर यादव, रामअवतार भारती, भुनेश्वर यादव, बद्री पंडित, आम आदमी पार्टी से नसीम खान, एसके श्रीवास्तव, राजेंद्र भैया, जफर खान, प्रकाश तिवारी, प्रेम पांडेय, दुर्गा प्रसाद राम, अशोक रजक, चरणजीत सिंह मौजूद थे।

## कोतो शिव मंदिर में भजन-कीर्तन का किया गया आयोजन



एजेंसियां

**पतरातू :** प्रखंड के ग्राम कोतो लाइफ लाइन स्थित शिव मंदिर प्रांगण में बीते रविवार देर शाम स्थानीय श्रद्धालुओं जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों की ओर से स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन कीर्तन एवं आरती संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजू प्रसाद एंव विनय गुप्ता के नेतृत्व व स्थानीय जनमानस के उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई मंडली के गायक चंदन सेवक, मुख्तार सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, नाल वादक राजकुमार सिंह, हारमोनियम वादक यशवंत यादव ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को खूब झूमाया। मंडली के अन्य सदस्यों ने भी भोजपुरी, हिंदी धुन पर आधारित एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश सिंह ननकी, शैलेंद्र कुमार सिंह, पूर्व मुखिया दिलीप सिंह, सहदेव सिंह, सीताराम गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, राजन यादव, शत्रुघन कुमार, उज्जवल कुमार, अरविंद यादव, मदन यादव, लल्लन यादव, विनोद सिंह, विकास पाठक, मनोज कुमार, अमरेश ठाकुर व उपेंद्र यादव ने मुख्य भूमिका निभाई।

## रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



एजेंसियां

**पतरातू :** थाना के मुख्य गेट के समीप रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को संघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में वाहन जांच रामगढ़ यातायात पुलिस एएसआई सीधेश्वर मुर्मू के नेतृत्व में आरक्षी रोहित राज रत्नम, सुधीर कुमार सिंह, हवलदार संजय राय व पतरातू पुलिस सशस्त्र बल ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को जांच के दौरान पकड़ा। टीम द्वारा दो पहिया चार पहिया व अन्य छोटे वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में वैध कागजात तथा पंजीकरण प्रमाण, सीट बेल्ट, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र व वाहन संबंधित अन्य कागजातों की जांच की गई। कमी पाए जाने वाले वाहनों से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दंड शुल्क वसूला गया। जानकारी के अनुसार जांच की भनक लगते ही वाहन चालकों के बीच अफरा-तफरी मच गई और वाहन सवार वैकल्पिक मार्ग से छुप-छुपाते भागते नजर आए। इस दौरान बिना हेलमेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेलमेट का अवश्य इस्तेमाल का निर्देश दिया गया।

## जैन समाज की संस्कृति,अध्यात्म और स्वच्छता अतुलनीय है : मनीष जायसवाल



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग के बॉडम बाजार स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा अहिंसा धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी की जयंती के मौके पर सोमवार को भव्य शोभायात्रा ठाठ से निकाला गया। इस अवसर पर शोभायात्रा निकलने से पूर्व हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे और भगवान महावीर स्वामी के समक्ष माथा टेका। यहां जैन समाज के लोगों द्वारा विधायक मनीष जायसवाल का अभूतपूर्व स्वागत किया गया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने शोभा यात्रा की तैयारी का जायजा लिया और कहा कि जैन समाज की संस्कृति, अध्यात्म और स्वच्छता अतुलनीय है।

विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्गों पर चलकर कोई भी प्राणी महान बन सकता है ।

जैन समाज की ओर से दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष धीरेंद्र जैन, महामंत्री पवन अजमेरा, उपाध्यक्ष अरुण वोहरा, कोषाध्यक्ष सुशील पाटनी, मीडिया प्रभारी विजय लुहाड़िया, जैन युवा परिषद के अध्यक्ष अमर विनायका, गुड्डू अजमेरा, बबल अजमेरा, अभय छावड़ा, विक्की टोंग्या सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया ।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक हुई संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव बिहार कोलियरी कारगर युनियन सी टू कि बैठक चमगढा कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता मो. हसन ने किया । बैठक में पकरी बरवाडीह कोल माइंस बड़कागांव में विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें बकाया बोनस का भुगतान, नाईट ऐलानस, महगाई भाता, मेडिकल सुविधा, वैल्यफैयर आदि मांगों को लेकर आंदोलन कार्यक्रम तय किया गया।बैठक में कहा गया खदान में काम करने वाले मजदूरों को कम्पनी ने मनमानी तरीके से परेशान करने पर तुला हुआ है। मांइस में मजदूरों के साथ एक मांइस एक ही नियम लागू करे अन्यथा इसके विरोध में आने वाले दिनों में धारना प्रदर्शन और आंदोलन किया जायेगा। मौके पर मो.हसन, बिसेशवर ठाकुर, सतीश कुमार, मो. मजहर, दिलचदं यादव, मकसद आलम, घनश्याम प्रजापति, फागुन महतो, मो. नौशाद, जोगेश्वर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पचड़ा के दुर्गा मंडप प्रांगण में चंद्रगुप्त कोयला परियोजना से विस्थापित होने वाले

# रैयतों ने कई मांगों को लेकर किया बैठक

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के केरेडारी क्षेत्र प्रखंड के पचड़ा के दुर्गा मंडप प्रांगण में चंद्रगुप्त कोयला परियोजना से विस्थापित होने वाले रैयतों ने बैठक किया जिसमें मुख्य रुप से पूर्व मंत्री योगेंद्र साव शामिल हुए। बैठक का आयोजन बालेश्वर साव एवं मो0 इम्तियाज के नेतृत्व में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि रैयतों की मांगो को पूरा करने के लिए ग्रामीणों की सहायता से लड़ी जाएगी विस्थापन की लड़ाई और ग्रामीणों को उचित हक एवं अधिकार दिलाने का कार्य किया जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि सभी ग्रामीणों को एकजुट होकर विस्थापन की लड़ाई लड़नी होगी



तभी कंपनी से लोगों को उचित हक, अधिकार, मुआवजा, रोजगार एवं अन्य सुविधाएं मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि विगत दिनों चंद्रगुप्त परियोजना के लिए की गई पर्यावरणीय लोक सुनवाई विस्थापित क्षेत्र से दूर ग्राम पगार में की गई । जिसका विस्थापित भूरैयत पुरजोर विरोध कर रहे हैं क्योंकि लोगों की मांगों को सुना नहीं गया वह अपनी बातों को अधिकारियों तक पहुंचा नहीं पाए। पूर्व मंत्री एवं समस्त ग्रामीणों ने विगत दिनों हुए ग्राम सभा व पर्यावरणीय लोक सुनवाई को रद्द करने एवं जमीन का नया सर्किल रेट तय करते हुए वर्तमान दर पर मुआवजा 2013 भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत करने की मांग की। पूर्व मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नया सर्किल रेट जब तक तय नहीं होता है तब तक 1 इंच भूमि नहीं दिया जाएगा और अगर इस मामले को लेकर हाईकोर्ट जाना पड़ा तो हाईकोर्ट तक भी जाकर नया सर्किल रेट बनवाने का कार्य करेंगे। पूर्व मंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि नया सर्किल रेट तय होने से करोड़ों रुपए जमीन का मुआवजा लोगों को मिलेगा एवं भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत मुआवजा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का लाभ संबंधित क्षेत्र के भू रैयत को प्राप्त होगा। मौजूद ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री की मांगों पर समर्थन देते हुए योगेंद्र साव व अंबा प्रसाद जिंदाबाद के नारे लगाए। ग्रामीणों ने अपनी मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि अगर पर्यावरणीय लोक सुनवाई को रद्द नहीं किया जाता है तो रांची स्थित प्रदूषण कार्यालय पहुंचकर विरोध एवं कार्यालय का घेराव किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से पचड़ा उप मुखिया कौलेश्वर महतो, मुकेश ठाकुर ,कुलदीप साहू, तनु कुमार, प्रदीप राणा, प्रयाग राणा समेत कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### चार दिवसीय श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा हेतु जलयात्रा



**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड टुंडी सीमाना नवादा ग्राम में सोमवार को श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमत महायज्ञ हेतु एक विशाल शोभायात्रा जलयात्रा निकाली गई । यज्ञाचार्य अर्जून पांडेय काकोमठ के कुशल नेतृत्व में यज्ञ संपन्न कराया जाएगा । जलयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने अपने माथे पर कलश रखकर पवित्र नदी तक गयी जहां पंडित अर्जून पांडेय के मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल कलश में भरकर यज्ञ स्थल तक लाया गया । यह यज्ञ 3 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल तक चलेगा । सोमवार को जलयात्रा के बाद बेदी निर्माण,मंडप श्रंगार एवं रात्रि देवघर से आए बाल व्यास नंदलाल पांडेय द्वारा प्रवचन किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में परितोष चौधरी, श्याम देव तुरी,छुटु कोल्ह,तानकी महतो,विजय कुमार चौधरी, फुलचंद हेंब्रम, किशोर कुमार चौधरी, रोहित कुमार दत्ता, उदय शंकर नारायणन, सुधीर चंद दां, श्रीकांत चौधरी,सरयु कुमार महतो,लखन ठाकुर, उदय महतो,अकलु हजाम धर्मेन्द्र तुरी, दुर्गा मरांडी, संतोष तुरी,झुपरा मरांडी सहित कई लोग शामिल हैं । यह जानकारी अवकाश प्राप्त शिक्षक भगत राम महतो ने दी ।

### सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत गामीणों को देशभक्ति फिल्म दिखाया गया



**पीरटांड़ :** खुखरा पंचायत में सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमाण्डेन्ट अच्युतानंद के निदेर्शानुसार वर्ष -2022-23 के सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ154 बटा० द्वारा नक्सल प्रभावित गांव जसमे करमाटॉड, भागलपुर के उत्क्रमिक प्राथमिक विद्यालय में स्थानीय ग्रामिणो में देश भक्ति, समाजिक कुरितियो तथा भारत के प्रेरणदायक हिन्दी फिल्म दिखाया गया। जिसमें 'चक दे इण्डिया' और वाल विवाह पर बनी एक शॉट फिल्म 'उन्मुक्त'और मॉझी द माउटेंन मैन जैसी फिल्मों को दिखाया गया।इस कार्यक्रम में करमाटॉड, भागलपुर तथा आस पास के ग्रामिणो ने बढ चढ़ कर भाग लिया।इस दौरान ई0 / 154 बटा० के०रि०पु०बल के कमान अधिकारी विजय सिंह मीना (स०कमा० ) एवं अन्य सह कर्मी तथा खुखरा पंचायत के मुखिया सुनैना पाठक, उप मुखिया गोर्वधन रजक एवं पंचायत समीति सदस्य केशव पाठक तथा उत्कमिक प्राथमिक विधालय के स्टाफ एवं अन्य ग्रामिण जन प्रतिनिधी उपस्थित रहे।

### भ्रष्टाचार से निजात दिलाने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**इचाक :** इचाक प्रखंड क्षेत्र चम्पानगर नावाडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुकेश उपाध्याय ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय कों एक ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन का विषय इचाक प्रखंड की जनता को भ्रष्टाचार से निजात दिलाना है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि उपायुक्त को किसी चार सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है। जिसमें कहा गया है। कि प्रखंड की आम जनता भ्रष्टाचार से बहुत त्रस्त है। जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता से कई बार रूबरू होने के बाद कई समस्याएं सामने आई है, जिसमें मनरेगा योजना में 25 से 30% तक प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा वसूली की जाती है। जिससे योजनाओं का सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। कई कूप एवं अन्य योजनाओं के लाभुकों द्वारा यह जानकारी लगातार सुनने को मिलती है। वही प्रधानमंत्री आवास योजना में मनमानी तरीके से सूची बनाकर जरूरतमंद लाभुकों को वंचित रखा जाता है एवं पैसे के बल पर अयोग्य लाभुकों को आवास आवंटित किया जा रहा है। वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन में भी गरीबों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र में भी लोगों को प्रत्येक दिन अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिससे आम जनता काफी परेशान है। इसलिए प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार एक सप्ताह के अंदर समाप्त करने को लेकर निवेदन किया गया है। अन्यथा मध्य होकर जनप्रतिनिधि अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने के बाध्य होंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि कोडरमा लोकसभा की सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा गया है।

### धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर स्वामी का जयंती



**पीरटांड़ :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन में जैनियों के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की सोमवार को जयंती मनाई गई। मधुबन स्थित जैन समाज के दोनों संप्रदाय दिगंबर वाह स्वेतांबर ने जैन मंदिरों में महावीर स्वामी का पूजन और अभिषेक किया गया। वही जैन समाज द्वारा मधुबन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें जैन समाज के साथ ही मधुबन में रह रहे सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।शोभायात्रा में सबसे आगे श्रद्धालु धर्मध्वज लेकर चल रहे थे। इसके बाद बैंड-बाजों पर जैन समुदाय के पुरुष, महिलाएं, नाचते झूमते चल रहे थे। रथों पर भगवान महावीर के चित्रों को रखकर अहिंसा का संदेश दिया गया।जैन समुदाय के लोग शोभायात्रा में भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।शोभायात्रा में दिगंबर समाज के संत मुनि प्रमाण सागर जी महाराज के अलावे जैन समाज के कई अन्य संत भी मौजूद थे।

### हाथियों के झुंड ने फिर मचाया उत्पात, बेरहवा जंगल को बनाया बसेरा

**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड के बेरहवा जंगल को हाथियों का झुंड ने महीनों दिन से अपना बसेरा बना लिया है। हाथियों के झुंड में छोटे बड़े मिलाकर 25 से 30 हाथी हैं। दिनभर जंगल में आराम करने के बाद रात में हाथी खाना की तलाश में निकलते हैं। रात्रि में मदमस्त होकर हाथी बेरहवा जंगल से सटे ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए फसल के साथ-साथ अन्य सामानों को भी बर्बाद कर रहे है। रविवार की रात्रि हाथियों का झुंड बेरहवा जंगल स्थित कर्मा धाम में तीसरी बार जमकर उत्पात मचाया । उसके पहले भी दो दिन रात में झुंड कर्मा धाम परिसर पहुंच कर जमकर उत्पात मचाया था। हाथियो का झुंड रविवार की रात्रि कर्मा धाम मन्दिर में लगे मेन गेट समेत कई मंदिरों का गेट को तोड़ डाला।

### मुख्यमंत्री जी मालूम कीजिए 31 मार्च की रात पुलिस मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारी किस पार्टी में थे शामिल

# जिनके हाथों में थी बिहार की सुरक्षा, वह पार्टी में शामिल होकर स्वादिष्ट भोजन का ले रहे थे स्वाद

**दीपक नौरंगी**





**पटना:** बिहार में रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर शोभा यात्राएं की भव्य की विधि व्यवस्था की चिंता पुलिस के आला अधिकारियों को रहनी चाहिए वहां सबसे सीनियर पुलिस पदाधिकारी एक पार्टी में शामिल होकर स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले रहे थे सासाराम और नालंदा के बिहारशरीफ में असामाजिक तत्व माहौल खराब करने की तैयारी कर रहे थे उस समय पुलिस मुख्यालय के जिम्मेदार आला अधिकारी केंद्रीय जांच एजेंसी के द्वारा रखी गई एक भव्य पार्टी में स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले रहे थे क्या इतने महत्वपूर्ण समय में या बिहार में रामनवमी की शोभायात्रा निकली हो उस समय उक्त पार्टी में शामिल होना कितना जरूरी था और जरूरी था तो पुलिस मुख्यालय के सरदार पटेल भवन के कौन-कौन पुलिस के वरीय अधिकारी इस पार्टी में शामिल थे पर्दे के पीछे आईएएस और आईपीएस महकमे में यह चर्चा है 31 मार्च को हो रही पार्टी में देर रात तक पुलिस मुख्यालय के सीनियर अधिकारी मौजूद थे जहां बिहार में रामनवमी को लेकर माहौल खराब की तैयारी चल रही थी दूसरी और पुलिस मुख्यालय के जिम्मेदार आला अधिकारी एक पार्टी में शामिल होकर शुद्ध स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते नजर आ रहे थे उनको बिहार में दो जिले में हो रही सांप्रदायिक माहौल की खराब की स्थिति की पूरी भनक तक इन पुलिस पदाधिकारियों को नहीं लगी? सवाल उठना लाजमी है क्या रामनवमी के महत्वपूर्ण पर्व में पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों को इस पार्टी में शामिल होना जरूरी था या बिहार की विधि व्यवस्था की स्थिति पर बेहतर नजर बनाए रखना जरूरी था मुख्यमंत्री जी जांच करवाइए कि आखिर किस जांच एजेंसी के द्वारा पार्टी रखी गई थी और उस पार्टी में बिहार पुलिस सरदार पटेल भवन के कौन-कौन जिम्मेदार आला अधिकारी शामिल थे जिससे कि जिम्मेदार पुलिस पदाधिकारी की लापरवाही सामने दिखेगी प्रेस वार्ता के बाद बिहार के डीजीपी नालंदा जिला के बिहार शरीफ के लिए रवाना होते हैं वहां की वस्तु स्थिति से जाकर अवगत होते हैं प्रशासनिक और पुलिस के आला अधिकारियों के साथ एक बैठक करते हैं दूसरी ओर रोहतास के सासाराम में एडीजी एसटीएफ सुशील खोपड़े पहुंच कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हैं और वहां के एसपी और डीआईजी के साथ एक बैठक करते हैं रविवार और सोमवार तक डीजीपी बिहारशरीफ में और एडीजी अभियान सासाराम में पहुंचकर वस्तु स्थिति की पूरी जानकारी ले रहे हैं कहां क्या चूक हो गई पुलिस के द्वारा कहा क्या लापरवाही हुई इसकी पूरी जानकारी राज्य सरकार को अवगत कराएंगे।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गंभीर होते हैं और अपने अधिकारियों को निर्देश देते हैं फिर बिहार के पुलिस और प्रशासनिक आला अधिकारी एक प्रेस वार्ता रखी जाती हैं चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि बिहार में पिछले दो दिनों में रामनवमी में चौकस तैयारी थी। प्रशासनिक और पुलिस के स्तर पर हुई थी।

मुख्यालय से सभी अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई थी। पिछले साल की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इंटेलिजेंस इनपुट भी शेयर किया गया था बिहार शरीफ और सासाराम में कुछ घटनाएं हुई। लेकिन, जल्दी इन पर काबू पाया गया। स्थिति आज भी सामान्य है। बिहार के मुख्यमंत्री ने भी समीक्षा की तथ्यों को जाना। उन्होंने ने अधिकारियों को साफ तौर पर हर कीमत पर शांति और विधि व्यवस्था बहाल रखने को कहा। दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा। सामाजिक और कानून के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। राज्य सरकार शांति व्यवस्था बनाए रखेगी डीजीपी आरएस भट्टी के अनुसार बिहार में विधि व्यवस्था नियंत्रण में है। बिहार शरीफ और सासाराम मिलाकर कुल अब तक 109 गिरफ्तारी हुई है। लगातार पहचान कर गिरफ्तारी का काम जारी रहेगा। बिहार के डीजीपी प्रेस वार्ता के दौरान कहते हैं कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। राज्य में अशांति फैलाने की कोशिश थी। अब तक एक व्यक्ति की मौत हुई है। बम विस्फोट मामले जांच करने के लिए एफएसएल की टीम पटना से हुई थी। घायल अपराधी हैं। इलाज चल रहा है। इलाज के बाद जेल जाएंगे। इनपुट के अधार पर फोर्स लगाए गए थे। चार कंपनी सेंट्रल से मांगी गई। जो मिल गई है। हर साल रामनवमी पर मांगे जाते हैं। हर जुलूस को विधिवत लाइसेंस दिया गया था। किसी ने भी उसका उल्लंघन किया था पुलिस मुख्यालय के जिम्मेदार आला अधिकारियों को देखना होगा कि सुरक्षा व्यवस्था और रामनवमी की शोभायात्रा में कहा क्या कमी रह गई जिसके कारण दो जिलों में स्थिति खराब देखी गई और जो स्थिति खराब हुई उसके लिए कौन पुलिस पदाधिकारी जिम्मेदार हैं।

## ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस की अच्छी स्थिति को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान उपायुक्त वेयर हाउस में लगे शटर में ग्रीसिंग करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम मशीनों की सुरक्षा और रखरखाव में किसी प्रकार की कोई कोताही न हो इस निमित्त ईवीएम वेयर हाउस की सतत निगरानी एवं रखरखाव कार्यों के अनुश्रवण का निर्देश दिया।इस दौरान उपायुक्त ने सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते हुए आगामी चुनाव को लेकर तैयारी करने की बात कही। उन्होंने आधार सीडिंग से संबंधित जनता में जागरूकता फैलाने साथ ही वोटर लिस्ट में नए युवक /युवतियों का नाम जोड़ने तथा प्रवासियों का वोटर लिस्ट से नाम हटवाने को बात कही।इसके लिए सभी राजनैतिक दलों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए कार्य करने को कहा। इस दौरान एसडीओ सदर रवि जैन, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम सामदानी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया भूमि का निरीक्षण



**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को दुंदुरिया स्थित बस डिपो का निरीक्षण किया। बतातें चले कि बस डिपो लगभग चार एकड़ जमीन पर फैली हुई ह। जहां काफी संख्या में पुराने बसों को जब्त कर रखा गया है।

उपायुक्त के निदेर्शानुसार पूर्व में ही बस डीपो का चहारदीवारी खड़ी कर घेराबंदी किया गया था ।उक्त स्थान के सदुपयोग करवाने की दिशा में उपायुक्त ने बस डीपू का बारीकी से जायजा लिया।

उपायुक्त ने बताया कि बस डीपो की जमीन काफी लंबे समय से खाली पड़ी हुई है। जिसकी कोई उपयोगिता नहीं है। जमीन को आमजनों के उपयोग के लायक बनाया जायेगा। जमीन पर आमजनों के उपयोग के लिए मैरिज हॉल, खेल मैदान

एवं ओपेन जिम बनाने की दिशा में चर्चा की गई ताकि स्थानीय लोग इससे लाभान्वित हो सके. उपायुक्त ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को उक्त स्थान के बेहतर उपयोग में लाने हेतु प्रस्ताव 1 सप्ताह के अंदर तैयार करने का निर्देश दिया।

## ओआरओपी के विसंगतियों में सुधार हेतु पूर्व सैनिकों ने किया बैठक

**राष्ट्रीय खबर**



**हुसैनाबाद/पलामू:** हुसैनाबाद इकाई के सभी वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों ने ओ,आर,ओपी मे विसंगतियों पर चर्चा हेतु स्थानीय कार्यालय में बैठक किया। इस बैठक की अध्यक्षता अनुमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह एवं संचालन संगठन के जिला उपाध्यक्ष वं अनुमंडलीय महासचिव लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने की। बैठक में लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने ओ,आर, ओपी जो इस वर्ष जनवरी 2023 में पार्ट दो लागु कि गई है इस पर चर्चा करते हुए कहा कि इसमें जवानों एवं वीर नारियों को अनदेखी की गई है इसमें कोई भी बढ़ौतरी वीर नारियों एवं जवानों को नहीं दी गई है जिसमें मुख्य रुप से जवानों को पे बैंड में कोई बढ़ोतरी नहीं मिला है मेडिकल डिसेबिलिटी एवं मिलिट्री सर्विस पे मे आफिसर एवं जवानों में बहुत अंतर रखा गया है।पार्ट 2 में किसी को भी फायदा नहीं मिला जिसे हमारे पूरे भारतवर्ष के पूर्व सैनिक एवं वीरनारी आहत एवं आक्रोशित है । हमारे पूर्व सैनिक वीर नारी देश के राजधानी से लेकर सभी राज्यों में जिला स्तर एवं अनुमंडलीय स्तर पर अपना आक्रोश व्यक्त व धरना प्रदर्शन कर रहे हैं बैठक में उपस्थित हवलदार सुधीर सिंह ने आक्रोश जताते हुए कहा है कि हम इस बार की पार्ट 2 को सुधार के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे।इसी को आगे बढ़ाते हुए उदित शेख ने कहा कि हम लोग संगठित रूप से अपने अनुमंडल क्षेत्र की वीर नारी एवं पेंशन धारियों की समस्या को हल कराने हेतु हमेशा एकजुटता दिखाते रहेंगे । राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर वीर नारी एवं पूर्व सैनिकों 20 फरवरी 2023 से धरना पर बैठे हुए हैं लेकिन आज तक शासन ,प्रशासन ,रक्षा मंत्री किसी के कान पर जू तक नहीं हिला की जवानों की सुद्ध लें। यह एक देश में बहुत बड़ी विडंबना है जिस जवान और सैनिकों के हाथ में देश का ताज रक्षा एवं सुरक्षा की जिमा है उनकी आवाज को सुनने वाला दुख दर्द को देखने वाला कोई नहीं है । गूंगे बहरे सरकार अपनी वोट बैंक की राजनीति में केवल लगे हुए हैं । आज हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के वीर नारी एवं पूर्व सैनिक जवान अपने कार्यालय में इस पर चर्चा की है एवं सभी ने आक्रोश जताते हुए कई सरकार विरोधी नारे जैसे वीर नारी एवं जवानों की पुकार , इनकी बातें सुने सरकार ।

## न्यूज फटाफट

### प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी केंद्र का उद्घाटन कल

**हरिहरगंज/पलामू :** भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत 5 अप्रैल बुधवार को 03 .05 बजे अपराह्न में शहरी क्षेत्र अररुआ खुर्द मेन रोड स्थित शनि मन्दिर के समीप पीएम भारतीय जन औषधि केंद्र का विधिवत उद्घाटन होगा। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता और सिविल सर्जन पलामू के द्वारा किया जाएगा। इस आशय की जानकारी केन्द्र संचालक सह समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कई विशिष्ट और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। बता दें कि केन्द्र के खुलने के बाद लोगों को कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले दवाईयां मिलना सुनिश्चित होगा।

### पूजा अर्चना के साथ नए सत्र की हुई शुरूआत

**हरिहरगंज/पलामू :** शहरी क्षेत्र अन्तर्गत सतगावां टंडवा रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार से नए सत्र 2023/24 की पूजा अर्चना के साथ ही विधिवत शुरूआत की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने पूरे सत्र के दौरान हुए कार्यक्रमों को लेकर पुरस्कार का वितरण किया । साथ ही इस अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से पत्रकारों को अंग वस्त्र व थैला बैग देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में पत्रकारों ने स्कूली बच्चों को बेहतर भविष्य को लेकर कई टिप्स दिए। इस दौरान छात्र छात्राएं भी उत्साहित दिखे। वहीं बीते सत्र में सम्पन्न खेलकूद ,कुर्सी रेस ,भाषण ,संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता के प्रतिभागी भैया बहनों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर संजय कुमार सिंह , मोहन ठाकुर , नीलिमा मेहता , हंसराज गुप्ता सहित सभी आचार्य व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## 6 अप्रैल को जनाक्रोश रैली

▶▶ सरकार बालू घाटों की बंदोबस्ती करे या आम लोगों के लिए बालू फ्री करे

**राष्ट्रीय खबर**



**हुसैनाबाद,पलामू:** इंटक के प्रदेश प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद में कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। सरकार के मुखिया बालू का अवैध कारोबार अपने अधिकारियों के मध्यम कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। बालू घाटों की बंदोबस्ती होने से सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होता। सरकार के मुखिया बालू की कालाबाजारी करा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। वहीं राज्य में भवन निर्माण, सड़क, पीएम आवास समेत सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। उन्होंने कहा कि याचना नहीं अब रन होगा, संघर्ष बड़ा भीषण होगा। पुलिस की मिली भगत कर बालू का अवैध कारोबार हुसैनाबाद समेत पूरे राज्य में फल फूल रहा है, और यह पैसा ऊपर तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में निजी निर्माण कार्य के साथ साथ सरकारी योजनाएं भी आधर में लटकी है। निजी आवास निर्माण कताओं ने पत्थर के डस्ट का उपयोग कर निर्माण कराने को भी मजबूर हैं। निजी घरों का निर्माण कर रहे लोग परेशान है। बालू के अभाव में उनका भवन निर्माण का काम बंद है। संवेदकों ने बताया कि उन्हे आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र भवन, सड़क निर्माण करना है। बालू के अभाव में वह कार्य नहीं करा पा रहे है। उन्होंने कहा कि बालू के अभाव में विकास कार्य ठप्प हो जाने से राज मिस्त्री, मजदूर और अन्य कारीगरों का पलायन दूसरे राज्यों में होने लगा है। सीमेंट, ईंट,छड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

### भ्रष्टाचार पर लगे रोक नहीं तो होगा आंदोलन

**गुमला :** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह भाकपा (माले) रेड स्टार, गुमला के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव ने पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को एक मांग-पत्र प्रेषित कर गर्मी से पूर्व प्राक्कलन को ताक पर रखकर नल जल योजना में हुई भ्रष्टाचार की जांच कर योजनाओं को दुरुस्त करने की मांग की है । विदित हो कि अरबों रुपए की लागत से घाघरा, जारी, सिसई, भरनो, गुमला, बसिया सहित जिले भर में नल जल योजना के तहत पानी टंकी व लोगों को कनेक्शन दिया जा रहा है। लेकिन संवेदक द्वारा जैसे तैसे पाइप लाइन व कनेक्शन बिछाने की वजह से कहीं पाइप लीकेज तो कहीं भारी अनियमितता के कारण लोगों को पेयजल से वंचित रहना पड़ रहा है।

## किसानों के आर्थिक विकास से ही जिले का विकास है विद्यमान:उपायुक्त



▶▶ बैंकर्स के साथ हुई सरकार के विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं के प्रगति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में केसीसी( ,किसान क्रेडिट कार्ड), एसएचजी(स्वयं सहायता समूह) ,पीएमईजीपी(प्रधानमंत्री इम्प्लॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम), पीएम एफएमई( फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना ) से संबंधित सभी बैंकर्स के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

पीएमईजीपी के तहत जिले में कुल 354 आवेदनों में से सभी बैंक के द्वारा 93 आवेदकों के बीच कुल 210.36 लाख की राशि का लोन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।जिसमें सबसे अधिक बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा 160 लाभुको के लोन को स्वीकृति दी गई।उपायुक्त ने सभी निजी बैंकों को अधिक से अधिक उक्त योजना के तहत लाभुकों / किसानों को ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि कृषि के विकास से ही जिले का विकास विद्यमान है , इसपर बैंकों द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्व वर्ष के मुकाबले पीएमईजीपी में बैंकों द्वारा अच्छा कार्य किया गया है।उन्होंने उन सभी बैंक मैनेजर (व्यक्ति विशेष जिनके द्वारा मूल कार्य किया गया हो)को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया।

वहीं केसीसी के तहत प्राप्त 18000 आवेदनों में से लगभग 9000 आवेदनों को केसीसी हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।उपायुक्त ने अप्रैल माह के अंत तक कमसे कम 22000 केसीसी को स्वीकृति प्रदान करने का लक्ष्य दिया गया।

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत योजना पीएमएफएमई योजना के तहत सभी बैंकों द्वारा प्राप्त 38 आवेदनों में से 8 आवेदनों में स्वीकृति प्रदान की गई । जिला वार गुमला जिले में प्राप्त आवेदन के स्वीकृति के अनुपात में अन्य जिलों के मुकाबले बेहतरीन कार्य किया गया है। इसमें भी बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सबसे बेहतर कर किया गया है । उपायुक्त ने कहा कि लोगों को उक्त योजना के तहत कम जानकारी होने से आवेदन कम आ रहें है जिसपर प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है।

ज्ञात हो कि उक्त योजना के तहत जिले के किसानों की इकाई स्थापित कराते हुए उनके बीच रोजगार सृजन के साथ आत्मनिर्भर बनाया जाता है। इस योजना में परियोजना लागत का (35 प्रतिशत अधिकतम 10.00 लाख रू0) पूंजीगत अनुदान राशि दी जाती है।

एसएचजी के वित्तीय वर्ष 2022 23 के तहत कुल प्राप्त 2041 आवेदनों में से 1929 आवेदनों को स्वीकृति दी गई जिसमें लगभग 3621.77 लाख की राशि का एसएचजी समूहों के बीच ऋण का वितरण किया गया है।उक्त सभी योजनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेहतरीन कार्य किया गया जिसपर उपायुक्त ने उन सभी बैंकों के बैंक मैनेजर पुरस्कृत करने की बात कही जिनके द्वारा बेहतर कार्य किया गया । वहीं बैंक ऑफ इंडिया , ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अधिक से अधिक कृषकों में विभिन्न योजना अंतर्गत ऋण प्रदान किया गया है।जिसपर उपायुक्त ने हर्ष प्रकट किया साथ ही और भी किसानों को इन सभी योजनाओं के तहत जागरूक करते हुए उन्हें भी सहायता प्रदान करने की बात कही। उपायुक्त ने एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई एवं एक्सिस बैंक के लगातार खराब प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी प्राइवेट बैंक को भी सरकारी योजनाओं के प्रति जनता को जागरूक करने का निर्देश दिया साथ ही किसानों के बीच ज्यादा से ज्यादा ऋण उपलब्ध कराने एवं बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में मुख्य रूप से एलडीएम गुमला, संभी संबंधित बैंकों के बैंक मैनेजर एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहें ।।

**आग्रह** कूड़े कचरे गंदगियों को डस्टबिन में फेंके :सैयदा

## सफाई की अहमियत दुकानदार को समझनी होगी

▶▶ मिशन बदलाव महिला टीम और और नगर परिषद के नेतृत्व में वार्ड 15 के किया गया साफ सफाई

**राष्ट्रीय खबर**




**गुमला:** मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन एवं नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में गुमला शहर के मधुबाला गली,थाना रोड का दौरा कर दुकानदार एवं मुहल्ले वालो से मुलाकात किया था।

दुकानदारों ने बताया कि मधुबाला एवं अन्य मुहल्लों में हमेशा रोड में गंदगियों का अंबार बना रहता है एवं ये सभी समस्याओं को लेकर नगरपरिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से लेकर कर्मचारियों को अवगत कराया गया लेकिन उनके द्वारा कोई भी बातों को गम्भीरता से नहीं लिया गया था एवं गन्दगी के वजह से मच्छर का प्रकोप बना रहता था और हमेशा मच्छरों के डर से डेंगू एवं मलेरिया से भी आशंका बनी रहती है।

मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने आमजनों को अस्वासत किया कि पूरे समस्या को लेकर उपायुक्त से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया जायेगा और प्रसाशन से आग्रह करेंगें की समस्याओं को गम्भीरता से ले और समाधान पर प्राथमिकता दे, मिशन बदलाव के द्वारा हस्ताक्षरयुक्त पत्र नगरपरिषद कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया था,मिशन बदलाव ने लिया निर्णय की समस्या को स्वतः लोंगो के सहभागिता के साथ समाधान किया जायेगा ।

## शहर >> अपडेट

### बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**कोडरमा:** इंदरवा सलैयडीह मे बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान सोना यादव (50, पिता स्व विक्रम महतो, ग्राम सलैयडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर के बाहर खड़ा थे जो एक बाइक अपनी चपेट में लेने से खड़ा व्यक्ति गिरकर घायल हो गए जिसके बाद उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### अर्द्ध सैनिक कैंटीन का किया उद्घाटन

**सतगावां:** प्रखंड नसरगंज बंबू बीयर बार एवं जैप कैंप के नजदीक रविवार को अर्ध सैनिक कैंटीन का किया गया उद्घाटन जिसका उद्घाटन सुपरिटेंडेंट ऑफ सेंट्रल जीएसटी पदाधिकारी नीरज कुमार के द्वारा फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया। अर्द्ध सैनिक कैंटीन के संचालक पूर्व सैनिक अजय कुमार सिंह है। वही कैंटीन में सभी तरह का सामग्री उपलब्ध है, जिसमें पन्द्रह परसेंट का सभी सामग्री पर डिस्काउंट है जिससे ग्राहकों का पन्द्रह परसेंट का लाभ मिलेगा।

### वाणी कंप्यूटर सेंटर में हुई परीक्षा

**कोडरमा:** वाणी कम्प्यूटर सेंटर में एडीसीए, डीसीए, टैली और टाइपिंग का फाइनल परीक्षा लिया गया जिसमें उपस्थित परीक्षा निरीक्षक के रुप में प्रखण्ड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी जयनगर सुनिल कुमार यादव उपस्थित थे। वही संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के ओएमआर शीट पर परीक्षा लेने भविष्य में सभी को लाभ मिलेगा। अगला बैच एडीसीए, डीसीए का 10 और टैली का 15 मार्च को शुरू होने वाला है। इच्छुक विद्यार्थी नामांकन ले सकते हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मरकच्चो में आर्केस्ट्रा का आयोजन, झूमे दर्शक

**मरकच्चो:** बासंती दुर्गापूजा के अवसर पर मरकच्चो में शनिवार की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर के कामकाज से लोग थक जाते हैं। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों को आनंद की प्राप्ति होती है।आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आसनसोल के लखन म्यूजिकल ग्रुप की ओर से प्रस्तुत किया गया। आर्केस्ट्रा में कलाकारों ने रातभर दर्शकों का समां बांधे रखा। कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य व गीत की प्रस्तुति से लोगों में काफी उत्साह का माहौल था। नृत्यांगनायों ने खोरठा, भोजपुरी व हिंदी गानों पर रिकॉर्डिंग डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को बांधे रखा। संचालक ने अपने शेरो-शायरी की प्रस्तुति से पूरा माहौल संगीतमय बना दिया।

### प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**कुडू:** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक तनवीर गौहर की अध्यक्षता में उनके आवास में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेष रूप से प्रभारी रीना कुमारी,सह प्रभारी शाहिद अहमद बेलू उपस्थित हुए। आगामी 5 अप्रैल को जिला स्तरीय जय भारत सत्याग्रह अभियान कार्यक्रम में आईसीसी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे , झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,विधायक दल के नेता जनाब आलमगीर आलम क्षेत्र के लोकप्रिय नेता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जी,स्थानीय विधायक सह डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत ,प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## कार्यालय में लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए डीसी आदित्य रंजन

# पदाधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में कालीकरण रोड पर घर बनाने तथा धार्मिक स्थल पर कब्जा करने, परिवारिक सूची बनाने में टालमटोल करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल के तहत नामांकन कराने,अवैध रूप से जमाबंदी खोलने एवं बंद करने का प्रयास व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने सोमवार को ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। डीईओ सह डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित जरूरी पहलुओं की जांच की। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री जयपाल सोय से ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

डीसी ने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। मौके पर अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी जय पाल सोय व विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह, प्रतिभागी हुए सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का चुनाव अभिभावकों में लकी कूपन ड्रा द्वारा किया गया। इसमें अतिथि के रूप में विशाल कुमार यादव की मां चमेली देवी चुनी गई। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार और मुख्य अतिथि चमेली देवी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने अभिभावकों का स्वागत किया और कहा कि हर क्षेत्र में अच्छा करने वाले छात्रों और आजादी का अमृत महोत्सव प्रतियोगिता के विजेता छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पायल सिंह के निर्देशन में मेघा सिंह, शैलवी सिंह ने किया जबकि शताक्षी सिंह और तनीषा शर्मा ने तिलक लगाकर अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अलका सिंह, अभिलाषा सिंह और कामिनी सहाय के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन किया गया, और बताया गया कि जीवन में अनुशासन का क्या महत्व है। कामिनी सहायक ने जहां घर में बच्चों को सरल तरीके से गणित पढ़ाने के टिप्स दिए वहीं अभिलाषा सिंह ने अंग्रेजी लिखने, पढ़ने और बोलने के आसान तरीके से अभिभावकों को रू-ब-रू कराया।

# हेमंत सोरेन की नियोजन नीति नौजवानों के हित में : महादेव

▶▶ अखिल भारतीय नौजवान संघ की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला परिषद कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला में सोमवार को अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिलाध्यक्ष रंजन कुमार रजक के अध्यक्षता में हुई। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां झारखंड के नौजवानों को गलत संदेश देकर भटका ना चाह रहे हैं। हेमंत सोरेन की नियोजन नीति झारखंड के नौजवानों के हित में है। इसके पूर्व की सरकार ने नियोजन नीति नहीं बनाया जिसके कारण विगत कई भालियों में दूसरे राज्यों के नौजवान कोडरमा जिला में अभी भी नौकरी कर रहे हैं। हेमंत सोरेन ने जो नियोजन नीति लाया है इस नीति से नौजवानों मैं खुशहाली आएगी। तथाकथित 10 अप्रैल को झारखंड बंद यह नौजवानों के साथ छल है झारखंड के नौजवानों से अखिल भारतीय नौजवान संघ अपील करती है झारखंड बंद का प्रतिरोध करें। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि स्थानीय नीति पुनः लागू कर झारखंड राज्य के नौजवानों को नौकरी देने की जरूरत है। श्री रजक ने कहा कि झारखंड के युवा अपने हक और अधिकार की लड़ाई सड़क पर ले जाने पर उनके ऊपर भाजपा की तरह डंडा बरसाई जा रही है यह घोर अन्याय है। नौजवान संघ के प्रखंड कमेटियों का बैठक 18 अप्रैल को चंदवारा प्रखंड, 25 अप्रैल को जयनगर प्रखंड, 17 अप्रैल को कोडरमा प्रखंड में बैठक की जाएगी। बैठक को पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, गुफरान खान, दशरथ पासवान, सुखदेव पांडे, अखिलेश पांडे, विनोद पासवान, धर्मेंद्र पंडित, नकुल ठाकुर, गौतम ठाकुर, मेराज अंसारी, बबलू कुमार, इसराफिल खान ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन सुखदेव पांडे ने जबकि संचालन अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन ने किया।

# बच्चे के सुरक्षित जीवन के लिए मीजल्स रूबेला एम आर टीकाकरण जरूरी

▶▶ 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को लेना अनिवार्य

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान की सफलता को लेकर 3 अप्रैल को निजी विद्यालयों की एक विशेष बैठक डी एल ई टी हॉल मैं आयोजन किया गया जिसमें एलाइट पब्लिक स्कूल, संत पॉल स्कूल पाकुरिया, बेथेस्डा मिशन, ओपन स्काई स्कूल, बाल विद्यापीठ, ज्ञान निकेतन, के अलावे जिले भर से 70 विद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया।

### क्या है मीजल्स रूबेला टीकाकरण

इस संबंध में डब्ल्यूएचओ के डॉ राजीव कुमार उपस्थित सभी प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि रूबेला एवं खसरा एक संक्रामक रोग है तथा यह वायरस के कारण फैलता है। लड़के एवं लड़कियों दोनों में संक्रमित कर सकता है। इसे खसरा रोग भी कह सकते हैं। यह एक जानलेवा बीमारी है। खसरे के कारण बच्चों में विकलांगता और असमय मृत्यु का भय बना रहता है। इससे प्रभावित व्यक्ति के छींकने या खांसने से भी यह रोग फैलता है। चेहरे तथा शरीर पर गुलाबी लाल दाने के चकत्ते होना ,अत्यधिक बुखार खांसी, नाक बहना ,आंखें लाल हो जाना खसरे का विशेष लक्षण है। वही रूबेला के भी लक्षण खसरे जैसे हैं। बच्चों में आमतौर पर रोग हल्का होता है खरीश,कम डिग्री के बुखार, कान के पीछे वह गर्दन में सूजन आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं इसके बचाव बहुत जरूरी है। जो बच्चे जन्म से बहरे है इसके संभावित कारण रूबेला हो सकता है।

### बचने के लिए टीकाकरण ही एकमात्र विकल्प

इस संबंध में जाने-माने चिकित्सक मनीष सीसी सिन्हा बताते हैं कि खसरा रूबेला से बचने के लिए सबसे कारगर उपाय एमआर वन डोज टीकाकरण है। उन्होंने बताया कि खसरा एवं रूबैल्ला कभी-कभी जानलेवा बन जाता है। इससे बचने के लिए खसरा रूबेला एम आर का टीका लगाना नितांत आवश्यक है। 9 माह से 15 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को यह टीका लगाया जाना है।

# महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत



▶▶ गंभीर रूप से घायल महिला ने रांची रिम्स पहुंचते ही दम तोड़ दिया

राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले टोरी बालूमाथ शिवपुर रेलवे लाइन में बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम अंतर्गत महुआटांड़ के पास रेल पटरी पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई ।मृतका की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम अंतर्गत महुआटांड़ टोला निवासी सुनील गंझु की पत्नी गुड़िया देवी 30 वर्ष के रूप में हुई है ।ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी महुआ चुनने के लिए रेल पटरी पार कर रही थी कि इसी दौरान वह गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गई इस दुर्घटना में उसका दोनों पैर और एक हाथ कट गया। उसे गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने उसकी स्थिति को गंभीर और चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया घायल महिला ने रांची रिम्स में पहुंचने के साथ ही दम तोड़ दिया। मृतक महिला के 4 छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# 9 बाइक समेत 22 कुंटल कोयला जप्त

राष्ट्रीय खबर



**महेशपुर (पाकुड़):** अवैध कोयला के खिलाफ थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में रविवार देर शाम एवं सोमवार सुबह दो अलग-अलग जगह में छापेमारी अभियान चलाकर नौ बाइक समेत 22 कुंटल कोयला जब्त कर लिया।

जब्त कोयला व बाइक को महेशपुर थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि अवैध कोयला के खिलाफ रविवार देर शाम रोलाग्राम गांव के पास छापेमारी अभियान चलाया गया। रोलाग्राम गांव के पास छापेमारी अभियान के दौरान आठ बाइक समेत 20 क्विंटल कोयला को जब्त किया गया था। जबकि सोमवार सुबह पोखरिया गांव के पास छापेमारी अभियान चलाकर एक बाइक समय दो कुंटल कोयला को जब्त किया गया है। पुलिस के देखते ही कोयला ले जा रहे लोग बाइक छोड़कर भाग निकला। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध कोयला के खिलाफ आगे भी छापेमारी अभियान जारी रहेगी।

### 19 वर्षीय युवक जख्मी

**महेशपुर (पाकुड़):** महेशपुर-शहरग्राम मुख्य सड़क के पोडरा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलटने से चालक श्याम कुमार साह 19 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एएसआइ शिव शंकर भगत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की छानबीन करते हुए। चालक को महेशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां डॉ. सुनील कुमार किस्कु ने चालक की सिर पर लगी गंभीर चोट एवं नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जख्मी युवक को पश्चिम बंगाल के मुरारोई मेडिको अस्पताल लेकर जाया गया।

## न्यूज फटाफट

### राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**कोडरमा:** राष्ट्रीय जनता दल, जिला कार्यकारिणी की बैठक पुरनाडीह स्थित पार्टी जिलाध्यक्ष रामधन यादव के आवास में रविवार को हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान और कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महासचिव डॉक्टर जावेद अख्तर, प्रदेश सचिव सुनील यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। इनमे जिले के सभी प्रखंड और पंचायत में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने, 14 अप्रैल को राजद बड़े स्तर पर डॉ बी आर अंबेडकर जयंती हर प्रखंड में मनाएगी। जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा देश में सत्ता बेलगाम हो रही है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में लोकतंत्र को लगातार कमजोर किया जा रहा है। केंद्र सरकार विपक्षी दलों के नेताओ पर सत्ता शक्ति का इस्तेमाल कर संसद से बाहर कर रही है। केंद्रीय एजेंसी सिर्फ विपक्षी नेताओं के घर का पता जानती है, जबकि भाजपा से जुड़े सांसद-विधायक और नेताओ के घर में छापेमारी कर दे, तो आधे ज्यादा भाजपाई गायब हो जाएंगे।

### 10 अप्रैल से समाहरणालय परिसर में धरना

**कोडरमा:** डोमचांच बालिका उच्च विद्यालय में बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी अजय कृष्ण ने और संचालन बसंत मेहता ने किया। अजय कृष्ण ने कहा कि सोनाली हत्या काण्ड पर सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट से कराने के लिए प्रस्ताव पारित कराने की आवश्यकता है। अर्जुन साव ग्राम सपही निवासी को डोमचांच थाना के पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा निर्मम हत्या कर दिया था और अभी तक अपराधियों कि गिरफ्तारी नहीं हुई है और ना ही पीड़ित परिवार को मुआवजा तथा एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिया गया है। डोमचांच अंचल में पदस्थापित राजस्व उपनिरीक्षक पंकज कुमार सिंह एवं अन्य तथा अंचल अधिकारी मां देवप्रिया के द्वारा ग्रामीणों को काफी परेशान करते हैं। राईट टू सर्विस एक्ट का उल्लंघन किया जा रहा है अंचल अधिकारी मां देवप्रिया के क्रियाकलाप से कई ग्रामीण अंचल आना छोड़ दिया है।

### भक्ति जागरण में निशा दुबे ने दर्शकों को झुमाया

**मरकच्चो:** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के कुशमई गांव में पिछले नौ दिनों से चल रहे हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति के साथ हो गया। इस महायज्ञ को लेकर यज्ञ समिति द्वारा शनिवार देर रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भोजपुरी स्टार गायिका निशा दुबे ने दर्शकों को रात भर झूमाया। गायिका ने एक से बढ़कर एक भक्ति संगीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इसके पूर्व जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रमुख सत्यनारायण यादव, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, भूतपूर्व मुखिया अर्जुन साहू, स्थानीय मुखिया बीणा देवी एवं उप मुखिया सकुंतला मसोमत ने संयुक्त रूप से भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। उप मुखिया सकुंतला देवी, यज्ञ समिति अध्यक्ष प्रकाश साव, सचिव हरदेव साव, कोषाध्यक्ष प्रकाश राणा, समाजसेवी गुड्डू यादव ने पुष्प माला व भगवा गमछा पहना कर भोजपुरी स्टार गायिका की स्वागत किया।

### ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया

**कोडरमा:** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सुधांशु कुमार एवं चेतना जैन के द्वारा बीएड सत्र 2021- 23 के प्रशिक्षुओं को कैरियर संबंधित जानकारियों से अवगत कराया। मुख्य वक्ता सुधांशु कुमार ने अपने वक्तव्य में बताया कि विद्यार्थी केसै विज्ञान वर्ग, कला वर्ग, वाणिज्य वर्ग में आपना कैरियर बनाकर सफलता हासिल कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिंदुओं की भी प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। मुख्य वक्ता बतौर चेतना जैन ने कहा कि एक अध्यापक को कक्षा में विभिन्न कौशलों के द्वारा शिक्षण कार्य करना होता है। शिक्षक को विभिन्न प्रकार की शिक्षण विधियों की जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम में बीएड सत्र 2021-23 की प्रशिक्षु पुष्पा कुमारी, राहुल यादव, रंजीत कुमार चौधरी, रिंकी कुमारी, शिल्पी कुमारी, श्वेता सिंह, सोनी कुमारी, कुलदीप शर्मा, महिमा कुमारी, मनोज कुमार राणा, निधि वर्णवाल, नीरज कुमार, पूजा कुमारी, सिमरन कुमारी, मनीष कुमार, पूजा प्रजापति, वीरेंद्र कुमार दास, किरण कुमारी, कृष्ण कुमार, खुशी कुमारी, मिताली गौतम, अरविंद कुमार, सोनू पंडित, कारू राणा, स्वाति शबनम इक्का, शबनम परवीन उपस्थित थे।

### मोदी शासनकाल में लोकतंत्र खतरे में: प्रकाश

**कोडरमा:** सुप्रीम कोर्ट के द्वारा एससी एसटी एक्ट को समाप्त किए जाने के खिलाफ 2 अप्रैल 2018 को पूरे देश भर में आंदोलन हुआ था जिसमें 13 आंदोलनकारियों की शहादत हुई थी एवं देश भर में सैकड़ों आंदोलनकारियों पर झूठा मुकदमा हुआ था। दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति द्वारा रविवार को साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में शहादत दिवस मनाया गया। शहादत दिवस के पूर्व उन शहीदों के चित्र पर सभी साथियों ने बारी बारी से माला एवं पुष्पांजलि अर्पित किए एवं शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम व संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने किया। वक्ताओं ने कहा कि दलित आंदोलन के सामने मोदी सरकार को झुकना पड़ा। इतना ही नहीं देश में संपन्न हुए किसान आंदोलन के सामने मे भी झुकना पड़ा इसलिए दलित संगठन को एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बाहर का दरवाजा दिखाना होगा नहीं तो बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के दिए हुए संविधान को दिन प्रतिदिन कमजोर किए जा रहे हैं।

### दिल्ली में 5 अप्रैल को किसान मजदूर रैली

**कोडरमा:** मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ और किसानों के उपज का डेढ़ गुणा दाम के लिए एमएसपी की गारंटी व कृषि ऋण माफ करने, गरीबों को जमीन का पट्टा देने, सभी मजदूरों को न्यूनतम 26 हजार वेतन व 10 हजार पेंशन देने, अंधाधुंध निजीकरण पर रोक लगाने, स्थायी रोजगार की गारंटी करने, केरल मॉडल के तहत पीडीएस दुकानों से रोजमर्रे के सभी 30-34 सामान देनें, मजदूर विरोधी चार लेबर कोड रद्द करने, मनरेगा में 200 दिन का काम और 600 रुपए मजदूरी देने इत्यादि मांगों पर 5 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले किसान मजदूर संघर्ष रैली में कोडरमा जिला सहित झारखंड से दस हजार किसान मजदूर शामिल होंगे। यह जानकारी मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने मीडिया को दिया।

### सत्य बोलने पर राहुलको मिली सजा: साहू

कुडू :लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ आज कुडू प्रखंड के ग्राम सुकुमार, ओपा एवं सुंदरु गांव का दौरा कर वहां के कांग्रेसियों एवं ग्रामीणों से मिलकर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में दिनांक 5 अप्रैल को जिला स्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम जो लोहरदगा समाहरणालय स्थित मैदान में रखा गया है उसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील किए। श्री साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम सहित प्रदेश स्तर के नेता, सांसद उपस्थित रहेंगे।

### हवन कार्यक्रम से वातावरण शुद्ध होता है

**कुडू:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी में 3 मार्च 2023 को विद्यालय में हवन कार्यक्रम के साथ सत्र प्रारंभ विद्यालय के कोषाध्यक्ष अनूप देव पौराणिक के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। भैया-बहन एवं आचार्य द्वारा वर्ष भर चलने वाले विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधि को उत्तरोत्तर आगे बढ़ाने की कामना करते हुए हवन के साथ सत्र आरंभ किये। जिसमें समस्त भैया-बहन, आचार्य-आचार्य मनोयोग से हवन पूजन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। अंत में प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने कहे भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास में शक्ति प्रदान हमारे आचार्यों को हो, इसके लिए यह पूजन का विशेष महत्व है और हवन कार्यक्रम से समस्त वातावरण शुद्ध होता है।

## न्यूज फटाफट

### रॉयल क्लब ने दिल्ली स्टेट महिला बेसबॉल चैंपियनशिप जीती



**नयी दिल्ली:** रॉयल क्लब ने सोमवार को दिल्ली स्टेट बेसबॉल चैंपियनशिप 2023 का महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। लक्ष्मीबाई कॉलेज की टीम दूसरे और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार साधना को दिया गया। गौरतलब है कि बेसबॉल एसोसिएशन दिल्ली ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज में दिल्ली स्टेट बेसबॉल चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया था। बेसबॉल एसोसिएशन दिल्ली के महासचिव वीरेंद्र भारद्वाज ने टूर्नामेंट की और इस आयोजन के महिला वर्ग में छह टीमों ने भाग लिया था।

### हार के बावजूद नटराजन से प्रभावित हुए लारा



**हैदराबाद:** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों मिली 72 रन की करारी हार के बावजूद तेज गेंदबाज टी नटराजन के प्रदर्शन से प्रभावित हुए हैं। चोट के कारण लंबे समय बाद पिच पर लौटे नटराजन ने रविवार को भले ही अपने पहले ओवर में 17 रन दिये, लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी की और अगले तीन ओवर में 23 रन देते हुए दो विकेट चटकाये। लारा ने कहा, ''अब वह चोट से वापस आ गए हैं और वह एक अनुभवी गेंदबाज़ हैं। पहले ओवर के बाद उन्होंने जिस तरह वापसी की वह बहुत बेहतरीन था। गेंदबाजों ने अंतिम आठ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। एक समय पर राजस्थान 225 तक भी पहुंच सकता था लेकिन हमारे गेंदबाजों ने उन्हें रोक लिया। यह सकारात्मक संकेत हैं। हम यहां से सुधार कर सकते हैं। युवा गेंदबाजों के सराहनीय प्रदर्शन के अलावा सनराइजर्स के लिये आईपीएल का पहला मैच अच्छा नहीं रहा। राजस्थान ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 203 रन का स्कोर खड़ा करने के बाद मेजबान टीम को 20 ओवर में सिर्फ 131 रन बनाने दिये। लारा ने हालांकि पहले गेंदबाजी करने के अपने फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा, ''हमने वास्तविक पिच के साथ बहुत सारे अभ्यास सत्र खेले और हमने यह महसूस किया कि पिच पर गेंदों को काफी उछाल मिल रहा है। जब हमने आज की पिच को देखा तो हमें लगा कि यह अच्छा विकेट है और यह टूर्नामेंट का पहला मैच था। हमने टीम शिविर में महसूस किया था कि गेंदबाजी हमारा मजबूत पक्ष है, जिससे हम शुरू में ही उनपर दबाव बनाना चाहते थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स को पहले ओवर में ही ट्रेंट बोल्ट ने दो झटके दिये। मेजबान टीम पावरप्ले में मात्र 30 रन जोड़ सकी, जिससे उभरना उसके लिये मुमकिन नहीं हुआ। लारा ने कहा, हम शुरुआती ओवरों में वैसी गेंदबाजी नहीं कर पाये जैसी हमें करनी चाहिये थी। खिलाड़ियों ने स्वीकार किया है कि वे इसमें सुधार करना चाहते हैं। अगर आप मैच को दो हिस्सों में बांटकर देखें तो पायेंगे कि जब हमारे हाथ में गेंद थी तब हमने पावरप्ले में मैच को हाथ से निकलने दिया। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तब भी विकेट गंवाने के कारण हम पावरप्ले में ही हार गये।

**अहसास** मुंबई ने तिलक वर्मा के आतिशी अर्द्धशतक की मदद से आरसीबी के सामने 172 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य

# चार साल बाद 'घर लौटना' अद्भुत रहा : विराट कोहली

- कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 43 गेंद पर 73 रन की पारी खेली
- कोहली ने 17वें ओवर में छक्का जड़कर आरसीबी को जीत दिलाई



एजेंसियां

**बेंगलुरू:** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आठ विकेट की दमदार जीत दर्ज करने के बाद कहा कि चार साल बाद 'घर लौटना' अद्भुत अहसास रहा।

मुंबई ने रविवार को तिलक वर्मा (84 नाबाद) के आतिशी अर्द्धशतक की मदद से आरसीबी के सामने 172 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा, जिसे मेजबान टीम ने 16.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। कोहली ने इस एकतरफा जीत में 49 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाये, जबकि उनके जोड़ीदार और कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 43 गेंद पर 73 रन की पारी खेली। कोहली ने मैच के बाद कहा, अद्भुत जीत।

इतने सालों बाद घर वापसी करना अच्छा है। यह स्कोर खड़ा करने के लिये उनके बल्लेबाजों को श्रेय जाता है। तिलक ने अच्छी बल्लेबाजी की। फाफ ने पहले आक्रामक बल्लेबाजी शुरू की और बाद में मैंने भी साथ दिया। उन्होंने कहा, आज जिस तरह से मैच हुआ, उससे मैं बहुत खुश हूं। नयी गेंद का सामना करना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन हमने अच्छी तरह नयी गेंद का सामना किया। स्टेडियम में भीड़ खचाखच भरी थी, माहौल अद्भुत था। हमें मालूम था कि काफी समर्थन मिलने वाला है। यह समर्थन हमें बेहतर प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित करता है। कोहली और डु प्लेसिस ने पहले विकेट के लिये 148 रन की साझेदारी की, जिससे मुंबई की जीत की उम्मीदों पर पानी फिर गया। डु प्लेसिस भले ही लक्ष्य के करीब पहुंचकर आउट हो गये, लेकिन कोहली ने 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का जड़कर आरसीबी को जीत दिलाई। कोहली ने कहा, आईपीएल के पहले मैच में इस तरह का प्रदर्शन करना हमारे लिये बहुत अच्छा था। पांच बार की चैंपियन मुंबई और चार बार की चैंपियन चेन्नई के बाद हमने ही सबसे अधिक बार प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई किया है। हमें बस टीम का संतुलन बनाये रखने की जरूरत है। हमें इस गति पर खेलने की जरूरत है और हमें इससे भी बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।

## बल्लेबाजी ने निराश किया, तिलक का प्रयास सराहनीय : रोहित

एजेंसियां

**मुंबई:** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हाथों मिली आठ विकेट की करारी हार के बाद स्वीकार किया कि तिलक वर्मा के अलावा कोई बल्लेबाज पिच का फायदा नहीं उठा सका। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर रविवार को खेले गये मैच में बायें हाथ के युवा बल्लेबाज तिलक ने महज 46 गेंद पर नाबाद 84 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 48 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे लेकिन तिलक ने 182.6 के स्ट्राइक रेट से नौ चौके और चार छक्के लगाकर टीम को 171 रन तक पहुंचा दिया। रोहित ने कहा, शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन अंत में तिलक का प्रयास अच्छा रहा। गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। हमने काफी



अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, यह अच्छी पिच थी।

उन्होंने कहा, आज उसने (तिलक ने) जो कुछ शॉट खेले उनमें से कुछ में उसने काफी हिम्मत दिखाई। हम बेबाक खेलना चाहते थे। हमें सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के लिये तिलक को श्रेय जाता है। यह बल्लेबाजी के लिये अच्छी पिच थी। हमने अपनी क्षमता के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं की। हम 30-40 रन और जोड़ सकते थे। तिलक का प्रयास हालांकि काम नहीं आ सका और विराट कोहली-फाफ डु प्लेसिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 148 रन की साझेदारी करके मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

मुंबई के गेंदबाज डु प्लेसिस और दिनेश कार्तिक को आउट करने में सफल रहे, लेकिन तब तक मैच हाथ से निकल चुका था। रोहित ने कमजोर गेंदबाजी प्रदर्शन पर कहा, पिछले छह-आठ महीनों से मैं बुमराह के बिना खेल रहा हूं। हम उन चीजों के लिये कुछ नहीं कर सकते जिस पर हमारा नियंत्रण नहीं है। अन्य लोग भी प्रतिभाशाली हैं। बहुत से लोगों ने पहले आईपीएल नहीं खेला है और उनके लिये यह उनका सीजन का पहला मैच था। मुझे लगता है आगे देखने के लिये बहुत कुछ बाकी है।

## स्टार पर 13 करोड़ लोगों ने देखा आईपीएल का पहला मैच



एजेंसियां

**मुंबई:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में उपभोक्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की है। डिज्नी स्टार की ओर से सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गये पहले आईपीएल मैच को 13 करोड़ दर्शकों ने देखा। टूर्नामेंट के पहले दिन का वॉच टाइम (कुल प्रसारण समय) 8.7 अरब मिनट रहा, जो पिछले साल की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक है। प्रसारक ने पिछले आईपीएल संस्करण की तुलना में टीवी रेटिंग में भी 29 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की। डिज्नी स्टार के खेल प्रमुख संजोग गुप्ता ने कहा, ''हम देश भर के प्रशंसकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। देखने के समय में भारी वृद्धि हमारे अभियान की सफलता का वसीयतनामा है। उन्होंने कहा, यह दुनिया में प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट के रूप में आईपीएल की लोकप्रियता का भी प्रमाण है। हम कहानी कहने की शक्ति, सर्वश्रेष्ठ कवरेज और बड़े पैमाने पर अनुकूलन के माध्यम से प्रशंसकों की सेवा करने के अपने प्रयास में बने रहेंगे।''

## रवीना टंडन ने उज्जैन में ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल का किया दर्शन





एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने उज्जैन में प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल का दर्शन किया। रवीना टंडन ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने के लिए उज्जैन पहुंचीं। उनके आने की जानकारी महाकालेश्वर मंदिर समिति को पहले ही लग गई थी। इसी के चलते मंदिर समिति ने रवीना के दर्शन को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे।

रवीना टंडन ने नंदी हॉल में बैठकर ध्यान भी लगाया। रवीना ने गर्भग्रह में बाबा महाकाल की पूजा अर्चना कर उनकी आरती की। इस दौरान रवीना टंडन बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं जिन्होंने अपने सिर पर तिलक भी लगवाया था। मस्तक पर तिलक, गले में हार पहने नजर आई रवीना ने सभी के कल्याण की मनोकामना की है। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद रवीना टंडन ने कहा कि नई फिल्म सफल हो यह तो हम चाहते ही हैं, लेकिन आज बाबा महाकाल से कामना किए कि सब खुशहाल रहें। और सभी का भला हो।

### अवधेश मिश्रा की भोजपुरी फिल्म 'एक परिन्दा' की शूटिंग शुरू

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अवधेश मिश्रा की आने वाली भोजपुरी फिल्म ह्यएक परिन्दाह्व की शूटिंग शुरू हो गयी है। म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स ने अपनी नई भोजपुरी फिल्म एक परिन्दा की शूटिंग शुरू कर दी है। इसकी एक तस्वीर निर्माता रत्नाकर कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर डाली है। फिल्म के लेखक और निर्देशन की बागडोर अभिनेता से निर्देशक बने अवधेश मिश्रा पर है।फिल्म की को प्रोड्यूसर निवेदिता कुमार हैं। फिल्म का म्यूजिक अमन श्लोक का है।इस फिल्म में अनिल रस्तोगी और माही श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म को वर्ल्डवाइड चैनल जितेंद्र गुलाटी द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने बताया कि एक परिन्दा में दर्शकों को एक बार फिर से एक साफ सुथरी कहानी देखने को मिलेगी। जिसमें आपको फैमली ड्रामा से लेकर इमोशन का भरपूर डोज देखने को मिलने वाला है। जिसके बारे में जल्द ही खुलासा किया जाएगा। वही अवधेश मिश्रा ने कहा कि एक परिन्दा एक ऐसा सब्जेक्ट जो दर्शकों के जेहन में हमेशा जिंदा रहने वाला है। मैं इस फिल्म लेखक के साथ मे निर्देशन भी कर रहा हूँ। मैं एक बार फिर से अच्छे सब्जेक्ट पर काम कर रहा हूँ जो दर्शकों को पसंद आएगा अभिनेता अनिल रस्तोगी ने कहा कि मुझे इस फिल्म से जुड़कर बहुत ही ज्यादा खुशी हो रही है। क्योंकि इस फिल्म की कहानी मेरे दिल को छू गई।

## रोजमर्रा की सामान्य कहानी नहीं है 'टूथ परी': रेवती

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** जानी मानी अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माता रेवती ने कहा है कि नेटफ्लिक्स की रोमांटिक फैंटेसी थ्रिलर, 'टूथ परीः व्हेन लव बाइट्स' कोई सामान्य रोजमर्रा की नहीं, बल्कि एक नयी कहानी है। वह इस फिल्म में एक अलग तरह की भूमिका निभाती नजर आएंगी। तीन दशक से ज्यादा समय के अपने अनोखे फिल्म कैरियर में रेवती ने कई तरह की चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में अपना हाथ आजमाया और एक कलाकार के रूप में अपनी असली क्षमता का प्रदर्शन किया है। अभिनेत्री इस बार एक ऐसी भूमिका में हाथ आजमाने के लिए तैयार है, जो उन्होंने पहले कभी नहीं की है- एक ऐसा किरदार जो भारत में पॉप कल्चर कैनन के काफी अनछुए पक्ष को छुएगा। अब, अपने बिल्कुल नए अवतार में, रेवती लूना लुका की भूमिका में नजर आएंगी, जो एक हठी विक्का है, जिसने वर्षो तक शीतनिद्रा में रहने के बाद मनुष्यों की दुनिया में खून चूसने वाले पिशाचों के पुनरुत्थान को देखा है। एक पूरी तरह से नई शैली में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, रेवती कहती हैं, ''किसी भी परियोजना के पीछे बहुत सोच-विचार किया जाता है जिसे मैंने लेने के लिए चुना है और 'टूथ परीः व्हेन लव बाइट्स' कोई अपवाद नहीं है । जब मैंने पटकथा सुनी, तो मुझे पता था कि यह एक ऐसी शैली है जिसमें मैंने पहले कभी काम नहीं किया था।



## 61 वर्ष की हुई जया प्रदा

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री जया प्रदा आज 61 वर्ष की हो गयी। जया प्रदा का मूल नाम ललिता रानी है उनका जन्म आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव राजमुंदरी में 03 अप्रेल 1962 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता कृष्णा तेलूगु फिल्मों के वितरक थे। बचपन से ही जयाप्रदा का रूझान नृत्य की ओर था। उनकी मां नीलावनी ने नृत्य के प्रति उनके बढ़ते रूझान को देख लिया और उन्हें नृत्य सीखने के लिए दाखिला दिला दिया। चौदह वर्ष की उम्र में जयाप्रदा को अपने स्कूल में नृत्य कार्यक्रम पेश करने का मौका मिला। जिसे देखकर एक फिल्म निर्देशक उनसे काफी प्रभावित हुए और अपनी फिल्म भूमिकोसम में उनसे नृत्य करने की पेशकश की लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। बाद में अपने माता-पिता के जोर देने पर जयाप्रदा ने फिल्म में नृत्य करना स्वीकार कर लिया।इस फिल्म के लिए जयाप्रदा को पारश्रमिक के रूप में महज 10 रुपए प्राप्त हुए लेकिन उनके तीन मिनट के नृत्य को देखकर दक्षिण भारत के कई फिल्म निर्माता -निर्देशक काफी प्रभावित हुये और उनसे अपनी फिल्मों में काम करने की पेशकश की जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वर्ष 1976 जयाप्रदा के सिने कैरियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उन्होंने के. बालचंद्रन की अंथुलेनी कथा के. विश्वनाथ की श्री श्री मुभा और वृहत पैमाने पर बनी एक धार्मिक फिल्म सीता कल्याणम में सीता की भूमिका निभाई। इन फिल्मों की



सफलता के बाद जयाप्रदा दक्षिण भारत में अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई।

वर्ष 1977 में जयाप्रदा के सिने कैरियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म आदावी रामाडु प्रदर्शित हुयी। जिसने टिकट खिड़की पर नए कीर्तिमान स्थापित किए। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता एन.टी. रामाराव के साथ काम किया और शोहरत की बुलंदियों पर जा पहुंचीं। वर्ष 1979 में के. विश्वनाथ की श्री श्री मुवा की हिंदी में रिमेक फिल्म सरगम के जरिये जयाप्रदा ने हिंदी फिल्म जगत में भी कदम रखा। इस फिल्म की सफलता के बाद वह रातों रात हिंदी सिनेमा जगत में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई और अपने दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित भी की गई।सरगम की सफलता के बाद जयाप्रदा ने लोक परलोक, टक्कर, टैक्सी ड्राइवर और प्यारा तराना जैसी कई दोयम दर्जे की फिल्मों में काम किया लेकिन इनमें से कोई फिल्म टिकट खिड़की पर सफल नहीं हुयी। इस बीच जयाप्रदा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करना जारी रखा। वर्ष 1982 में के. विश्वनाथ ने जयाप्रदा को अपनी फिल्म कामचोर के जरिये दूसरी बार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लांच किया।

## प्रदेश >> अपडेट

### सड़क हादसा में दो की मौत

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिले के ददाहू तहसील के पनियाली क्षेत्र में बीती शाम एक पिकअप ट्रक पलट गया जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### तीन मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर** : कश्मीर पुलिस ने सोमवार को बारामूला जिले में तीन मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंस (पीआईटी एनडीपीएस) अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया और प्रतिबंधित पदार्थों के साथ दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि समाज को मादक पदार्थों के खतरे से मुक्त करने के लिए बारामूला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। मादक पदार्थ तस्करों की पहचान जनवरपोरा सोपोर निवासी सगीर अहमद मीर उर्फ साटा, दुर्हामा वागूरा के बिलाल अहमद भट उर्फ बिलाल और सदा मोहल्ला पट्टन निवासी मंजूर अहमद सदा उर्फ मंजूर ऑटो के रूप में हुई है। तीनों मादक पदार्थ तस्करों को हिरासत में लेने के बाद उन्हें जम्मू की केंद्रीय जेल कोट-बलवाल में रखा गया है।

### शिवराज ने बरगद,और जामुन के पौधे लगाए

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां शयामला स्थित उद्यान में बरगद, आम और जामुन के पौधे लगाए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस पौध-रोपण में सम्मिलित हुईं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भारत में पहली बार ठंडी छत नीति 20023-28 तेलंगाना में शुरू

**हैदराबाद** : तेलंगाना सरकार ने राज्य में वर्ष 2028 तक कम से कम 300 वर्ग किलोमीटर ठंडी छत (कूल रूफ) क्षेत्र हासिल करने का लक्ष्य रखते हुए सोमवार को भारत की सबसे बड़ी कूल रूफ नीति 2023-28 शुरू की। सूचना तकनीकी और उद्योग मंत्री के राम राव राव (केटीआर) ने यहां नीति शुरू करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह नीति तेलंगाना को तापीय रूप से आरामदायक और गर्मी के अनुकूल राज्य बनाने की परिकल्पना को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि इस नीति से पारंपरिक छतों वाले घरों की तुलना में इस नीति से घरों के ज्यादा ठंडा होने की उम्मीद है। यह कमरे के अन्दर के तापमान को दो से चार डिग्री सेल्सियस कम रखने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि ठंडी छतों को सीमित रखरखाव की आवशयकता के चलते इससे लागत कम होगी और घर में ऊर्जा लागत में 20 प्रतिशत की बचत हो सकेगी। पहले वर्ष 2023-24 में, हमने जीएचएमसी सीमा में पाँच वर्ग किलोमीटर सहित 7.5 वर्ग किलोमीटर को अपनाने का लक्ष्य रखा है।

### पंजाब में जीप दुर्घटनाग्रस्त ,11 अध्यापक घायल

**जलालाबाद** : पंजाब में जलालाबाद के खेमकरण हल्का में सोमवार सुबह अलग-अलग स्कूलों के अध्यापकों की जीप के रास्ते में गिरे पेड़ से टकराने की दुर्घटना में 11 अध्यापक घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना सुबह पांच बजे जलालाबाद-फिरोजपुर रोड पर वल्टोवा इलाके में गांव पीर मोहम्मद के पास हुई जब पर ड्यूटी जा रहे अध्यापकों की जीप आंधी-तूफान के कारण गिरे पेड़ से टकरा गई।

---

**सम्मेलन** हिमंत बिस्वा सरमा ने केजरीवाल को डरपोक बताया

# दिल्ली के सीएम के चाय के निमंत्रण पर भड़के असम के सीएम

- विधानसभा के अंदर बोलता रहता है
- औरंगजेब को असम ने अतिथि नहीं माना
- डेढ़ लाख को नौकरी दी और 12 लाख का दावा

राष्ट्रीय खबर



**गुवाहाटी** : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चाय पीने के निमंत्रण पर भी असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने निशाना साधा है। गुवाहाटी में केजरीवाल की जनसभा और प्रेस से बात चीत के दौरान चाय पीने के निमंत्रण पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सरमा ने बाद में रात में एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल पर पलटवार किया और उन पर कायर होने का आरोप लगाया। सरमा ने आतिथ्य की कमी के बारे में केजरीवाल के उपहास का भी जवाब दिया, हम मेहमाननवाज हैं लेकिन जब (मुगल सम्राट) औरंगजेब असम आए, (अहोम कमांडर) लचित बरफुकन ने उन्हें अतिथि के रूप में नहीं माना। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ रविवार को गुवाहाटी के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान राज्य भर के पार्टी कार्यकताओं की एक बड़ी सभा को संबोधित किया। अपने असम समकक्ष के खिलाफ खुद को सीधे खड़ा करते हुए, दिल्ली के सीएम ने अपने पार्टी कार्यकताओं से कहा, 2016 में, हिमंत बाबू दोनों की सरकार बनी थी। 2015 में दिल्ली में मेरी सरकार बनी। आज हमने सात साल के भीतर दिल्ली को बदल दिया है। स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़कें - हमने एक शानदार दिल्ली बनाई है। हिमंत बाबू ने सात साल में क्या किया, उन्होंने केवल गंदी राजनीति की है। केजरीवाल की यात्रा से दो दिन पहले, सरमा ने कहा था कि अगर वह असम में रहते हुए सरमा को भ्रष्ट कहते हैं तो वह आप प्रमुख पर मानहानि का मुकदमा करेंगे। केजरीवाल ने कहा, दो दिन से वह मुझे धमकी दे रहा है कि मेरे आने पर मुझे जेल में डाल देगा। क्या मैं कोई आतंकवादी हूं?। असम के लोग बहुत अच्छे हैं और अपने मेहमानों का स्वागत करते हैं। जब उनके पास मेहमान होते हैं, तो वे उन्हें अपने घर ले जाते हैं, और उन्हें चाय और खाना देते हैं। असम के लोग जेल की धमकी नहीं देते हैं। निमंत्रण देते हुए केजरीवाल ने कहा, जब आप (सरमा) दिल्ली आएं, तो कृपया मेरे घर चाय पीने आएं। यदि आपके पास अधिक समय है, तो भोजन के लिए आएं। मैं आपको दिल्ली में हमारे द्वारा बनाए गए महान स्कूलों और अस्पतालों को दिखाने के लिए भी ले जाऊंगा। केजरीवाल की असम यात्रा इस साल के अंत में होने वाले पंचायत चुनाव और अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले हो रही है।

## जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटे में वर्षा के आसार

एजेंसियां

**श्रीनगर** : केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर अगले दो दिन तक हल्की से मध्यम वर्षा होगी। उन्होंने बताया कि इस समय कश्मीर घाटी में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि यहां दिन का तापमान सामान्य से तीन-नौ डिग्री सेल्सियस कम रहने से ठंड बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि यहां एक दिन पहले तेज धूप निकलने के बाद, आज अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सुधार दिखा। मौसम एजेंसी के अनुसार, श्रीनगर में आज न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह 6.7 डिग्री सेल्सियस था, जो मौसम की इस अवधि के दौरान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। श्रीनगर में 17.7 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले अधिकतम तापमान भी सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। इसके अलावा, श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान रविवार को 3.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

## जी-20 की नारी सशक्तीकरण पर दूसरी बैठक तिरुवनंतपुरम में

भारत 2023 INDIA

एजेंसियां

**नयी दिल्ली** : जी -20 की नारी सशक्तीकरण पर दूसरी बैठक केरल के तिरुवनंतपुरम में मंगलवार से आरंभ होगी जिससे '' नारी सशक्तीकरणः समानता एवं अर्थव्यवस्था के लिए एक लाभप्रद स्थिति'' पर मंथन होगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि इस बैठक के समापन सत्र में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई उपस्थित रहेंगे। यह बैठक तीन दिन चलेगी। बैठक के दौरान विभिन्न सत्रों में हुई विषयगत चर्चा एवं विचार-विमर्श जी- 20 नारी सशक्तीकरण में परिलक्षित होंगे और इन्हें सिफारिशों के रूप में जी-20 के नेताओं को सौंपा जाएगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव इंदेवर पांडेय और जी- 20 सचिवालय तथा केंद्र सरकार एवं केरल सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। मंत्रालय ने बताया कि जी-20 पारी सशक्तीकरण प्रारंभिक बैठक 11-12 फरवरी को उत्तर प्रदेश के आगरा में आयोजित की गई थी। दूसरी बैठक 4-6 अप्रैल के दौरान तिरुवनंतपुरम में आयोजित होगी। दूसरी बैठक का विषय '' नारी सशक्तीकरणः समानता एवं अर्थव्यवस्था के लिए एक लाभप्रद स्थिति'' है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में परिवर्तनकारी बदलावों को आगे बढ़ाने की दृष्टि से समावेशी, न्यायसंगत, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख है।

## भाजपा के कई नेता कांग्रेस के संपर्क में : कमलनाथ



एजेंसियां

**भोपाल** : मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने आज दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के कई नेता उनके संपर्क में हैं, किंतु कांग्रेस का फोकस जमीन और लोगों से जुड़े जनाधार वाले नेताओं पर है। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश के हर जिले से भाजपा के लोग कांग्रेस के संपर्क में हैं, परंतु कांग्रेस का फोकस जमीन और लोगों से जुड़े हुए जनाधार वाले नेताओं पर है, जनता से जुड़े नेता कभी छिपकर नहीं मिलते, वे खुले तौर पर मुलाकात करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले हर प्रकार के सर्वे में भाजपा और उसके विधायकों का बुरा हाल है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि जनता को गुमराह करने और अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा 'कांग्रेस फाइल्स' जैसे हथकंडे अपना रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में चुनाव में अब लगभग 6 महीने ही बचे हैं, अब भाजपा हर तरह के नाटक करेगी, परंतु जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं। छिंदवाड़ा के संदर्भ में उन्होंने दावा किया कि उन्हें उस क्षेत्र के लिए किसी विशेष रणनीति की आवशयकता नहीं है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारियों की बैठक के बारे में कमलनाथ ने कहा कि वे सभी जिलों से आए नेताओं को ध्यानपूर्वक सुनेंगे और उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों के मुताबिक कार्य करेंगे।

## मुरलीधर को देना होगा अदालत में जवाब : दिग्विजय



एजेंसियां

**भोपाल** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव के एक कथित बयान को लेकर उन्हें चेतावनी दी है कि अब उन्हें अदालत में जवाब देना होगा। सिंह ने आज अपने सिलसिलेवार ट्वीट में एक वीडियो पोस्ट करते हुए राव को संबोधित करते हुए कहा कि आपने मुझ पर जो आरोप लगाये हैं, आप को अदालत में जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि मुरलीधर राव क्या भोपाल भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष ध्रुव सक्सेना को जानते हैं? क्या वे सतना के बजरंग दल के अध्यक्ष बलराम सिंह को जानते हैं? क्या बलराम सिंह के मित्र राजीव तिवारी को भी जानते हैं? इन सभी व इनके 14 और साथियों को मध्यप्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने पाकिस्तान की एजेंसी के लिए जासूसी करते हुए पकड़ा था। आज वे सभी देशद्रोही जमानत पर हैं और पाकिस्तान से कमाए काले धन से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सेवा कर रहे हैं। सिंह ने एक वीडियो ट्वीट किया है जिसमें राव ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि सिंह पाकिस्तान और उग्रवादियों के दोस्त बन गए हैं।

**डिग्री विवाद** उद्धव ठाकरे ने कहा भाजपा के साथ थे लेकिन उसके बाद भी मजबूत

# मोदी की डिग्री के बहाने नया सवाल खड़ा किया

राष्ट्रीय खबर



**मुंबई** : गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पीएम मोदी की डिग्रियों का ब्योरा मांगने पर 25,000 रुपये का जुमार्ना लगाने के एक दिन बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कॉलेज डिग्री विवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ऐसे कई युवा हैं जिनके पास डिग्री है लेकिन नौकरी नहीं है। जब पीएम को डिग्री दिखाने के लिए कहा जाता है, तो जुमार्ना 25,000 रुपये है। यह कौन सा कॉलेज है जो इस बात पर गर्व महसूस नहीं करता है कि उनका कॉलेज कहां है? प्रधान मंत्री ने क्या वाकई अध्ययन किया? उच्च न्यायालय ने केजरीवाल से कहा था कि उन्होंने जो जानकारी मांगी है वह प्रधानमंत्री की भूमिका के लिए प्रासंगिक नहीं है। इसने कहा कि पीएम मोदी की शैक्षिक योग्यता का विवरण पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में है। इसके बाद महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का यह बयान सामने आया है। श्री ठाकरे ने अपने पूर्व सहयोगी भाजपा पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने केवल मुख्यमंत्री बनने के लिए वैचारिक रूप से अलग कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन किया। ठाकरे ने कहा, हां, हम सत्ता के लिए एक साथ आए थे। लेकिन इसे खोने के बावजूद, हम अभी भी साथ हैं और मजबूत भी हैं। श्री ठाकरे ने भाजपा पर लोगों का ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया जब भी वे अवसर देखते हैं। जब भी चुनाव होता है, वे लोगों का ध्रुवीकरण करते हैं। एक महान हिंदू प्रधान मंत्री होने के बावजूद यह हिंदू जन आक्रोश है। अभी भी वे आक्रोश सभा कर रहे हैं। उनकी महानता किस काम की। अपने बयान से उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि कभी वैचारिक तौर पर अलग होने वाले दलों यानी कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर काम करने के बाद वे अब भी एकसाथ ही है। इस बयान के जरिए उन्होंने कांग्रेस को भी संदेश दिया।

---

## न्यूज फटाफट

### मैनहट्टन ग्रैंड ज्यूरी से आरोपों को खारिज करने के लिए प्रस्ताव लाने को कहा

**वाशिंगटन** : अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक वकील ने रविवार को कहा कि वह एक पोर्न स्टार को गुपचुप तरीके से पैसों के भुगतान मामले में मैनहट्टन ग्रैंड ज्यूरी द्वारा लगाए गए किसी भी आरोप को खारिज करने के लिए एक प्रस्ताव लाये जाने की उम्मीद करते हैं। ट्रम्प के वकील जो टैकोपिना ने एक साक्षात्कार के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''हम अभियोग लेंगे। हम इसका विश्लेषण करेंगे। हमारी टीम हर उस संभावित मुद्दे को देखेगी, जिसे हम चुनौती देने में सक्षम होंगे और हम चुनौती देंगे।'' उन्होंने कहा, ''और निश्चित रूप से, मैं खारिज करने के प्रस्ताव की बहुत उम्मीद करता हूं क्योंकि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो इसके लिए उपयुक्त हो।'' जनवरी 2017 से जनवरी 2021 तक अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर चुके ट्रम्प को पिछले सप्ताह मैनहट्टन ग्रैंड ज्यूरी द्वारा 2016 के चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुपचुप तरीके से पैसे के भुगतान करने की व्यवस्था करने में उनकी कथित भूमिका के लिए आरोपित किया गया था। आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रम्प को कथित तौर पर व्यापार धोखाधड़ी से संबंधित 30 से अधिक मामलों का सामना करना पड़ा, जिन्हे सील के तहत दायर किया गया था। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय ने गुरुवार को अभियोग की पुष्टि की और कहा कि उसने श्री ट्रम्प के वकील से उनके आत्मसमर्पण की व्यवस्था करने के लिए संपर्क किया था। वर्ष 2024 होने वाले चुनाव में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए शुरुआती दौड़ में आगे चल रहे ट्रम्प के सोमवार को न्यूयॉर्क शहर में आने और मंगलवार दोपहर मैनहट्टन में अदालत में पेश होने की उम्मीद है। ट्रम्प (76) ने कोई भी गलत काम करने से इनकार करते हुए आरोप लगाया कि आपराधिक जांच और उनसे संबंधित अन्य सभी मामले राजनीति से प्रेरित हैं।

### वायु सेना ने सीरियाई मानवरहित विमान को मार गिराया

**यरूशलम** : इजरायल की वायु सेना ने सीरिया से इजरायली हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक मानवरहित विमान को मार गिराया है। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार, जैसे ही उन्हें अपने क्षेत्र में विमान के प्रवेश की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल उसका पता लगाने के लिए इजरायली वायु सेना के हेलिकॉप्टर और लड़ाकू जेट भेजे। वायु सेना ने सावधानी बरतते हुए, विमान को चारों ओर से घेर लिया और इसमें किसी के होने की जांच की गयी लेकिन यह पता लगने पर कि यह मानव रहित विमान है, उसे खुले क्षेत्र में मार गिराया गया। बयान में बताया गया कि इजरायली सैनिकों को विमान का मलबा इकट्ठा करने के लिए भेजा गया और घटना की समीक्षा की जा रही है। सीरियाई सरकार के स्वामित्व वाली सना समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना सीरिया के होम्स प्रांत में इजरायल के हवाई हमलों के कई घंटों बाद हुई, जिसमें पांच सैनिक घायल हो गये थे। इस घटना ने इजरायल और सीरिया के बीच चल रहे तनाव को उजागर किया है, जो दशकों से चल रहा है। हाल के वर्षों में, इजरायल ने सीरिया में नियमित रूप से कई हवाई हमले किए हैं।

### रूस के कैफे में विस्फोट ,एक की मौत

**सेंट पीटर्सबर्ग** : रूस के सेंट पीटर्सबर्ग के एक कैफे में रविवार को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 25 अन्य घायल हो गये। गृह मंत्रालय ने बताया कि पुलिस को स्थानीय समयानुसार शाम 18:13 बजे विस्फोट की जानकारी मिली। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 16 अन्य घायल हो गये। घायलों का इलाज जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बाद में टेलीग्राम पर कहा कि विस्फोट में घायलों की संख्या बढ़कर 25 हो गयी है, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। रूस की जांच समिति ने पुष्टि की कि सेंट पीटर्सबर्ग के मध्य में स्थित एक कैफे में एक अज्ञात विस्फोटक उपकरण में विस्फोट हुआ, जिससे प्रमुख रूसी सैन्य ब्लॉगर व्लाडलेन तातारस्की की मौत हो गई। समिति ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तातारस्की, जिनका वास्तविक नाम मैक्सिम फोमिन था, ने अपने टेलीग्राम चैनल पर डोनबास में घटनाओं को कवर किया था। समाचार एजेंसी तास ने बताया कि उन्होंने यूक्रेन में रूसी विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत में जमीनी सैन्य स्थिति का विश्लेषण करने वाले वीडियो पोस्ट करके और सैनिकों को जुटाने की सलाह देकर अपना नाम बनाया। रूसी विदेश मंत्रालय ने तातरस्की के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने जांच से जुड़े एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा कि विस्फोटक उपकरण तातारस्की के प्रशंसकों की एक बैठक में एक युवती द्वारा ब्लॉगर को उपहार के रूप में दी गयी मूर्ति में स्थापित किया गया था।

### अमेरिका में भीषण तूफान से,मृतकों की संख्या बढ़कर 29 हुई

**स्टून** : अमेरिका के मध्य-पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में शुक्रवार से आए भीषण तूफान और बवंडर के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि टेनेसी में, कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें मैकनेरी काउंटी में नौ लोग शामिल है और यहां 70 से अधिक इमारतें खराब मौसम से नष्ट हो गईं। मेम्फिस में एक इमारत पर पेड़ गिर जाने से दो बच्चों सहित तीन लोगों की जाने चली गयी । राज्य के अधिकारियों ने कहा कि इंडियाना और अरकंसास में प्रत्येक में पांच मौतों की सूचना है। इलिनोइस में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक 50 वर्षीय व्यक्ति भी शामिल था, जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। राज्य के क्रॉफर्ड काउंटी में एक आवासीय इमारत के ढहने से तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। अलबामा, मिसिसिपी और डेलावेयर राज्यों में भी मौत की सूचना मिली है। ' यूएसए टुडे 'की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संदिग्ध बवंडर उत्तर में पूर्वी तट पर न्यू जर्सी तक पहुंचा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि खराब मौसम के कारण रविवार को अमेरिका के 10 से अधिक दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में लगभग चार लाख घरों और व्यवसायों में बिजली गुल रही।

## आज का इतिहास

- 1460 : स्विट्जरलैंड में बेसल यूनिवर्सिटी की स्थापना।
- 1716 : उत्तरी जर्मनी के विस्मार पर रुस और प्रशिया की ॉ सेनाओं ने कब्जा किया।
- 1722 : जेकब रोजरविन ने पूर्वी आयरलैंड की खोज की।
- 1818 : अमेरिकी कांग्रेस ने राष्ट्रध्वज में '13 लाल और सफेद स्ट्रिप्स तथा 20 सितारे' शामिल करने को मंजूरी दी।
- 1858 : 'यूज रोज के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना के साथ युद्ध करने के बाद झांसी की रानी लक्ष्मीबाई झांसी से निकलकर काल्पी पहुंची और बाद में ग्वालियर की ओर चली गई।
- 1905 : कांगरा घाटी में आये जबरदस्त भूकंप से लगभग 20000 लोगों की जान गई।
- 1910 : दार्शनिक श्री अरबिंदो घोष पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) पहुंचे जहां उन्होंने योग और आध्यात्मिक केन्द्र खोला।
- 1916 : अमेरिकन सीनेट ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लेने को मंजूरी दी।
- 1941 : लीबिया के बेनगाजी शहर पर जर्मनी की सेना ने कब्जा किया।
- 1944 : ब्रिटिश सेना ने इथोपिया के आदिश अबाबा पर कब्जा किया।
- 1949 : उत्तरी अटलांटिक सैन्य संगठन की स्थापना हुई जो शीतयुद्ध के शुरुआती दौर का नतीजा थी।
- 1960 : अफ्रीकी देश सेनेगल ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की।
- 1975 : बिल गेट्स और पॉल एलन के बीच हुए समझौते के फलस्वरूप माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना हुई।

## राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक आज

रांची: चार अप्रैल को प्रस्तावित सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। परिवहन विभाग के अधिकारियों की ओर से पत्र जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है, 18 फरवरी 2021 को राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई थी। सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य बैठकों में लिए गए निर्णय को लागू करने की अनुमति दी जाए।

**रोजगार** टीसीएल के विस्तार परियोजना के ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री कहा

# राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जिस प्रकार आज दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विस्तारीकरण के लिये आधारशिला रखी गई है। मुझे आशा है कि यह कार्य ससमय पूरा होगा, जिससे यहां के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा। इसके लिए नीतियां बने ताकि, अधिक से अधिक उद्योग लगे। सरकार बनने के बाद उद्योग नीति बनी। इस क्रम में कई औद्योगिक घरानों का सहयोग प्राप्त हुआ। टाटा समूह के लोग भी उद्योग नीति की लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित थे। इसका बेहतर परिणाम देखने को मिला है।

उद्योग नीति का ही प्रतिफल है कि आज टीसीआइएल के विस्तारीकरण के लिये भूमि पूजन किया गया। इससे पूर्व भी बोकारो में सीमेंट फैक्ट्री का विस्तारीकरण हुआ था और वहां से उत्पादन भी शुरू हो चुका है। यह बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। श्री सोरेन टीसीआईएल के विस्तारीकरण परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस देश और राज्य के विकास में टाटा समूह की बड़ी भूमिका रही है। सरकार का प्रयास है औद्योगिक घरानों से सम्बंध और मजबूत हो। इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। टाटा कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

जल्द यह राज्य की जनता को समर्पित होगा। पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने के लिए कई कदम सरकार मजबूती के साथ बढ़ाई है। झारखण्ड का पर्यटन कैसे आगे बढ़े इसके लिए भी कई कार्य किए जा रहे हैं।वर्तमान में टीसीएल की क्षमता 0.415 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। टीसीएल के विस्तारीकरण का यह पहला चरण, जिसमें लगभग 2000 करोड़ रुपए का निवेश होगा। यह 0.30 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त क्षमता सुनिश्चित करेगा, जिससे वर्ष 2026 तक करीब 0.715 मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक करने की योजना है।

इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सबिता महतो, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त जमशेदपुर श्रीमती विजया जाधव, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर -सह- मुख्य कार्य पदाधिकारी टी भी नरेंद्रन,चीफ कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी, एमडी टीसीआईएल आरएन मूर्ति एवं अन्य उपस्थित थे।




## जलस्रोतों पर अतिक्रमण मामले में जवाब दाखिल करने के लिए राज्य सरकार ने एचसी से मांगा समय

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर दाखिल विभिन्न जनहित याचिकाओं की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि शपथ पत्र तैयार है लेकिन वह दाखिल नहीं हो सका है। सरकार की ओर से कोर्ट को मौखिक रूप से जल स्त्रोतों एवं जलाशयों से अतिक्रमण हटाने एवं अन्य उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई। खंडपीठ ने राज्य सरकार के मौखिक जवाब पर असंतोष जताते हुए कोर्ट के पूर्व के आदेश के अनुपालन पर शपथ पत्र दाखिल करने का अंतिम मौका दिया। अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने की। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने रांची के जलाशयों एवं जल स्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण हटाने को लेकर अब तक की गई कार्रवाई का पूरा विवरण मांगा था। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि बड़ा तालाब के आसपास अतिक्रमण को हटाने को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं। वही खंडपीठ ने कांके डैम के सौंदर्यीकरण के संबंध में दाखिल हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर नगर विकास विभाग, रांची डीसी और पेयजल स्वच्छता विभाग को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। प्रार्थी खुशबू कटारुका ने रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर जनहित याचिका दाखिल की है, जिसमें कहा गया था रांची शहर के विभिन्न गंदे नाले -नालियों का पानी बड़ा तालाब में गिराया जाता है। जिससे बड़ा तालाब का पानी काफी दूषित है। बड़ा तालाब में जलकुंभियों का अंबार लगा हुआ है इसकी सफाई नहीं की जाती है, कई ट्रक मालिक अपने वाहन को बड़ा तालाब के किनारे लगाते हैं और वहां उसकी धुलाई करते हैं। बड़ा तालाब की जमीन का भी अतिक्रमण किया गया है। वहीं रांची के जल स्त्रोतों यथा कांके डैम, हटिया डैम एवं रुक्का डैम की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने के मामले में भी कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया था।



## 25 लाख का इनामी नक्सली गौतम पासवान समेत बिहार का इनामी नक्सली भी ढेर



▶▶एक-47 और इंसास हथियार बरामद

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** चतरा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 5 बड़े नक्सलियों के मारे जाने की चतरा एसपी ने पुष्टि की है। शुरूआती जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि इस मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली गौतम पासवान के अलावा अजीत उर्फ चार्लीस, पांच लाख के दो इनामी और बिहार का एक इनामी माओवादी भी ढेर हुआ है। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को मुठभेड़ स्थल से एके 47 और इंसास हथियार भी बरामद मिला है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लावालौंग थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। सुरक्षा बलों ने पलामू-चतरा सीमा पर माओवादियों के खिलाफ अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन, जैप, आईआरबी के साथ-साथ पलामू और चतरा के जिला बल को लगाया गया था।वहीं मौके से अब तक दो एके 47, एक इंसास और दो रेगुलर राइफल बरामद किया गया है।

## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने की खारिज

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन मामले में सुनवाई के बाद पिटीशन को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दिया। मामले में प्रार्थी पूजा सिंघल और ईडी की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला 25 मार्च को सुरक्षित रख लिया थाा। डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई के दौरान पूर्व में पूजा सिंघल ने ईडी द्वारा दिए गए दलीलों का विरोध करते हुए खुद भी अपना पक्ष रखा था। पूजा सिंघल समेत उनके पति के सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनके खिलाफ अब 5 अप्रैल को आरोप गठन होना है। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप गठित कर चुकी है। अभी पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर है।



## पुलिस की दबिश के बाद संजय तिवारी ने किया सरेंडर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**मिड डे मील की करोड़ों रुपये की राशि के घोटाले के आरोपी संजय तिवारी ने ईडी कोर्ट के समक्ष सरेंडर कर दिया है। विशेष कोर्ट ने शुक्रवार (31 मार्च) को संजय तिवारी के खिलाफ वारंट जारी किया था। जिसके बाद ईडी उसकी तलाश में थी। वारंट मिलने के बाद एजेंसी संजय तिवारी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने संजय तिवारी को प्रोविजनल बेल दी थी। जिसकी अवधि समाप्त हो गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, संजय तिवारी को 25 मार्च को ही कोर्ट में सरेंडर करना था। लेकिन सरेंडर से बचने के लिए उसने गलत कोविड रिपोर्ट रांची के पीएमएलए कोर्ट को दी। जब ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच की। तो पाया कि इलाज से संबंधित जो जानकारी और कोविड सर्टिफिकेट संजय ने दी थी, वो गलत थी। इसी मौके का फायदा उठाकर संजय तिवारी फरार होने में कामयाब हो गया। गलत कोविड रिपोर्ट को लेकर रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक ने संजय तिवारी खिलाफ बरियातू थाना में एफआईआर किया है।बता दें कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे। इसको लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ ले ली।

## राज्यपाल से मिली बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव आज राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की। मौके पर उन्होंने राज्यपाल को अपने कार्य के निष्पादन में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

## हाईकोर्ट ने सरकार को इको सेंसेटिव जोन में चल रहे औद्योगिक इकाइयों को बंद करने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के इको सेंसेटिव जोन में 10 किलोमीटर की परिधि में औद्योगिक इकाइयों को चलने से रोकने एवं राज्य के 9 क्षेत्रों को इको सेंसेटिव जोन घोषित करने को लेकर उमाशंकर सिंह की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार को निर्देश दिया कि इको सेंसेटिव जोन में संचालित औद्योगिक इकाइयों जिन्हें नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) से अनुमति प्राप्त नहीं है, उनके चलने पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने मामले में केंद्र व राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सोनल तिवारी ने कोर्ट को बताया सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट गोवा फाउंडेशन बनाम केंद्र सरकार में कहा गया है कि किसी भी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी या फॉरेस्ट या नेशनल पार्क के 10 किलोमीटर के रेडियस को इको सेंसेटिव जोन बनाया जाए, वहां कोई माइनिंग कार्य नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ के अनुमति के बगैर नहीं हो सकती है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया की इको सेंसेटिव जोन क्षेत्र में कई जगह पर माइनिंग कार्य हो रहे हैं और औद्योगिक इकाइयां भी चल रही है.15 अक्टूबर 2018 को वन प्रमंडल हजारीबाग पदाधिकारी ने मुख्य वन संरक्षक को एक पत्र लिखकर बताया है कि कोडरमा वन प्राणी क्षेत्र में 37, हजारीबाग वन प्राणी क्षेत्र में 31, गौतम बुद्ध वन्य प्राणी क्षेत्र में एक, पारसनाथ एवं तोपचांची वन्य प्राणी क्षेत्र में 15 औद्योगिक इकाई इको सेंसेटिव जोन में नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ के बगैर अनुमति के चल रहे हैं। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि सरकार ने राज्य के करीब 9 क्षेत्रों को इको सेंसेटिव तो घोषित किया है, लेकिन इसकी परिधि 10 किलोमीटर से कम रखा है। जबकि नियम के तहत किसी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के 10 किलोमीटर के परिधि में इको सेंसेटिव जोन बनाया जाना चाहिए।



**प्रदर्शन** राज्य में पीडीएस दुकानदारों का आर्थिक शोषण

# 7 सूत्री मांगों को लेकर पीडीएस दुकानदार संघ ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड राज्य लक्षित जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ की ओर से सोमवार को राजभवन के समक्ष धरना दिया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू ने की। उन्होंने कहा कि राज्य में पीडीएस दुकानदारों का आर्थिक शोषण के साथ मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। साथ ही विभाग में भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों को लेकर हम यहां धरना दे रहे हैं। साहू ने कहा शोषण के खिलाफ आवाज उठाने पर जांच करने और अनुज्ञप्ति रद्द करने की धमकी दी जाती है।साहू ने कहा कि हमें जो 01 रुपये कमीशन मिलती है, उसमें भी हमसे कमीशन के बदले कमीशन की मांग की जाती है। लॉकडाउन के समय जब कुछ बंद था, तब यही जनवितरण दुकानदार लोगों का पेट भर रहे थे। अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों को राशन उपलब्ध करा रहे थे। उस समय हमें विभाग या किसी संस्था ने एक मास्क भी उपलब्ध नहीं कराया। उलटे हमसे जूट की बोरी मांगी गई। जिसके एवज में हमें प्रति बोरी 23 रुपये देने की बात कही गई थी। लेकिन आज तक हमें बोरी का एक भी पैसा प्राप्त नहीं हुआ है। हम जानना चाहते हैं कि इन बोरियों का पैसा कहां गया, ये पैसा हम राशन दुकानदारों को मिलेगा। इस अनियमितता की सीबीआई जांच होनी चाहिए।संघ के महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने कहा कि आज इस धरना का मकसद सिर्फ दुकानदारों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है। हम चाहते हैं की सरकार हमारी बातों को सुने और समझे। इसलिए हमने सरकार के सामने 7 सूत्री मांगें रखी हैं।इस धरना में सुरेश महतो, शबीबुल रहमान, शंभू प्रसाद, रुत खेस, आशामुनी, बीरेंद्र प्रसाद, आनंद प्रसाद, पंचू साहू, काशी नाथ, घनश्याम सिंह समेत झारखंड राज्य पीडीएस दुकानदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।



